RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द्र सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्षः 4, अंकः 131 | ग्वालियर 22 दिसम्बर रविवार 2024 | पृष्ठः 8+4 मूल्य 2 रुपए

## परशुराम पालकी, सामूहिक विवाह, परिचय सम्मेलन का संकल्प आज लेंगे ब्राह्मण


### कल होगा त्रिदिवसीय अटलजी, महामना जयंती का चेम्बर भवन में शुभारम्भ,

(दैनिक केसरिया हिंदुस्तान)

ग्वालियर- सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा ग्वालियर में तिथि वाले दिन ही त्योहार मनाए जाएं अक्षय तृतीया पर ही भगवान परशुराम पालकी यात्रा सकल हिंदू समाज के साथ निकालने, दहेज एवं फिजूल खर्ची पर अंकुश लगाने निशुल्क ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन करने एवं निशुल्क ब्राह्मण युवक युवती एवं परिवार परिचय सम्मेलन आयोजित करने के संकल्प के सकल ब्राह्मण महासमिति की नवीन कार्य समिति का शपथ ग्रहण समारोह श्री प्रकाश नारायण शर्मा की बिल्डिंग किताब घर के पास, ऊंट पुल पर समाजसेवी ब्रह्मलीन श्री रामप्रकाश शर्मा तिलकधारी सभागार में श्री श्री महंत मनीष विट्ठल अण्णा महाराज जी के मुख्य अतिथि में सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में 22 दिसंबर को दोपहर 2ः00 बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। 23 दिसंबर को दोपहर 2ः00 बजे चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स भवन, ब्रह्मलीन गौरव महाराज बालाजी दरबार सभागार,श्री अचलेश्वर रोड , लश्कर पर सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के 101 जन्माष्टमी एवं भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय जी की 164 वां जयंती के अवसर पर त्रिदिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ स्थान पूजन ,गणेश पूजन के साथ श्रद्धेय श्री अटलजी के परिजनों श्री दीपक बाजपेई ,श्रीमती कांता बाजपेई, पूर्व सांसद पूर्व मंत्री श्री अनूप मिश्रा सहित 27 स्थानीय कवियों का श्रद्धेय श्री अटलजी रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि 95 वर्षीय ब्राह्मण समाज के समाजसेवी , मध्यप्रदेश सनाढ्य ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री जयराम पचौरी जी एवं सभी उपवर्गीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष की के विशेष आतिथ्य में संपन्न होगा। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी श्याम बाबू शर्मा एवं प्रवक्ता गिरिराज गुरुजी ने मीडिया को दी।

## एक नजर...

### भारतीय जनता पार्टी के नगरा मंडल अध्यक्ष सुमन सिंह की नियुक्ति को लेकर पार्टी के ही लोगों ने उठाए सवाल मुख्यमंत्री ओर प्रदेश अध्यक्ष बी ड़ी शर्मा से मुलाकात की



पोरसा से पुष्पेन्द्र तोमर

मुख्यमंत्री जी, ओर प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा जी से मिलकर नगरा मण्डल अध्यक्ष सुमन सिंह को हटाए जाने की मांग की उन्होंने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ओर शिकायतकरता सतेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी को सर्वोपरि मानते हुए मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति मै पार्टी के नियमों की अवहेलना की गई है भारतीय जनता पार्टी के दिशानिर्देशों के अनुसार मंडल अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार उम्र की समय सीमा 35 से 45 वर्ष होनी चाहिए। परंतु हाल ही में बनाए गए नगरा मंडल अध्यक्ष की उम्र दस्तावेजों के अनुसार 51 वर्ष है जो कि प्रमाणित दस्तावेज से स्पष्ट होती है और सुमन सिंह पर जानबूझकर दस्तावेजों मै फेरबदल करके का आरोप है जो पार्टी और निर्वाचन प्रकिया पर सवाल खड़ा करता है भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सतेन्द्र सिंह तोमर ने स्पष्ट जांच कर सुमन सिंह को हटाए जाने की मांग की ओर योग्य उम्मीदवार को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की

### किरण लाइब्रेरी पर अध्ययन कर एस एस सी जी डी मे प्रथम तोमर का हुआ चयन





दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अम्बाह। किरण लाइब्रेरी से एसएससी जी डी मे प्रथम तोमर का सिलेक्शन होने की ?ुशी में सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया जिसमे लाइब्रेरी के संचालक पंकज राठौर ने विद्यार्थी को फूल माला सौंल एवं स्वामीविवेकानंद जी की प्रतिमा देकर स्वागत सम्मान किया जी डी मे चयन छात्र प्रथम तोमर ने संस्था के विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि, ÷हमें निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए सफलता का कोई शॉर्टकट नही है, एक अच्छा छात्र वो है जो अनुशासन का पालन करे। इसके साथ प्रथम तोमर ने अपने गाँव मलूकापुरा ग्राम पंचायत कमतरी का नाम रोशन किया ÷ लाइब्रेरी संचालक पंकज राठौर ने कहा कि ÷संस्था बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में हमेशा कार्यरत रहेगी।÷ इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में किरण लाइब्रेरी संचालक पंकज राठौर, रविन्द्र सर दा हेवन इंस्टिट्यूट, अजय सर कोचिंग क्लासेस संचालक आर एस सर, सुरेंद्र सर, व लाइब्रेरी के समस्त विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

### मुरैना में कांग्रेस पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव का दौरा



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर

पोरसा ङ्कमध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे मुरैना जिले के प्रभारी पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव शुक्रवार को अल्प प्रवास पर मुरैना पहुंचें जहां से पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव अंबाह विधानसभा क्षेत्र के किरायच गांव में स्तिथ शहीद स्थल पर पहुंचे जहां शहीद को माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया जिसके बाद वह कांग्रेस कार्यकर्ता जिला महामंत्री मोनू तोमर के निवास पर पहुंचे जहां कॉन्ग्रेस नेता मोनू तोमर ने पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव सहित कांग्रेस सह प्रभारी राहुल शर्मा, जिला अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, संगठन मंत्री सुभाष सिकरवार, पूर्व विधायक रविंद्र सिंह भिडोसा, राजेंद्र यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष रामू तोमर सहित अन्य वरिष्ठ नेतागढ़ कार्यकर्ताओं का मोनू तोमर के द्वारा सोल,श्रीफल, फूल माला से भव्य स्वागत किया गया।

### 10 दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास एकल अभियान




दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अम्बाह। एकल अभियान अंचल मुरैना संच दिमनी, अंबाह, पोरसा, गोहद, मेहगांव, भिंड 10 दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में श्री राघवेंद्र सिंह तोमर संच समिति अध्यक्ष, डॉ श्री राकेश सिंह तोमर संच समिति सरंक्षक, श्री रामनरेश सिंह परमार मण्डल अध्यक्ष भाजपा, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर संच प्राथमिक शिक्षा प्रभारी, श्री राकेश सिंह तोमर समाज सेवी , श्री जितेंद्र सिंह सोनी श्री अपनेश सिंह तोमर सेववृति कार्यकर्ताओं श्रीमती ममता नरवरिया अंचल प्रशिक्षण प्रमुख श्री पवन सिंह तोमर अंचल शारीरिक प्रमुख, अवधेश बघेल अंचल कार्यालय प्रमुख, भावना सिकरवार संच प्रमुख दिमनी , सोनी तोमर संच प्रमुख अंबाह , प्रियंका तोमर संच प्रमुख पोरसा ,देवसिंह संच प्रमुख गोहद , रानी ओझा संच प्रमुख भिंड एवं 6 संच के 50 आचार्यगण उपस्थित रहे

## अशोकनगर इंजीनियर विवेकानंद धाकड़ ने भाजपा के विकास कार्यों में लगाई सेंध




दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

अशोकनगर जिला पंचायत में बैठे आला अधिकारियों की मिली जुली भगत से ग्राम पंचायत सेमरा हाट में सरपंच सचिव और रोजगार सहायक से मिलकर इंजीनियर विवेकानंद धाकड़ ने फर्जी मूल्यांकन करके शासन की राशि का फर्जी तरीके से आहरण किया है ग्राम पंचायत में तालाब निर्माण पोखर निर्माण कूप निर्माण आदि अन्य ऐसे कार्य है जो मौके पर हुए ही नहीं है और कुछ कार्यों की खाना पूर्ति करके ऐसे ही छोड़ दिया गया है और जिनका फर्जी मूल्यांकन करके इंजीनियर विवेकानंद धाकड़ सरपंच सचिव और रोजगार सहायक ने मिलकर भ्रष्टाचार किया है जिला पंचायत में बैठी नेहा जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभी तक चुप्पी साधे हुए है अब आगे देखना होगा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी भ्रष्टाचार करने वालों के ऊपर कोई कारवाही करती है या फिर जांच के नाम पर खाना पूर्ति करती है

## भाजपा युवा नेता लाखन राठौर के द्वारा किया गया नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह परमार का स्वागत

अशोक सोनी -/- देनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101



ग्वालियर-/- भारतीय जनता पार्टी ने ग्वालियर शहरी क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई इसी के तहत भाजपा युवा नेता लाखन राठौर के द्वारा कोटेश्वर मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद सिंह परमार का उनके निज निवास पर पहुंचकर उनका स्वागत वंदन किया गया लाखन सिंह राठौर के द्वारा बताया गया कि कोटेश्वर मंडल के कर्मठ, जुझारू, संघर्षशील एवं समाज की सेवा में समर्पित बड़े भैया प्रमोद सिंह परमार को कोटेश्वर मंडल का अध्यक्ष बनाये जाने पर मेरे एवं सभी साथियों के द्वारा नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह परमार को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई

## केन्द्रीय जेल में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने बंदियों को सिखाया योग और ध्यान




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर केन्द्रीय कारागार में बंदियों के लिये विभिन्न प्रकार के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस क्रम में शनिवार को आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षकों द्वारा बंदियों को सूक्ष्म व्यायाम कराए गए। साथ ही ध्यान भी कराया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बंदियों ने शारीरिक स्फूर्ति के साथ -साथ मानसिक शांति का अनुभव भी किया। केन्द्रीय जेल ग्वालियर के अधीक्षक श्री विदित सिरवैया ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की शिक्षकगण सुश्री आराधना दुबे व श्री अभिसार वर्मा एवं योग प्रशिक्षक श्री संदीप द्वारा बंदियों को योग और ध्यान कराया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय जेल के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिबस पर होगा तीन दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### एम्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा किया जाएगा स्वास्थ परिक्षण -/- भारत सिंह कुशवाहा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान 9009601101



ग्वालियर- भारत रत्न, स्व. श्री अटल विहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से दिनांक 25, 26, एवं 27 दिसम्बर 2024 समय प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संथान परिसर रेसकोर्स रोड़ ग्वालियर में किया जावेगा।

प्रेस वार्ता के माध्यम से ग्वालियर सांसद भरत सिंह कुशवाहा के द्वारा पत्रकारों को बताया गया कि इस स्वास्थ शिविर में मध्यप्रदेश के जिला ग्वालियर, शिवपुरी, मुरैना, भिण्ड, दतिया, गुना, अशोकनगर, श्योपुर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवादी उत्तर प्रदेश के जिला झांसी, इटावा, जालौन, आगरा, फिरोजाबाद एवं राजस्थान के जिला धौलपुर, करौली एवं भरतपुर कुल मिलाकर 19 जिलो के दूरस्थ ग्रामों से लगभग 40000 हजार मरीजो के आने की संभावना है। शिविर में ग्रामीणों के उपचार, दवाई, जाँच एवं ऑपरेशन आदि की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जावेगी। स्वास्थ्य शिविर में आने वाले सभी मरीजों एवं अटेण्डरों के लिये स्वल्पहार, पानी एवं रूकने की पर्याप्त व्यवस्था भी की जावेगी।

जिन मरीजो के कैंप के उपरांत ईलाज, जांच, ऑपरेशन अथवा पोस्ट ऑपरेटिव केयर आदि के लिये उन्हें एम्स भोपाल आईडी रजिस्ट्रेशन नम्बर उपचार पत्र (ट्रीटमेंट चार्ट) पर दिया जाकर ,ढ्ढढ्ढस्नस्न भोपाल में उपचार हेतु आमंत्रित किया जावेगा। एम्स भोपाल में उपचार के दौरान उन्हें पृथक से रजिस्ट्रेशन कराने की कोई आवश्यकता नहीं होगी।

स्वास्थ्य शिविर में भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के लगभग 170 चिकित्सक एवं पेरामेडीकल स्टाफ का दल 25 26 एवं 27 दिसम्बर 2024 को उपस्थित रहकर 22 विधाओं के मरीजों का उपचार करेगें। शिविर में आनेवाले प्रत्येक मरीज का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया जावेगा। रजिस्ट्रेशन के समय ही रजिस्ट्रेशन कार्ड पर काउंटर नम्बर अंकित किया जावेगा, तदुपरांत संबंधित मरीज को उपचार हेतु संबंधित काउंटर पर उपस्थित होना होगा। मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ही निःशुल्क स्वल्पहार/भोजन का कूपन उपलब्ध कराया जावेगा।

जिला प्रशासन द्वारा मरीज एवं उसके साथ एक अटेण्डर के रूकने की व्यवस्था की गई है। कैंप स्थल लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संथान परिसर रेसकोर्स रोड़ ग्वालियर परिसर में अन्य अटेण्डरों के लिये सशुल्क स्वल्पहार भोजन कैंटीन की व्यवस्था भी की गई है।

कैंप स्थल पर आने वाले मरीजों को संस्थान के गेट नम्बर 1 से प्रवेश दिया जावेगा। चलने में असमर्थ मरीजों के लिये ई-कार्ड एवं ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। सभी मरीजों एवं अटेण्डरों के दो पहिया एंव चार पहिया वाहन की पार्किंग की व्यवस्था कृषि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रांगण, मेला पार्किंगों में की गई है।

## भितरवार नगर में 120वें युवक युवती परिचय अग्रवाल सम्मेलन में भाजपा विधायक श्री राठौर हुए समलित



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी**

युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं परिचय पत्रिका विमोचन कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा विधायक एवं जनसेवक श्री मोहन उल्फत सिंह राठौर ,विधायक सेवढ़ा श्री प्रदीप अग्रवाल , चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. श्री प्रवीण अग्रवा, अग्रवाल परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष राजेश ऐरन , सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। *कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद परिचय पत्रिका का विमोचन किया गया और *श्री राठौर * ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों में ,नरेंद्र रावत (मंडल अध्यक्ष), नारायण जाटव (जनपद अध्यक्ष), जगमोहन प्रजापति (जनपद उपाध्यक्ष), धर्मेंद्र चौधरी , , रमेश प्रजापति लेखराज यादव, परशुराम पवैया सम्मलित रहें।

## जन कल्याण पर्व अंतर्गत विद्यालयों में करियर काउंसलिंग शिविर का सफल आयोजन'



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर- समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्ड्री एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जन कल्याण पर्व अंतर्गत उत्कृष्ट घाटीगांव और सी एम राइज स्कूल मोहना में जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार के मार्गदर्शन में करियर काउंसलिंग शिविरों का गरिमामयी आयोजन किया गया । जिसमें विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग की गई। करियर काउंसलर श्याम किशोर शर्मा एवं श्रीमती निधि शर्मा ने करियर योजना, कौशल आधारित रोजगार के महत्व, उच्च शिक्षा के विकल्प, विदेश में पढ़ाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, छात्र उद्यमिता के बारे में संवाद, उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्प, स्थानीय रोजगार के अवसर, प्रजेन्टेशन एवं ब्रोशर के माध्यम से सत्र को संवेदात्मक और रोचक एवं विद्यार्थियों के विचार को महत्व देते हुए उनके करियर से संबंधित प्रश्नों का समाधान कर मार्गदर्शन प्रदान किया । श्याम किशोर शर्मा ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया । मॉनिटरिंग सेल में अशोक कुमार दीक्षित ( नोडल अधिकारी) राजेश कुमार श्रीवास्तव संभागीय व्यावसायिक समन्वयक, डॉ. दीप्ति गौड़ ( मनोविशेषज्ञ काउंसलर ) उपस्थित रहे । कार्यक्रम में प्राचार्य जी के श्रीवास्तव, हेमंत मेहुरिया विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना से निशांत गुप्ता, जितेंद्र सिंह चौहान , साधना पुरोहित, श्वेता सक्सेना सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

अटलजी की जयंती पर मानव श्रृंखला बनाकर ग्वालियर रचेगा इतिहास

## बैठकों तथा डोर टू डोर संपर्क का अभियान तेज, प्रमुख 29 चौराहो पर मानव श्रंखला के साथ प्रारंभ होगा स्वच्छ ग्वालियर अभियान




**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर, आगामी 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न, ग्वालियर के सपूत अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर ग्वालियर के प्रमुख 29 चौराहों पर मानव श्रंखला के साथ स्वच्छ ग्वालियर अभियान प्रारंभ होने जा रहा है। अभियान का उद्देश ग्वालियर को स्वच्छ बनाने के लिए जन जागरूकता करते हुए ग्वालियर को स्वच्छता हेतु समस्या से समाधान की ओर बढ़ाने का है। इस मानव श्रंखला को लेकर ग्वालियरवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। बैठकों, डोर टू डोर व्यक्तिगत संपर्क एवं समूह चर्चाओं के माध्यम से मानव श्रंखला में अधिकाधिक भागीदारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।यह मानव श्रृंखला ग्वालियर में रिकॉर्ड बनाएगी तथा सम्पूर्ण ग्वालियर शहर को साफ स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने के लिए जनसामान्य को जागरूक करेगी। तमाम स्थानीय संगठन इस अभियान से जुड़ रहे हैं। 29 चौराहों पर मानव श्रंखला बनवाने के लिए संस्थाओं, संगठनों की नाम दर्ज जिम्मेदारी तय की गई। मानव श्रंखला 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे बनाई जायेगी। जिसके लिए पूर्व में विभिन्न संस्थाओं, संगठनों द्वारा जनमानस से मानव श्रंखला में भाग लेने का आग्रह भी किया जा रहा है। क्योंकि स्वच्छता का विषय किसी व्यक्ति, संस्था या संगठन का नहीं बल्कि समाज का है। मानव श्रंखला के दौरान लोग तख्ती, बैनर, नारे, सहित विभिन्न माध्यम से ग्वालियर के जनमानस में स्वच्छता की अलख जगाएंगे। मानव श्रंखला के उपरांत ÷स्वच्छ ग्वालियर अभियान÷ निरंतर जारी रहेगा।

# खुलेआम दबंगई,नकाबपोश युवकों ने किराना व्यवसाई भाइयों को घेरकर पीटा

### मोटरसाइकिल भिड़ने से हुआ विवाद,पीड़ित अग्रवाल समाज के युवकों ने पुलिस को दिया आवेदन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी**

**भितरवार** --- नगर में बीते रोज कुछ नकाबपोश युवकों ने बेखौफ होकर किराना व्यवसाई दो भाइयों को मारपीट कर दी। खुलेआम दबंगई दिखाते हुए घेर कर पटक - पटककर पीटे गए अग्रवाल समाज के दोनों युवकों को किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की। मारपीट का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है। मारपीट से पीड़ित युवकों की शिकायत पर पुलिस ने दबंगई दिखाने वाले युवकों की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 2 मेन रोड़ पर किराने की दुकान संचालित करने




वाले सुशील अग्रवाल,अरुण अग्रवाल पुत्र महेंद्र अग्रवाल बीते रोज शुक्रवार को सुबह ब्रेड बेचने के लिए जा रहे थे। तभी इनकी मोटरसाइकिल सामने से आ रहे विकास रावत निवासी ग्राम काली पहाड़ी की मोटरसाइकिल भीड़ गई। जिस पर इन दोनों किराना व्यवसाई भाइयों का विकास रावत से विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से खूब गाली गलौच हुई। इसके बाद विकास रावत इन किराना व्यवसाई दोनों भाइयों की दुकान पर पहुंचा। जहां दोनो पक्षों में हाथापाई हो गई। देख लेने की धमकी देकर गए विकास रावत ने दोपहर साढे तीन बजे के आसपास अपने साथियों के साथ ब्रेड बेचने जा रहे इन किराना व्यवसाई दोनों भाइयों को कमला स्कूल रोड़ पर घेर लिया। दो मोटरसाइकिलों पर मुंह बांधकर आए विकास और उनके साथियों ने अग्रवाल समाज के दोनों युवकों को पटक पटककर जमकर पीटा। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वहीं मारपीट के शिकार इन किराना व्यवसाई भाइयों ने शनिवार को पुलिस थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने एक आवेदन दिया है। जिस पर पुलिस ने खुलेआम दबंगई दिखाने वाले युवकों की खोजबीन शुरू कर दी है।

## वरिष्ठ प्राध्यापक इंदरसिंह पंवार प्रभारी प्राचार्य नियुक्त

**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**



सनावद-शासकीय महाविद्यालय सनावद के वरिष्ठ प्राध्यापक इंदरसिंह पंवार ने महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर पंवार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महाविद्यालय में शैक्षणिक सुविधाओं में वृद्धि के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजनों हेतु विशेष प्रयास किए जाएंगे।उल्लेखनीय है कि शासन के आदेशानुसार पूर्व प्राचार्य डॉ. केआर कुमेकर को प्रतिनियुक्ति पर नीलकंठेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा स्थानांतरित किया गया है। नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्यका प्राध्यापक डॉ.नीरज करारी,सुखदेव मुकाती, बिल्लोरसिंह सेनानी, दीपकसिंह परिहार एवं विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## घरेलू कामकाजी महिलाओं को शीत ऋतु से बचाव हेतु कंबल वितरण किये-जैन



**आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सनावद-लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के एरिया लीडर कुलभूषण मित्तल के मार्गदर्शन में लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा घरेलू कामकाजी महिलाओं को शीत ऋतु से बचाव हेतु कंबल वितरण किया गया। क्लब की डिस्ट्रिक्ट जीईटी कोऑर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन,वैशाली बाफना और चिंटू बिरला ने लगभग 50 कामकाजी महिलाओं को कंबल प्रदान किए। कंबल पाकर महिलाओं ने जैन का आभार व्यक्त किया और कहा कि कंबल से शीत ऋतु में काफी राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि क्लब ने पूरे डिस्ट्रिक्ट में 11 हजार कंबल वितरित करने का लक्ष्य पूर्ण किया है।

## लूट लो का सिला सिला है जारी उपार्जन केन्द्र मसमासी वा बड़ा इटमा मे किसानों का एक धुन में बज रहा बाजा।

**सूरज सनाढ्य**
**हिंदुस्तान केसरिया**




मैहर/ रामनगर- रामनगर क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति उपार्जन केन्द्र मसमासी वा सेवा सहकारी समिति उपार्जन केन्द्र बड़ा इटमा में समिति प्रबंधक कुंज बिहारी पटेल के भाई भीम पटेल वा राकेश पाण्डेय उर्फ राजा गुरु किसानों की खरीदी में बजा रहे बाजा लूट लो का सिल सिला है जारी। अव्यवस्थाओं के साथ किसानों से खुल के चलता है प्रति क्विंटल पर हरे कागजी गुलाबों का दम पर आम शासन द्वारा निर्धारित गाइड लाइन इन उपार्जन केन्द्र पर नियमों से है परे। प्रबंधक उसके भाई पूत किसानों के साथ कालनेमी रूप पर है। जुम्मेवार का निरीक्षण बना खाना पूर्ति राजा और लाला किसानों को लल्लू पंजू की बता रहे गिनती। गेटपास सर्वेयर की चेकिंग पर किसानों की फसल का सेम्बल समिति प्रबंधक की तौलाई पर उपस्थिति सिलाई भण्डारण तक किसान की बेची हुई फसल का गुटका बधाई के रूप तक है कमी हरे गुलाबो का है आवक रूप में उजागर। महर्षि मार्कण्डेय बेयर हाउस गिरगौती वा मार्कण्डेय वेयर हाउस टेगना किसानों की एक धुन में बजा रहे बाजा।

# पूर्व विधायक श्री दिलीप सिंह शेखावत ने उठाया मुदा ग्रीनफील्ड-वे फोरलेन रोड पर कंचनखेड़ी के साथ चौकी जुर्नादा में भी कनेक्टिविटी दे

**किलोडीया से विनोद गुर्जर की रिपोर्ट**



नागदा 7 उज्जैन-जावरा तक ग्रीनफील्ड-वे फोरलेन सड़क में नागदा-खाचरौद के ग्राम कंचनखेड़ी पर कनेक्टिविटी दी जा रही है। इस ग्रीनफील्ड-वे की कंचनखेड़ी से कनेक्टिविटी से खाचरौद के आसपास के ग्रामीणों और किसानों का फोरलेन से सीधा संपर्क हो जाएगा। साथ ही खाचरौद मटरफली का एक प्रमुख केंद्र होने से सैकड़ों ट्रक खाचरौद शहर को पार कर कंचनखेड़ी ग्रीनफील्ड-वे फोरलेन से दिल्ली-मुंबई की ओर जाएंगे। चूंकि कंचनखेड़ी से खाचरौद आने के लिए कोई बायपास रोड नहीं है, इससे खाचरौद की यातायात व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव होगा क्योंकि खाचरौद के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से मटरफली खाचरौद मंडी में आती है। यहां से ट्रकों द्वारा शहर के मध्य से होकर कंचनखेड़ी कनेक्टिविटी जाना पड़ेगा। इसलिए कंचनखेड़ी के साथ एक और ग्रीनफील्ड वे की कनेक्टिविटी ग्राम चौकी जुर्नादा में देना जरूरी है। इससे नागदा-खाचरौद के साथ बड़नगर, बदनावर और धार की ओर से आने वाले वाहनो को चौकी कनेक्टिविटी से सीधी मुंबई-दिल्ली 8 लेन की कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इसे लेकर पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद अनिल फिरोजिया को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया आगामी समय में सिंहस्थ होने से भीड़ का दबाव कंचनखेड़ी ग्रीन फील्ड वे पर अधिक होगा, इससे यातायात व्यवस्था में परेशानी होने की संभावना बनी रहेगी। ग्राम चौकी में ग्रीन फील्ड वे बन जाने से नागदा और खाचरौद तहसील के किसानों को अपनी मटरफली, हरी सब्जियां व अन्य फसलों को सीधे दिल्ली-मुंबई 8 लेन तक ले जाने में आसानी होगी। इससे क्षेत्र का किसान समृद्ध होगा। ग्राम चौकी नागदा और खाचरौद तहसील के मध्य में होने से पूरी विधानसभा के नागरिकों को यातायात की दृष्टि से सुलभता होगी।

## एस डी ओ ने किया चापाखेड़ा से डोडिया रोड़ का अवलोकन

**गोविन्द नायमा केसरिया हिंदुस्तान**

बीते कई दिनों से चापाखेड़ा से डोडिया रोड़ पर पसरे कीचड़ से ग्रामीण व स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्राएं काफी परेशान हो रहे हैं ओर विभिन्न समाचार पत्रों में भी जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करने हेतु समाचार भी प्रकाशित किए गए लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते समस्या दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है जब इस विषय में ग्रामीणों द्वारा सरपंच प्रतिनिधि संतोष नावटिया को अवगत कराया तो उन्होंने तुरंत ही पी डब्ल्यू डी विभाग के एस डी ओ अजय बर्मन को मौका मुआवना करने के लिए आग्रह किया और एस डी ओ ने तुरन्त ही मौके पर पहुंच कर सड़क का अवलोकन किया व उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इसे ठीक करवाते हैं

## स्कूल भवन जर्जरः बच्चों की सुरक्षा खतरे में, कई जगह से टपक रहा पानी, दीवारों से गिर रहा प्लास्टर

### स्कूल के मैदान में हो रही पढ़ाई, नहीं सुनी किसी ने गुहार समाज सेवी उमेश पटेल ने प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रिपोर्ट रीवा दीपक सिंह पटेल।**

रीवा जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड गंगेव में स्थित ग्राम पंचायत रघुनाथगंज टिकुरा प्राथमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कक्षाओं की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब बच्चों को विद्यालय परिसर के ग्राउंड में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कक्षाओं की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब बच्चों को विद्यालय ग्राउंड में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है।

**जर्जर भवन में पढ़ाई, हादसे का डर**-विद्यालय में 75 बच्चे पंजीकृत हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षित वातावरण में शिक्षा नहीं मिल पा रही है। बरसात में कक्षाओं में पानी टपकने से पढ़ाई बाधित हो रही थी, वहीं कक्षाओं की दीवारों से प्लास्टर गिर रहा है और सीलन का प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है। विद्यालय की कक्षाएं इतनी जर्जर हो चुकी हैं कि बच्चों को वहां बैठाना सुरक्षित नहीं है। इस स्थिति में यदि समय पर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी बड़े हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

**बुनियादी सुविधाओं का अभाव**-विद्यालय में न केवल भवन की स्थिति खराब है, बल्कि अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी कमी है। विद्यालय में लगा समरसेबल कई महीनों से खराब पड़ा है, जिससे शौचालय, रसोईघर और पीने के पानी की सुविधा बाधित हो रही हैं। इस वजह से बच्चों और स्टाफ को पीने के पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहाहै।

**प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं**-प्रधानाध्यापक मिथिलेश किरसान ने विद्यालय की समस्याओं को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी से लेकर जिला कलेक्टर तक शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अलावा, प्रधानाध्यापक ने इस समस्या से खंड शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को भी अवगत कराया है

# उद्योगपति नरसी कुलरिया के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**9009601101**

ग्वालियर - देश के सुविख्यात उद्योगपति परम् सम्माननीय भामाशाह श्री नरसी कुलरिया जी एवं विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा जी के जन्मदिन के शुभअवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा ने अपने जन्मदिन के मौके पर देश के सुविख्यात उद्योगपति श्री नरसी कुलरिया जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर रक्तदान किया साथ में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.बेताल विश्वकर्मा,जिला संगठन मंत्री रामबरन विश्वकर्मा वरिष्ठ समाजसेवी नीतू सिंह एवं अन्य कई साथियों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष मा.श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के सुपुत्र युवा भाजपा नेता परम् सम्माननीय श्री देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर (रामू भैया) जी एवं मध्य प्रदेश के चर्चित पुलिस ऑफिसर परम्




सम्माननीय डीएसपी श्री संतोष पटेल जी ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार जी भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद श्री भगवानदास प्रजापति जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।श्री तोमर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश के नेतृत्व में जो भी कार्यक्रम होता है सदैव प्रशंसनीय ही होता हैं संगठन के सभी ऊर्जावान साथियों को बहुत बहुत साधुवाद आशा है कि आगे भी आप लोग समाजसेवा के क्षेत्र में ऐसे ही आगे बढ़ते रहे और जहां भी मेरी आवश्यकता लगेगी तो आपका भाई हमेशा आपके साथ रहेगा ।श्री पटेल ने संगठन के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को सफल कार्यक्रम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में समाजसेवा के क्षेत्र में कुछ काम ऐसे भी करना चाहिए जिससे अपने मन को शांति मिले आप सभी को इस सराहनीय कार्य के लिए बहुत बहुत बधाई।इस अवसर पर संगठन के संरक्षक श्री मोहन विश्वकर्मा संरक्षक श्री रामबाबू विश्वकर्मा संभागीय उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल विश्वकर्मा दतिया ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार विश्वकर्मा मौ नगर अध्यक्ष लल्लूराम विश्वकर्मा वरिष्ठ समाजसेवी कल्याण विश्वकर्मा वरिष्ठ समाजसेवी दरयाव विश्वकर्मा जिला संरक्षक श्री किशनलाल विश्वकर्मा घनश्याम विश्वकर्मा जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा राघवेन्द्र विश्वकर्मा डॉ.शिवकुमार झा सुदामा विश्वकर्मा रामनारायण विश्वकर्मा मुकेश विश्वकर्मा मलेंद्र विश्वकर्मा वीरू विश्वकर्मा नरोत्तम विश्वकर्मा हिमांशू कुशवाह मनोज विश्वकर्मा इत्यादि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नायब तहसीलदार को 25 हजार रूपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने धर दबोचा





मझौली।भ्रष्टाचार के प्रकरणों में पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद के निर्देशान में शनिवार की सुबह मझौली में लोकायुक्त संभाग रीवा की ट्रैप कार्यवाही की गयी। बताया गया कि रीवा लोकायुक्त कार्यालय में प्रवेश कुमार शुक्ला ग्राम सरेहा पोस्ट मझौली जिला सीधी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गयी थी। जिसके आधार पर शनिवार की सुबह मझौली में आरोपी बाल्मीक प्रसाद साकेत प्रभारी नायब तहसीलदार को उसके आवास पर 25 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हॉथो गिरफ्तार किया गया है। लोकायुक्त पुलिस रीवा द्वारा बताया गया कि आरोपी बाल्मीक प्रसाद साकेत प्रभारी नायब तहसीलदार तहसील मझौली द्वारा प्रवेश शुक्ल के परिवार की जमीन का नामांतरण आदेश करने के लिए 50000 रिश्वत की मांग किया था। शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त संभाग रीवा के प्रभारी पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार द्वारा सत्यापन कराया गया। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता से 25,000 रुपए रिश्वत मांगना प्रमाणित हुआ। जिसके आधार पर 21 दिसम्बर 2024 को प्रभारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी बाल्मीक प्रसाद साकेत प्रभारी नायाब तहसीलदार को शिकायतकर्ता से 25,000 रुपए रिश्वत पहली किस्त लेते हुए ट्रैप किया गया है। ट्रेपकर्ता अधिकारी प्रमेंद्र कुमार उप पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनी टीम के साथ उक्त कार्यवाही की गयी।

# जिले के सभी थाने में विश्व ध्यान दिवस कार्यक्रम आयोजित



सीधी। शनिवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव तथा संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में सुबह 8 बजे से 9 बजे के बीच ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय सीधी स्थित परेड़ ग्राउण्ड में आयोजित किया गया।योग शिक्षक के द्वारा पुलिस लाईन परेड़ ग्राउण्ड में उपस्थित पुलिसकर्मियों को ध्यान व योग के महत्व को बताते हुए सभी को ध्यान करने की विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से ध्यान व प्राणायाम करने के तरीकों को समझाया गया। ध्यान जिसे प्रायः आत्म.जागरूकता और करुणा का मार्ग माना जाता है, बेहतर स्वास्थ्य का मार्ग भी हो सकता है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविन्द श्रीवास्तव, निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, सुशीला वर्मा सहित जिला मुख्यालय के थानों एवं अनुविभाग स्तर पर थानों के पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# 11 वर्ष पूर्व गुमी नाबालिग को कोतवाली पुलिस ने दस्तयाब कर किया परिजनों के सुपुर्द



सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा द्वारा जिले भर में अपहृत बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया इसी तरताम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को 11 साल बाद प्रयागराज उत्तर प्रदेश से दस्तयाब कर किया परिजनों कें सुपुर्द। कोतवाली पुलिस द्वारा बताया गया कि 2जुलाई 2014 को फरियादी थाना कोतवाली सीधी उपस्थित आकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराया कि उसकी नाबालिग लडकी आज सुबह घर से बिना बतायें कही चली गई है जिसकी पता तलाश आस पडोस नाते रिस्तेदारी सभी जगह कि पर की पर कही नही मिली लगता है कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिग लड़की को बहला फुसालकर भगा ले गया है। फदियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली सीधी में धारा ×6× भारतीय दण्ड संहिता का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना अपहृता को दस्तयाब करने की हर संभव प्रयास किये गये लेकिन नही मिली जिसकी उपस्थिति प्रयागराज उत्तर प्रदेश में होने पर थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा एक टीम गठित कर रवाना किया गया जो टीम दिनांक 21.12.2024 को 11 साल बाद अपहृता को दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीण् अभिषेक उपाध्यायए उनि विवेक द्विवेदी, प्रआरक्षक जीतेन्द्र पाठक, मप्रआर. ममता पाठक एवं आरक्षक् रोहित पटेल का विशेष योगदान रहा।

# कांबिंग गस्त के दौरान एक रात में फरार 42 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 29 गुण्डा बदमाश व 25 निगरानी बदमाशों को चेक कर दी गई हिदायत




सीधी । पुलिस अधीक्षक डॉ रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं समस्त अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन एवं समस्त थाना चौकी के थाना चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में 20/21 दिसम्बर 24 के दरम्यानी रात एक बार पुनः जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 10 स्थाई वारंट एवं ×2 गिरफ्तारी वारंट कुल 40 वारंट तमिल किए गए हैं। साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान 29 गुण्डा बदमाश एवं 25 निगरानी बदमाशों को कांबिंग गस्त के दौरान चेक कर भविष्य में अपराध कारित न करने की हिदायत दी गई है। सीधी पुलिस ने हत्या लूट डकैती मारपीट आबकारी आदि जैसे विभिन्न अपराधों के प्रकरणों मे जो आरोपी न्यायालय के समक्ष उपास्थित नहीं हुए, उनके विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उपर्युक्त लंबे समय से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये गये है लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा पूर्व से फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम राशि की उद्घोषणा की गई थी। इसी तारतम्य में अभियान स्तर पर कार्यवाही करते हुये सीधी पुलिस द्वारा जिले भर में साप्ताहिक कांबिंग गस्त चलाकर एक दिन में 42 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

## स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक बने अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्रा

सीधी। ानिवार को स्वदेशी जागरण मंच की बैठक माधव सदन सब्जी मंडी में राष्ट्र एवं प्रदेश के पदाधिकारी के बीच जिला कार्यकर्ताओं की बैठक की शुरुआत की गई, कार्यक्रम में मंच संचालन एडवोकेट प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों द्वारा भारत माता की प्रतिमा पर धूप दीप प्र'वलित कर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रदेश संयोजक आलोक सिंह द्वारा अपना वक्तव्य देते हुए बताया की अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्रा के उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। साथ ही बताया गया कि स्वदेशी को सभी को अपनाना है स्वदेशी के विषय में चिंतन करना हम लोगों की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हो गई है इसलिए सभी कार्यकर्ताएं आपस में बैठक कर स्वदेशी के कार्य को आगे बढ़ाएं। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह चंदेल राष्ट्रीय विचार प्रमुख ने भी स्वदेशी जागरण मंच का कार्य प्रत्येक वार्ड में शुरू किया जाए एवं 'यादा से 'यादा युवाओं को जोड़कर स्वदेशी के विषय में बात कर स्वदेशी से जोड़ा जाए ताकि वह स्वयं पर आत्मनिर्भर हो सके। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रदेश संयोजक द्वारा जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए नए पदाधिकारी को स्वदेशी जागरण मंच में जिले में स्वदेशी के विषय में तेजी से कार्य हो सके इसकी चर्चा करते हुए सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों में लक्ष्मीकांत शर्मा जिला समन्वयक, डॉ रावेंद्र सिंह जिला सह समन्वयक, डॉ मथुरा प्रसाद गौतम जिला सह समन्वयक को स्वावलंबी भारत अभियान सीधी में पदीय दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में सभी संगठन के पदाधिकारी संजीव श्रीवास्तव नगर संघ चालक, सुख चैन शुक्ला जिला समन्वयक, सिंगरौली आशुतोष कुमार गुप्ता, दीप नारायण द्विवेदी जिला मंत्री, भारतीय मजदूर संघ एस डी शुक्ला, एसके शर्मा, अनिल शुक्ला एडवोकेट रावेन्द्र बहादुर सिंह, श्रीमती सुजाता मिश्रा, अधिवक्ता श्रीमती निशा सक्सेना, श्रीमती श्रद्धा सिंह, श्रीमती मंजुला गौतम अंजना साहू श्रीमती रत्ना पटेल, श्रीमती निशा मिश्रा उपाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद, राम रूप गुप्ता, हीरालाल सिंह चंदेल शिव शंकर शुक्ला रावेंद्र बहादुर सिंह ऋतिक शुक्ला सौरभ मिश्रा नगर सह मंत्री सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## ग्राम शिवतला मै सुशासन सप्ताह मनाया




**शैलेन्द्र चौहान केसरिया हिन्दुस्तान**

बाड़ी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत शिवतला मे सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत मुख्यमंत्री जनकल्याण कार्य क्रम का आयोजन किया गया जिसमे क्षैत्रिय बिधायक एंव प्रदेश सरकार मे स्वास्थ राज्यमंत्री शामिल हुये जो कि अपने काम के लिये अलग पहचाने जाते हैं इस शिबिर मे सभी बिभाग के अधिकारी मौजूद रहे बही जनता ने भी मंत्री जी को अपनी अपनी समस्याओं से अबगत कराया मंत्री जी ने अधिकारियों को समस्या निदान हेतु निर्देश दिये बही मंत्री जी ने पूर्व प्रधानमंत्रीजी अटल जी को याद करते हुये कहा आज हम गांव गांव सुलभता से जा रहे हे वह अटल जी की देन है उन्होने गांव गांव रोड वनबा दिया यह योजना माननीय पूर्व प्रधानमंत्रीजी अटल जी की देन है अधिकतर ग्रामीणो ने गांव मे लाइट एंव जलभराब की समस्या बताई जिसको मंत्री जी ने अधिकारियों को समस्या का जल्धद समाधान के निर्देश दिये कार्य क्रम मे नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष त्रिभुवन ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष होसियार सिंह चौहान सरपंच प्रियंका चौहान सरपंच प्रतिनिधि मीतेश चौहान ठाकुर सुरेन्द्र सिंह सुनील चौहान महरवान सिंह चौहान सहित भा ज पा कायकर्ती सहित एस डी एम संतोष मुदगल,तहसीलदार प्रमोद उसके,जनपद सी इ ओ मौजूद रहैए

मंत्री जी ने की धोषणा शिबतला ग्राम में समाज सेवी एंव राष्टपती जी से सम्मान प्राप्त कर चुके शिक्षक स्वग्रीय मनीराम जी चौहान जी के समाधी स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि दी एवं विधायक निधि से दो लाख रूपये देने की घोषणा की समाधी में किसी भी प्रकार के निर्माण हेतु जो परिबार के लोग चाहे राशी स्वीक्रत की एवं पांच लाख अंबेडकर कालोनी रोड़ पच्चीस हजार गाय सेवा के लिए रासी प्रदान की

## वॉलीबॉल नाइट टूर्नामेंट में चौपरा टीम बनी विजेता मंत्री श्री लोधी ने किया पुरस्कृत



**दमोह , राजेश कुमार पटेल**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह - जिले के विधानसभा जबेरा से विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा आयोजित वॉलीबॉल नाइट टूर्नामेंट जिसके संरक्षक नीतेन्द्र सिंह लोधी रहे, ग्राम नोहटा में आयोजित विधानसभा स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन उप तहसील ग्राउंड नोहटा में किया गया। जिसमें 24 टीमों ने भाग लिया इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 14 दिसंबर से गया था। जिसका फाइनल मुकाबले 20 दिसंबर को चोपरा टीम और नोहटा टीम के बीच खेला गया। खिताबी भिड़ंत में चौपरा ने नोहटा को हराकर विजय प्राप्त की। मंत्री श्री लोधी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कृत किया एवं उन्होंने कहा कि आप सभी ने खेल भावना से खेला और विजेता एवं उप विजेता टीम बनी है ।आप सभी निरंतर मेहनत करें और माता पिता सहित अपने गांव का नाम रोशन करें।विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने के लिए मैं अनुज नितिन सिंह लोधी को एवं उनकी समस्त सहयोगी टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद शुभकामनाएं देता हूं ।जिन्होंने छोटे छोटे गांव में संपर्क कर खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया है।

टूर्नामेंट में विशेष सहयोगियों के रूप में भाव सिंह लोधी (लोधी क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष दमोह ) सत्येंद्र सिंह लोधी नंद राम सुमन, अमित सुमन, कमल करोसिया,डुम्मन विश्वकर्मा,अनिल गोदरे, शोएब पठान, घनश्याम सिंह लोधी, शैलेंद्र जैन, उमेश यादव, राजेश प्रधान, मानसिंह राजपूत, मुकेश विश्वकर्मा, राजेंद्र तिवारी, पिंटू रैकवार, निखिल लोधी सोनू सेन ,रत्नेश सिंह लोधी,सचिन सिंह ,अवधेश सिंह,रिंकू राज,भानू राजपूत , विक्की रैकवार ,रवि विश्वकर्मा,आशु नेमा नितेश पटेल, कमलेश सोनी, जिब्राइल खान, हीरा पारोचे, राजू राजपूत सहित ग्रामवासी एवं डीएसएल क्लब की प्रमुख सहभागिता रही।

## स्कूलों में पुलिस द्वारा बताया जा रहा है गुड टच बेड टच,,,,,,,



बुरहानपुर/ विकास ठाकुर :- बुरहानपुर जिले के खकनार थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र की सभी स्कूलों में बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से गुड टच और बेड टच की जानकारी दी जा रही है खकनार एवं स्टाफ द्वारा इबेनेजर इंग्लिश मीडियम स्कूल कानापुर खकनार मे बच्चों एवं स्टाफ को गुड टच बैड टच एवं साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर संबंधी अपराध एवं डिजिटल अरेस्ट के संबंध में जागरूक किया गया इस प्रकार का कोई अपराध हो तो तुरंत पुलिस विभाग को इस संबंध में फोन लगाएं तो तत्काल इसकी सूचना थाने पर दे एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा हृष्ट्रक्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की सलाह भी दी गई 7 जगह-जगह पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है

## मंत्री श्री पटेल ने दमोह स्थित निवास कार्यालय पर जन -जन समस्याएं सुनते निवारण कर फिर पार्टी कार्यकर्ताओं और नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों से भेंट कर फूल गुच्छों के साथ दिखा निवास कार्यालय



**राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

दमोह - प्रदेश के पशुपालन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने जनता जनार्दन की समस्याएं सुनकर निवारण किया। पार्टी कार्यकर्ताओं नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों से मुलाकात कर फूल गुच्छों एवं मिठाई खिलाकर सभी निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाइयां देकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार कि चल रही। जनकल्याणकारी योजनाओं व्याख्यान किया।

# *मऊगंज कलेक्टर ने किया गौरी धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण, नोडल अधिकारी निलंबित*

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

*मऊगंज-धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ियों की शिकायतों के बाद मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने 19 दिसंबर 2024 की शाम 4:30 बजे उपार्जन केंद्र गौरी का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ अनुविभागीय अधिकारी हनुमना कमलेश पुरी, तहसीलदार कुवांरे लाल पनिका और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

*पाई गई अनियमितताए-

1. *धान की तौल में देरी- केंद्र पर 2-3 दिनों से किसानों की धान तौल लंबित थी।



2. *प्रबंधक की अनुपस्थिति- समिति प्रबंधक केंद्र पर उपस्थित नहीं थे।

3. *अव्यवस्थित स्टॉक-लगभग 10,000 बोरियां बिना सिलाई की हुई मिलीं, और स्टैकिंग भी नहीं की गई थी।

4. *नोडल अधिकारी का गायब रहना- केंद्र की व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त कृषि विस्तार अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी अनुपस्थित पाए गए।

*कार्रवाई-

- नोडल अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।
- संस्था के सहायक प्रबंधक मनीष दहायत और प्रशासक दुर्गेश मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उनके स्पष्टीकरण के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

*कलेक्टर का निर्देश-

कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण करें। --निष्कर्ष- कलेक्टर मऊगंज द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई ने प्रशासनिक सख्ती का संदेश दिया है। किसानों के लिए धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन अब सतर्कता बरत रहा है।

# पूर्व सीएम दीग्गी का आरोप भाजपा वेयरहाउस शाखा प्रबंधक के आरोपियों को बचा रही है

**14 दिसंबर को सल्फास खाकर आरडी शर्मा ने की थी आत्महत्या मृतक की बेटी ने पूर्व सीएम दिग्विजय से न्याय गुहार लगाई थी।**

**दिनेश शुक्ला**
**दैनिक केसरी हिंदुस्तानी**

आलोट । मध्य प्रदेश वेयरहाउस कारपोरेशन के आलोट शाखा प्रबंधक आर डी शर्मा ने 14 दिसंबर को सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली थी।मृतक आरडी शर्मा ने एक सुसाइड नोट छोड़ा जिसमें उन्होंने भाजपा से जुड़े हुए दो नेताओं के नाम लिखें,मरने से पहले उन्होंने अपने सुसाइड नोट में लिखा जिसमे उन्होंने श्रीनाथ वेयरहाउस के संचालक मनोज काला, कृष्णा वेयरहाउस के संचालक राजेश परमार को मौत का दोषी जवाबदार बताया।उन्होंने सुसाइट नोट मे 1 वर्ष से मैं मानसिक रूप से परेशान होने की बात कही, शर्मा ने सुसाइड नोट में लिखा गोदाम में जमा सकन्ध गायब कर दिया।

मृतक की बेटी ने पूर्व ष्द्व से न्याय की गुहार लगाई।-मृतक आरडी शर्मा की बेटी श्रुति शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को एक शिकायत पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने अपने पिता की आत्महत्या के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से न्याय की गुहार लगाई है।मृतक की



बेटी ने शिकायत पत्र में बताया कि मेरे पिता को पिछले 1 वर्ष से मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा था, वेयरहाउस संचालक राजेश परमार व मनोज काला ने वेयरहाउस में रखा माल गायब कर दिया, इसी प्रताड़ना के कारण वह तनाव में आ गए और उन्होंने कठोर कदम उठाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में आलोट पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज हुई है लेकिन दोषियो की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। मृतक की पुत्री ने पुलिस और प्रशासन से भी निवेदन करते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई व गिरफ्तार करने की मांग की है।

**दिग्विजय सिंह आलोट पहुंचकर करेंगे प्रेस वार्ता।**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कारगिल चौराहे पहुंचकर मृतक आरडी शर्मा के परिजन को न्याय दिलाने के लिए प्रेस वार्ता की पूर्व सीएम दिग्विजय ने कहा कि आरडी शर्मा पर लगातार दबाव डाला जा रहा था इस कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली,ताला तो?ा नहीं ताले की पत्ती निकालकर वेयरहाउस से माल गायब कर दिया। मृतक शर्मा को 20 लाख अपने घर से जमा करने का दबाव आ गया था। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता इनको बचाने में लगे हुए हैं, साथ ही दिग्विजय सिंह ने कहा कि भोपाल से वेयरहाउस कॉरपोरेशन की जो टीम आलोट पहुंचकर जांच कर रही है उसे पर भी राजनीतिक दबाव डाला जा रहा है ,दिग्विजय सिंह ने कहा कि दोनों आरोपी राजेश परमार व मनोज काला को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए, दिग्विजय सिंह आरोप लगाए हैं कि वेयरहाउस संचालक काला ने 20त्न मिट्टी मिला हुआ सोयाबीन वेयरहाउस में तुलवा दिया, जबकि किसानों का सोयाबीन तो तुला नहीं, दिग्विजय सिंह ने प्रदेश के सभी वेयरहाउस की जांच करने की मांग की, दिग्विजय सिंह ने यह भी कहा कि पुलिस आरोपी मनोज काला को ढूंढ नहीं पा रही है जबकि उनका एक वीडियो मेरे पास आया है जिसमें वह परिवार के साथ जन्मदिन मना रहे हैं ।साथ ही में जयवर्धनसिंह ,महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस,पूर्व जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विरेन्द्रसिंह सोलंकी,पार्षद अशोक खींची,जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्रसिंह परिहार आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

### साहू समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

## शिक्षक भगवानदास बीडी साहू सर्वसहमति से पुनः चुने गए 'अध्यक्ष'



**केसरिया हिन्दुस्तान अखबार संवाददाता भानु प्रताप राय ??**

विगतदिवस साहू समाज उत्थान मंडल एवं साहू समाज तहसील शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन भगवान दास साहू की अध्यक्षता में संपन्न किया गया, जिसमें सर्वप्रथम साहू समाज की आराध्य मां कर्मादेवी जी के शैल चित्र पर माल्याअर्पण कर आरती करने के उपरांत सर्वसहमति से भगवान दास साहू सेवानिवृत शिक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष साहू समाज को पुनः अध्यक्ष के लिए चुना गया इसी क्रम में सचिव पद पर शिवशंकर साहू एवं कोषाध्यक्ष पद पर संजय साहू नयन डीजे वालों को मनोनीत किया गया उपाध्यक्ष पद पर खेमचंद साहू एवं ओमप्रकाश साहू संगठन सचिव पद पर संगीत साहू एवं घनश्याम साहू सह सचिव पद पर प्रदीप साहू कृष्णा टेंट वालों को मनोनीत किया गया इसी कड़ी में प्रचार सचिव पद पर गोलू साहू अशोक कुमार साहू दुलीचंद साहू राजकुमार साहू एवं हरीश साहू को मनोनीत किया गया है व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर पवन साहू गणपति इंटरप्राइजेज एवं शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद पर गुलाबसिंह साहू शिक्षक तथा मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता के पद पर पत्रकार आशीष साहू को मनोनीत किया गया है कार्यकारिणी सदस्य में बद्री प्रसाद साहू उर्फ़ भोले शुभम साहू पंचम साहू के साथ अन्य साथियों को कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया है, नई कार्यकारिणी के गठन पर नियुक्त हुए सभी पदाधिकारीयों को समाज के सभी सम्माननीय जनों द्वारा शुभकामनाएं बधाइयां प्रेषित की

# माचागोरा जल महोत्सव का हुआ शुभारंभ मोटर बोटिंग के लिए उमड़ा जन सैलाब

**दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण रहे मौजूद कलेक्टर शीलेंद्र सिंह की मेहनत रंग लाई**

**( छिंदवाड़ा/संवाददाता मारुति लाल विश्वकर्मा )**

20 दिसंबर से 25 दिसंबर तक जल महोत्सव का हो रहा है आयोजन माचागोरा बांध परियोजना मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी परियोजना मैं गिनी जाती है इस परियोजना से लाभान्वित हुए हैं इसी क्रम में छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह माचागोरा बांध का भ्रमण कार्यक्रम बनाते रहे हैं जब कलेक्टर माचागोरा बांध पहुंचने तो उनके मन में एक नया ही ख्याल आता रहा जिसमें उनके मन की परिकल्पना थी कि छिंदवाड़ा जिले की यह एक बहुत बड़ी वाटर बॉडी है यदि इसे विकसित किया जाए तो पर्यटक के क्षेत्र में अपार सफलताएं प्राप्त हो सकती है तब कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने इसकी विस्तृत चर्चा छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू से किया इसी उपरांत कलेक्ट्रेट छिंदवाड़ा में सांसद बंटी विवेक साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधि




सहित पत्रकारों से सुझाव मांगे गए की माता गोरा बांध परियोजना को पर्यटक के क्षेत्र में भी विकसित करने का शुभ अवसर दिखाई देता है इसी तारतम में पर्यटक विभाग मंत्रालय आदि से चर्चा कर छिंदवाड़ा जिले में माचागोरा बांध वाटर बॉडी में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन करवाने के लिए शुभ अवसर प्राप्त हुआ जिसे आज 20 दिसंबर से 25 दिसंबर तक विभिन्न जल क्रीड़ाओ के साथ भिन्न-भिन्न संस्कृति कार्यक्रम जिसमें के सभी तहसीलों के अलग-अलग समय अनुसार स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जल महोत्सव के प्रथम दिन में अपार सफलता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम स्थल पर जनप्रतिनिधियों के साथ शासन प्रशासन की टीम आम लोगों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है पर्यटक विभाग के ज्वाइन डायरेक्टर के द्वारा कहां गया कि पर्यटक विभाग इस वाटर बॉडी को अपार सफलता दिलाने के लिए हर प्रकार से सहयोग किया जाएगा जिसमें बजट की बात हो या यहां पर वाटर बोट संचालित करने वाले कर्मचारियों का प्रशिक्षण हो या अन्य किसी भी प्रकार का सहयोग की आपेक्षिक हो तो पर्यटक विभाग के द्वारा किया जाएगा जल महोत्सव में मोटर बोट, वाटर जार्विंग, बनाना राइड, कमांडो नेट, बाल क्लाइंबिंग, जिपलाइन, पैरासेलिंग, पैदल वोट, टेंपल इन, आर्चरी, जेटस्की आकर्षण का केंद्र बिंदु रहे जल महोत्सव में पर्यटकों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं जिसमें पर्यटकों को रहने के लिए टेंट अलग-अलग प्रकार के भोजन की व्यवस्था मोबाइल प्रसाधन,वाशरूम पार्किंग की सुविधा एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान आदि की दुकाने प्रशासन के आग्रह पर जल महोत्सव स्थल पर उपलब्ध कराए गए



## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया विश्व ध्यान दिवस

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**मनोज सिंह**

टीकमगढ़।21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकमगढ़ में ध्यान दिवस का आयोजन किया गया।संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा जिसमे भारत सहप्रायोजक रहा है 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉ0 स्वर्णा जैन द्वारा ध्यान के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया व छात्राओं को ध्यान के द्वारा अपने मन को केंद्रित करने के लाभों से परिचित कराया गया कि किस प्रकार वे ध्यान के माध्यम से परीक्षा की चिंता व भय को दूर कर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं ।इस अवसर पर हार्टफुलनेस केंद्र टीकमगढ़ के प्रशिक्षक श्री घनश्याम देव तेलंग द्वारा छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को ध्यान करवाया गया । इसके पश्चात श्रीमती प्रतीक्षा पुरोहित ने रिलैक्सेशन करवाया।ध्यान के पश्चात शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए।

# विश्व ध्यान दिवस पर जन अभियान परिषद एवं हार्टफुलनेस के मास्टर ट्रेनर ने बताई ध्यान की विधा

**नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

श्योपुर,संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित दिनांक 21 दिसम्बर 2024 को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर संपूर्ण मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में जन अभियान परिषद के द्वारा ध्यान के कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं इस अवसर पर शयोपुर जिले में परिषद की प्रस्फुटन समितयो ओर नवांकुर संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जा रहे ध्यान शिविर इसी तारतम्य में कराहल के ग्राम कलितलाई में स्थित सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में शनिवार को सुबह 7 बजे ध्यान दिवस का आयोजन नवांकुर संस्था निमोदा मठ एवं श्री सतगुरु शिक्षा समाज कल्याण समिति द्वारा किया गया जिसमें योग साधकों को ध्यान की विधा से अवगत कराया गया। इस मौके पर हार्टफुलनेस संस्थान ट्रेनर श्री



राक्षमनरावशिन्दे ने ध्यान की विभिन्न विधाओं से परिचित कराया। यह जानकारी देते हुए नवांकुर संस्था के अध्यक्ष कल्याण मारू ने बताया कि जिला समन्वयक जन अभियान परिषद नेहा सिंह एवं विकाशखण्ड समन्वयक श्री मति नीतू सिंह के मार्गदर्शन में विश्व ध्यान दिवस का आयोजन आवदा सेक्टर के ग्राम कालितलाई में किया गया। इस दौरान मेंटर मास्टर ट्रेनर लक्ष्मनरावशिन्दे ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया है। ध्यान लगाना एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे मन-मस्तिष्क को शांति मिलती है और सुकून का एहसास होता है. मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए खासतौर से ध्यान लगाया जाता है। इस दौरान जिला समन्वयक नेहा सिंह ने बताया कि जन अभियान परिषद की सभी नवांकुर संस्थओं एवं प्रस्फुटन समितियों सहित एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू छात्र छात्राओं द्वारा ध्यान दिवस पर ध्यान लगाकर मानसिक चेतना का अनुभव किया है। इस दौरान ग्राम के समस्त ग्रामीणों ने शिविर में भाग लिया

# मप्र.जल निगम जांच दल पहुंचा टीकमगढ़,जल जीवन मिशन की जांच में मिली अनियमितताएं

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मनोज सिंह**

टीकमगढ़ । ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके घर में पानी की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन योजना का शुभारम्भ किया था। इस योजना के तहत टीकमगड़ जिले में भी करोड़ो रूपये स्वीकृत किये गये और काम शुरु किया गया।

टीकमगढ़ जिले के 201 ग्राम में बानसुजारा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में इनवायरो इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड दिल्ली द्वारा कार्य किया जा रहा है जिसकी लागत 376.14 करोड़ रुपए है इस योजना को दिसम्बर 2024 तक पूरा किया जाना है बताया गया है कि फर्म द्वारा की जा रही अनियमितताओं की शिकायत भाजपा नेता विकास यादव द्वारा 16 जुलाई 2024 को दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री कार्यालय में की है जिस पर कार्यवाही करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा शिकायत को प्रदेश की ष्द्ध हेल्पलाइन में मर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। बताया गया है कि निर्देश के परिपालन में म.प्र. जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई छतरपुर से आए जांचदल ने गुरुवार को टीकमगढ़ के शिकायती ग्रामों में पहुंचकर



जांच की। जांच के दौरान पाइपलाईन गाइड लाइन के विपरीत एक फिट गहराई में मिली, तो कहीं जमीन के ऊपर तो कहीं नाली में मिली है। बताया गया है कि जांच अधिकारी ने ठेकेदार फर्म को पाइपलाइन निकालकर पुनः निर्धारित मापदंडो के अनुसार 3 फिट गहराई मे डालने की निर्देश दिए हैं। बता दें जांच दल सर्वप्रथम टीकमगढ़ के प्रेमपुरा ग्राम पहुंचा जहां डाली गई पाइपलाइन की खुदाई कराई तो 1 फिट गहरी निकली जांच अधिकारी जल निगम छतरपुर के उप महाप्रबंधक अनमोल कोचर ने ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए पाइपलाइन निकालकर पुनः गाइडलाइन अनुसार 3 फिट गहराई में डालने के निर्देश दिए, इसके बाद जांच कल हरपुरा मढ़ाया पहुंचा जहां पर पाइप 2 जगह जमीन के ऊपर होने पर नाराजगी जताते हुए पाइपलाइन को निर्धारित मापदंड के अनुसार गहराई में डालने की निर्देश दिए । तदुपरांत पहाड़ी तिलवारन में भी पाइपलाइन प्रजापति मुहल्ले में 1 फिट गहराई में डाली गई है एवं ग्राम जुड़ावन में जो पाइपलाइन बिछाई गई है वो नाली में दिखाई दी है। जांचदल ने सभी अनियमितताएं जल्द ठीक कराने के लिए ठेकेदार फर्म को निर्देश दिए हैं जांच के दौरान शिकायतकर्ता भाजपा नेता विकास यादव साथ रहे है । जांचदल में जल निगम के उप महाप्रबंधक अनमोल कोचर, डिप्टी मेनेजर दीपक सिंह, टीमलीडर स्त्तष्ट सत्यम चतुर्वेदी, सीपी मैनेजर राकेश सिंह, रेजिडेंशियल इंजीनियर प्रियरंजन पांडा, फर्म के प्लानिंग इंजीनियर सुभेश चौधरी, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर संजीव सिंह साथ रहे।

# जिले में विशेष टीकाकरण अभियान 30 दिसम्बर तक



**नौशाद अहमद कुरेशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001**

प्रदेश में मीजल्स रूबेला (एमआर) रोग का अंत करने एवं पेंटावेलेंट जीरो डोज को शून्य करने के उददेश्य से विशेष कैच-अप राउंड 20 दिसंबर से 30 दिसम्बर 2024 तक संचालित किया जा रहा है। यह अभियान कम उपलब्धी वाले शहरी वार्डो एवं ग्रामीण क्षेत्र के गॉवों में चलाया जावेगा, इस अभियान का उददेश्य है कि एक भी बच्चा टीकों से न छूटे। जिस हेतु टीम द्वारा घर-घर सर्वेक्षण किया जा रहा है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि मीजल्स रूबेला के दोनो डोज एवं पेंटावेलेट टीकों से वंचित बच्चों की पहचान कर इनकी ड्यूलिस्ट के अनुसार सभी बच्चों को विशेष टीकाकरण दल द्वारा पूर्ण टीकाकरण किया जाएगा। इस अभियान शालाओं में शिक्षकों द्वारा होमवर्क में एम.आर. टीके का संदेश पालकों तक पहुँचाया जावेगा चलो हम करें एमआर रोग की विदाई कविता का प्रचार प्रसार किया जावेगा।जन सहयोग से ही पूर्व वर्षो में वर्ष 2014 में पोलियो का उन्मूलन किया गया, वर्ष 2025 में नवजात शिशु टिटनेस का उन्मूलन किया गया। इसी प्रकार अब हम जन सहयोग से ही मीजल्स-रूबेला (एमआर) रोग के उन्मूलन के लिए भी सभी परिवारजन एवं नागरिकों से अपील की जाती है कि स्व-प्रेरित होकर इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करें।सीएमएचओ डॉ. दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया कि यह अभियान प्रदेश को मीजल्स -रूबेला मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को समय पर टीकारण के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर स्क्रीनिंग के उपस्थित समूह को टीबी मुक्त श्योपुर की संकल्प दिलाई गई।

# जनकल्याण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में लगाया गया शिविर

शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त विकासखण्डों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुसार सुशासन सप्ताह में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान में भी लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। इसी कड़ी में प्रशासन गांव की ओर एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शहडोल जिले के ग्राम पंचायत देवरी में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में मैदानी अधिकारियों द्वारा लोगों के आवेदन प्राप्त कर यथा संभव निराकरण किया गया। शिविरों में आमजनता को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए गए। साथ ही हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया

# भितरवार गांव में लोगों के स्वास्थ्य से भीतरघात जिला स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय

## CMHO की सक्रियता के अभाव में तेजी से फैल रहा झोलाछाप डॉक्टरों का व्यापार

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मनोज सिंह**

टीकमगढ़।देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनता के लिए बेहतर स्वास्थ्य के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ टीकमगढ़ जिले में भीतरघात किया जा रहा जिला एक उदाहरण भितरवार गांव में देखा जा सकता है। गांव में इस वक्त झोलाछाप डॉक्टरों का राज चल रहा, इन झोलाछाप की दुकानें बेखौफ चल रही जिसपर प्रशासन मूकदर्शक बनकर देख रहा है, लोगों का कहना है की इनकी प्रशासनिक




तंत्र अच्छी पकड़ होने के कारण इन पर कोई कार्यवाही नहीं करता है। लोगों का कहना है कि ष्ट्स्राह्न के सक्रियता का अभाव होने से झोलाछाप डॉक्टरों के घोंसले बुलंद हैं।टीकमगढ़ जिले के भितरवार गांव के बीच इलाके में एक झोलाछाप डॉक्टर की दुकान संचालित है और बिना किसी वैध डिग्री के ऐलोपेथिक दवाई द्वारा इलाज किया जा रहा है। जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के बुलंद हौसलों का एक कारण है सीएमएचओ और स्वास्थ्य विभाग के सक्रियता में अभाव, झोलाछाप पर कार्यवाही को लेकर प्रदेश के मुख्य द्वारा पहले ही कार्यवाही करने को लेकर आदेश दिए जा चुके हैं लेकिन टीकमगढ़ जिले सीएमएचओ द्वारा द्वारा केवल खाना पूर्ति मात्र की गई है। जहां जिले में तकरीबन पांच सौ से ज्यादा झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं वहीं केवल चंद झोलाछाप पर कार्यवाही की गई है जिनकी संख्या दो अंकों में भी नहीं पहुंच पाई होगी। झोलाछाप डॉक्टरों के संबंध में सीएमएचओ का जब भी बात करना चाहिए तो वह हमेशा ही कैमरे के सामने आने से बचते रहे

# जनकल्याण अभियान और प्रशासन गांव की ओर अभियान के लगाए जा रहे शिविर

शहडोल। जिले के समस्त विकासखण्डों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी विकासखण्डों में 15 दिसम्बर से जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशासन गांव की ओर एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत जरवाही एवं कटकोना में शिविर आयोजित किये गए जिसमें मैदानी अधिकारियों द्वारा लोगों के आवेदन प्राप्त कर यथा संभव निराकरण किया गया।

# गृहमंत्री के बयान के विरोध में युवा मैत्रेय समिति आमला ने सौंपा ज्ञापन



**केसरिया हिंदुस्तान**

बैतूल। युवा मैत्रेय समिति आमला ने 20 दिसंबर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम आमला तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है।समिति के अध्यक्ष भीमराव निरापुरे ने बताया कि परमपूज्य बोधिसत्व बाबा साहब अम्बेडकर पर बयान देने के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति से गृहमंत्री को पद से बरखास्त करने का निवेदन किया है। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में 18 दिसंबर को दिये गये ब्यान में कहा गया कि अधिकतर अनेक लोग अम्बेडकर अम्बेडकर कहा करते है कि जैसे अम्बेडकर नाम एक फैशन बन गया हो। गृहमंत्री द्वारा यह कहा गया कि अम्बेडकर शब्द कहने के बदले भगवान का नाम लेते तो स्वर्ग में चले जाते। इस कथन पर समस्त अम्बेडकर विचारधारा को मानने वाले का अपमान किया गया। यह ब्यान तब दिया गया जब संसद में संविधान पर चर्चा चल रही थी, अर्थात गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का ही अपमान नहीं किया बल्कि भारतीय संविधान का भी अपमान किया गया। महामहिम राष्ट्रपति से गृहमंत्री को पद से बरखास्त करने का निवेदन किया है। ऐसा नहीं होने पर अम्बेडकर अनुयायी संविधानिक रूप से उग्र आंदोलन के लिये विवश होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष भीमराव निरापुरे, मनीष दवांडे,मनोज मलवे, सुजाता महिला मंगल की ज्योति नागले, वत्सला अतुलकर, निर्मला सूर्यवंशी उपस्थित थे।

# महात्मा गांधी जी ने जहां से शुरू किया था खादी वहीं से शुरू हुआ सीहोर का पहला पंचगव्य हर्बल हेयर आइल

**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

महाराष्ट्र गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्री शेखर मुंदडा जी अचार्य श्री श्याम बिहारी जी और एमगिरी संस्था ने किया। जायसवाल इनोवेशन द्वारा निर्मित वोक हर्बल हेयर ऑयल का लोकार्पण और युवा उद्यमी अंकित की सराहना की गईसीहोर। सीहोर के युवा उद्यमी अंकित जायसवाल ने एक आयुर्वेदिक हेयर आइल तैयार किया है। यह हेयर आयल पूरी तरह हर्बल है। जिसकी बिक्री बाजार में जल्द शुरू होगी। अंकित उत्साहित है कि जहां से गांधी जी ने खादी की शुरुआत की थी वहीं से अंकित के उत्पात की शुरुआत हो रही है। अंकित जायसवाल बताते हैं कि उनके द्वारा निर्मित सीहोर का अपना पहला पंचगव्य हर्बल आयुर्वेदिक हेयर आइल वोक (वर्ल्ड ऑफ केयर) जो तैयार किया गया है। तीस अलग-अलग जड़ी बूटी और क्षीरपाक विधि से, क्षीरपाक आयुर्वेदिक औषधियों की एक अनोखी विधी से तैयार किया है। इसमें दूध को माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। जो बालों संबंधी और बाल की त्वचा संबंधी रोग में भी फायदा होगा। इसके साथ ही पूरी तरह हर्बल होने के कारण कोई नुकसान नहीं हैं।वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जयकिशोर छांगाणी की देखरेख में




तैयार

किया गया है। कार्यक्रम में अचार्य श्याम बिहारी अध्यक्ष गो सेवा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार, डा. आशुतोष मुरकुटे महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान मगनवाड़ी वर्धा, शेखर मुनदेड़ा राज्य मंत्री अध्यक्ष, महाराष्ट्र गौ सेवा आयोग मौजूद रहेकार्यशाला में में बीस उत्पाद तैयार किए गए हैं। जो अलग-अलग उद्यमियों ने तैयार किए हैं। जिसमें गोसेवा आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी तैयार प्रोडक्ट जल्द ही मार्केट में बेचने के लिए उपलब्ध होगा।

कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में एमगिरी सलाहकार समिति के सदस्य डा. श्रीरामजी ज्योतिषी, भारतीय प्रबंधन संस्थान, नागपुर की प्रो. ईशा सलामे, प्रो. अनिरुद्ध आठवले, अन्न एवं औषधि विभाग के सेवानिवृत्त कमिश्नर डॉ. पीएम बल्लाल, अदाणी उद्योग समूह के सुबोध सिंह, शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधा तिवारी, इस्कॉन के दामोदर दुलारदास, महाराष्ट्र गोसेवा आयोग के सदस्य उद्धव नेरकर, डॉ. सुनील सूर्यवंशी, सनत गुप्ता, छत्तीसगढ़ के डॉ. अखिल जैन, राजस्थान गौशाला संघ के प्रकाश व्यास, कर्नाटक गौशाला संघ के चेन्ना बसवंत रेड्डी और श्रीकांत मोदी, मध्यप्रदेश के सोहन विश्वकर्मा, गोआकृति उद्योग समूह, जयपुर से भीमराज शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। कार्यशाला का आयोजन एमगिरी के जैव प्रसंस्करण व जड़ी-बूटी विभाग द्वारा किया गया था। कार्यशाला का संचालन डॉ. जयकिशोर छांगाणी ने और आभार प्रदर्शन डॉ. आदर्श कुमार अग्निहोत्री जी ने किया। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए डॉ. छांगाणी, डॉ. अग्निहोत्री, डॉ. अपराजिता, डॉ. शीतल शर्मा, नीलेश काटेकर, सौम्य कटरे, पायल कथले, शामली जमाने, स्वानंद कलम्बे, कल्पेश देशमुख, डिंकेस ढोले, सुहासिनी, रवि खाड़े, बृजेश चौहान ने सहयोग रहा। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों के गौसंवर्धन संबंधी वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन विभाग के विशेषज्ञ, गौशाला प्रतिनिधि तथा एमगिरी के 50 उद्यमियों को मिलाकर कुल 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# शासन और समाज के मध्य सेतु का कार्य करना जन अभियान परिषद का उद्देश्य



**केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू**

भोपाल ।। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला भोपाल एवं सीहोर की नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण राज्य कृषि एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. धीरेंद्र कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से नवांकुर संस्थाओं का होगा क्षमतावर्धन। नवांकुर योजना परिषद की महत्वपूर्ण योजना हैं जिसके माध्यम से नवांकुर संस्थाओं को निर्धारित मापदंड पर कार्य करने का उत्तरदायित्व सोपा गया है। सभी नवांकुर संस्थाएं अपने अपने कार्यक्षेत्र में ग्राम विकास के लिये उल्लेखनीय कार्य करें साथ ही पर्यावरण, ऊर्जा संरक्षण, जैविक कृषि जैसे विषयों पर भी उत्कृष्ट कार्य कर क्षेत्र में अपनी पहचान विकसित करें। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवांकुर संस्थाओं को प्रशिक्षित कर उनका क्षमता वर्धन करना है। कार्यपालक निदेशक द्वारा सभी नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को बेहतर कार्य करने हेतु अपनी ओर से शुभकामनाएं भी भी दी गई।प्रशिक्षण का प्रारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रारंभ में वरुण आचार्य संभाग समन्वयक भोपाल द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा ग्राम विकास की संकल्पना पर आवश्यक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कोकिला चतुर्वेदी जिला समन्वयक भोपाल एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती पारुल उपाध्याय जिला समन्वयक सीहोर द्वारा किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोपाल एवं सीहोर जिले के जिला, विकासखंड समन्वयक, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रोप स्किपिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खिलाड़ियों द्वारा अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन




**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सीहोर।रोप स्किपिंग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2024 गर्ल्स कॉलेज के सभागृह में संपन्न हुई ।यह प्रतियोगिता 14, 17 एवम 19 वर्ष के बालक बालिकाओं के आयु वर्ग में संपन्न हुई। चार दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आज समापन दिवस था। समापन दिवस पर अतिथियों के रूप में माननीय विधायक सुदेश राय एवं वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय सहित लोक शिक्षण संचालनालय ऑब्जर्वर शैलेष शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय सिंह तोमर, सहायक संचालक सलोनी शर्मा, विकासखण्ड अधिकारी दीपा कीर,आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य श्री आलोक शर्मा , खेल शिक्षक अताउल्लाह खान, अंकुर शर्मा, आशीष शर्मा, संजय सक्सेना मौजूद थे। माननीय विधायक सुदेश राय ने कहा कि खिलाड़ियों ने रोप स्किपिंग में अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। रोप स्किपिंग से आप फिट रह सकते हैं।जो फिट है वो ही सफलता प्राप्त कर सकता है। वरिष्ठ समाजसेवीअखिलेश राय ने खेलों को जीवन का आवश्यक अंग बताते हुए विजयी प्रतिभागियों को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा दी। उज्जैन,ग्वालियर,भोपाल ,जबलपुर, सागर ,नर्मदापुरम, रीवा,इन्दौर, ट्राइबल विभाग संभागों की टीम शामिल थीं। प्रतियोगिता में लगभग 490 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 54 इवेंट में 400 से ऊपर मेडल्स एवम 18 विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। ओवर आल चैंपियन ध्रशिप की ट्रॉफी भोपाल के नाम रही। भोपाल ने 16 गोल्ड,9 सिल्वर,11 ब्रांज सहित कुल 26 पदक जीते। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया एवम माधव यादव ने किया। सीहोर व्यापार संघ की बैठक सम्पन्न

## सीहोर व्यापार संघ की बैठक सम्पन्न

# कचरा एकत्रित शुल्क में बढ़ाई गई वृद्धि को लेकर व्यापार महासंघ ने नपाध्यक्ष को सौपा ज्ञापन



**नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सीहोर। सीहोर व्यापर महासंघ की बैठक स्थानीय हनुमान मंदिर नमक चौराहा, सीहोर परिसर में आयोजित की गई। सर्वप्रथम हनुमान बब्बा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में एफएसएसआई द्वारा व्यापारियों के लायसेंस के सम्बंध शिविर लगाकर प्रशिक्षण दिये जाने के सम्बंध में योजना बनाई गई। शिविर में सभी व्यापारी वर्ग के 50-50 व्यापारी दो चरणों में भाग लेगें। यह शिविर आगामी 19 जनवरी 2025, रविवार को आयोजित किया जावेगा। व्यवसासियों को आ रही परेशानी को लेकर भी बैठक में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक के पशचात उपस्थित सभी व्यापारियों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि शहर में जो कचरा शुल्क वर्तमान में व्यवसायिक संस्थानों एवं मकान से लिया जा रहा था उसमें काफी वृद्धि की गई है। कचरा एकत्रित शुल्क को कम करने की मांग की गई। जिसे नपाध्यक्ष द्वारा आगामी माह में शुल्क करने के निर्देश अधिकारियों को दिये और कहा कि अगले माह से उक्त शुल्क कम हो जावेगा, जिस पर सभी व्यापारियों ने नपाध्यक्ष के प्रति आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महासंघ अध्यक्ष हरीश राठौर, सचिव राजेश विजयवर्गीय, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, कमलेश अग्रवाल, नीरज जयपुरिया, राजेश कौशल, सर्वेस समाधिया, प्रदीप कौशल, अर्पित जैन, राजेश गुप्ता, सुभाष शर्मा, अर्जुन सोनी, नवनीत सोनी, देवेश अग्रवाल, प्रतुल राठौर आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर...

### मध्य प्रदेश मीडिया संघ के अध्यक्ष नियुक्त हुए सलमान



**आसिम दाद खान दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

सिरोंज । मध्य प्रदेश मीडिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयवंत ठाकरे की अनुशंसा पर सलमान अमीन को मध्य प्रदेश मीडिया संघ का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति वर्षों से पत्रकारिता जगत में सक्रियता को देखते हुए की गई है। सलमान अमीन ने बताया कि मध्य प्रदेश मीडिया संघ हमेशा पत्रकार हित के लिए लड़ाई लड़ता आ रहा है मीडिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयवंत ठाकरे हमेशा पत्रकार हित के लिए लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। सलमान अमीन ने कहा कि मध्य प्रदेश मीडिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने जो जिम्मेदारी दी है मैं उसे बखूबी निभाऊंगा संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा । इस दौरान बधाई देने में अल्ताफ खान अब्दुल अलीम हाफिज शम्स कमर शकील मंसूरी डॉक्टर वसीम इरफान मंसूरी तबरेज आलम अरबाज खान प्रदीप प्रजापति ऋषि शर्मा रवि विश्वकर्मा आसिम दाद खान निजाम खान शब्बू गोरी आदि लोगों ने बधाई दी ।

### बलाई समाज के लोगों ने धरना देकर एस डी एम को ज्ञापन सौपा



**विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

मंडलेश्वर - शनिवार बलाई समाज के लोगों के द्वारा गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में डॉ.अम्बेडकर पर असोभनीय टिप्पणी करने के विरोध में मंडलेश्वर अम्बेडकर स्टेच्यु के पास धरना दीया, जमकर नारेबाजी की व मुंह व हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया! इसके पश्चात रैली के माध्यम से एस डी एम अनिल जैन को ज्ञापन सौपा! बलाई समाज के कैलाश रोक? व एन आर चाकरे ने बताया की जिस संविधान के बदोलत अमित शाह गृह मंत्री बने हें उसी संविधान के रचियता डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर जी के उपर इस प्रकार की टिप्पणी करना असोभनीय हें जिसका हम क? शब्दो में निंदा करते हें! जहाँ पी एल वर्मा, गजानंद हिरवे,फूलचंद वासंदे,( जे बी एस ) बलाई समाज के जिलाध्यक्ष रविन्द्र खाण्डेकर, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष मौसम वर्मा,महेश्वर जयस के ब्लॉक अध्यक्ष जीतेन्द्र पटेल, एकलव्य आदिवासी भील सेवा समिति के अध्यक्ष कालू वर्मा,अरविन्द हिरवे,अजय मन्सोरे,शक्ति खाण्डेकर,जितेन गिरवाल, अजय भाभर,गोपाल ओसारी सहित अनैक लोग मौजूद रहें!

### रीवा में पुलिस लाइन में जनरल परेड का आयोजनः सुरक्षा और अनुशासन का प्रदर्शन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपक सिंह पटेल ब्यूरो रीवा**

रीवा में पुलिस लाइन में आयोजित जनरल परेड का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल की अनुशासन और एकता का प्रदर्शन करना था। इस परेड में पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और अच्छी वेशभूषा वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को इनाम दिया गया।इस परेड के माध्यम से पुलिस बल को अपनी सुरक्षा और अनुशासन की क्षमता का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। इससे न केवल पुलिस बल की एकता और अनुशासन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह आम जनता में भी विश्वास और सुरक्षा की भावना को बढ़ाएगा।पुलिस बल की अनुशासन और एकता का प्रदर्शन
सुरक्षा और अनुशासन की क्षमता का प्रदर्शनआम जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को बढ़ावापुलिस बल के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए इनाम का प्रावधान

### महिदपुर वार्ड क्रमांक 07में हुआ संजीवनी हॉस्पिटल का शुभारंभ



महिदपुर के वार्ड नम्बर 07 में हुआ मुख्यमंत्री संजीवनी हॉस्पिटल का शुभारंभ हॉस्पिटल का निर्माण वार्ड पार्षद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान के अथक प्रयास से हुआ काफी समय से आम जानता को इस उपहार रूपी हॉस्पिटल के शुरू होने का इंतजार था।आज दिनांक से अस्पताल में मरीजों को मिलेगा प्राथमिक उपचार एवं होगी दवाए वीतरित जिससे नगर एवं वार्ड वासियो को मिलेगा फायदा उक्त कार्यक्रम में वार्ड पार्षद फरमान मंसूरी पार्षद प्रतिनिधि मुबारिक मंसूरी नगर पालिका अध्यक्ष नानी बाई, उमा जी पांडेय डॉक्टर शकील नागौरी पार्षद बाबा नागौरी पार्षद जगदीश भाई पार्षद प्रतिनिधि सोनू जी एवं हॉस्पिटल स्टॉफ, गणमान्य नागरिक, वार्ड वासी मौजूद रहे. जानकारी भय्यू भाई ने दी

# मैहर पुलिस ने 36घंटे के अंदर अपहरण और लुट के मामले का किया खुलासा

## अपहरण कर लूट करने वाले आरोपियो को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**प्रवीण गौतम,**
**दैनिक केशरिया हिंदुस्तान**

,मैहर- फरियादी प्रदीप त्रिपाठी पिता बाबूलाल त्रिपाठी उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नं01 शिव नगर उत्तरी पतेरी थाना सिविल लाइन जिला सतना (म0प्र0) ने रिपोर्ट किया कि दिनांक. 16.12.24 को मेरे साले के दोस्त मनोज कुशवाहा ने मेरे साले से जमीन देखने के बारे में बात की इसी संबंध में वह मेरे आफिस आया जिसके साथ में दो और व्यक्ति सोनू कुशवाहा एवं सिद्धान्त पाण्डेय भी थे वहीं से मनोज ने अपने साले विकास को बुलाकर अपनी बुलेट जिससे ये लोग आये थे भिजवा दी तब मैं अपनी गाडी कार क्र.रू।46क्कक्ष5121 से उक्त तीनो लोगो को और अपने साले को साथ में लेकर रैगांव जमीन दिखाने गया जहां पर इन लोगो ने बोला कि जमीन पसंद नहीं है कहीं और दिखाओ, तब मैंने इन्हे सतना में ही अपनी एक दो और जमीन दिखाई तब इन लोगो ने कहा कि अपनी अमरपाटन वाली जमीन दिखाओ तब हम लोग अमरपाटन आ गये जहां अमरपाटन ब्लाक कालोनी में अपनी प्लाटिंग के पास जाकर इन लोगो को जमीन दिखाई तब मनोज और सिद्धान्त हम लोगो से थोडा दूर जाकर आपस में कुछ चर्चा करने लगे हम लोगो ने सोचा जमीन के संबंध में बात कर रहे होंगे थोडी देर में ये लोग आये और कट्टा कनपटी में लगाकर बोले कि अब तुम लोग किडनैप हो गये हो हम लोग जो बोलेंगे वही करना पडेगा। तब मनोज , सिद्धान्त तथा सोनू ने मुझे और मेरे साले को कार में पीछे बैठाकर हम लोगो के हाथ पैर अपने साथ रखे टाई राढ से बाध दिये तथा गाडी में रखे मेरे पर्स से 30,000 रुपये भी ले लिये और हम लोगो के मोबाइल अपने कब्जे में ले लिये इसके बाद ये लोग हमे लेकर मनोज के ससुराल लालपुर सतना गये जहां मनोज के साले विकास से सिम ली और बोलो कि और पैसे मगाओ तब मैने फोन पे पर अपने मित्र अरविन्द त्रिपाठी से 30,000 रुपये भी मगांये थे फिर ये लोग रीवा रोड बाईपास से नागौद , सिंहपुर होते हुए पन्ना ,अमरछी गांव पहुँचे , रास्ते में मेरा और मेरे साले का मोबाइल फेक दिया । अमरछी में इन लोगो को अब्दुल खान उर्फ मिराज मिला , अब्दुल ने भी इनके साथ मिलकर हमलोगो को डराया धमकाया और मेरी चैन और अगुठी उतरवा ली फिर ये लोग हमे लेकर मडइयन अमानगंज के जंगल में गये जहां रास्ते में तारा गांव के पास अख्तर खान मिला जो हम लोगो



की गाडी में बैठ गया । फिर मनोज , अख्तर सोनू और सिद्धान्त हम लोगो को लेकर जंगल में गये जहां पत्थर की एक मडइया में हम लोगो को रख कर जबरजस्ती हमारे सभी ए.टी.एम. के पिन कोड पूछे फिर अख्तर और सोनू को कट्टा देकर बोले कि रात भर इनकी रखवाली करना मनोज और सिद्धान्त मेरी गाडी लेकर वहां से चले गये तब सुबह 04 बजे की लगफग सोनू और अख्तर को सोता पाकर हम लोग वहां से भाग निकले तथा जंगल से निकलकर रोड में आये वहां से ट्रक में बैठकर अमानगंज थाने में पहुँचे थे फिर वहीं पर हमारे परिजन आ गये जिन्होने ने बताया कि कोतवाली सतना में गुमइंसान कायम है तब सिटी कोतवाली पुलिस सतना हम लोगो को अमानगंज से लाई थी हमारे ब्यान और मेडिकल हुए थे तथा सतना कोतवाली पुलिस वालो ने बताया कि घटना स्थल अमरपाटन मैहर का है तब हम लोग थाना अमरपाटन दिनांक. 19.12.24 को रिपोर्ट करने आये थे । उस रिपोर्ट पर थाना अमरपाटन में अप.क्र. 604/24 धारा 140(3), 309(6) कायम कर विवेचना में लिया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मैहर के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अमरपाटन के सुपरविजन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमे तैयार किया जाकर आरोपियो की पता तलाश हेतु रवाना किया गया जो दौरान पता तलाश 36 घण्टे के अंदर पुलिस ने एक आरोपी विकास विश्वकर्मा पिता राजमणि विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष नि. लालपुर थाना कोलगंवा जिला सतना को तथा दो अन्य आरोपियो को अब्दुल उर्फ मिराज खान पिता फैय्याज खान उम्र 22 वर्ष नि. अमरछी थाना धरमपुर जिला पन्ना तथा सिद्धान्त पाण्डेय उर्फ सिद्धान्त पंडित उर्फ टिल्लू पिता दयाराम पाण्डेय उम्र 20 वर्ष नि. घरकुआ (तारा) थाना अमानगंज जिला पन्ना को पन्ना से गिरफ्तार कर लिया गया आरोपियो के मेमोरण्डम के आधार पर फरियादी की कार क्र.रू।46क्कक्ष5121 , जूते तथा आरोपीगणो के द्वारा घटना में प्रयुक्त वाहन बुलेट क्र. स्क्क3ई 8324 एवं तीन अदद मोबाइल जप्त किया गया । मामले की तीन अन्य आरोपी अख्तरखान , सोनू कुशवाहा , मनोज कुशवाहा की पता तलाश जारी है । फरार आरोपियो की गिरफ्तारी जल्द से जल्द की जावेगी

**गिरफ्तार आरोपी-** 1.विकास विश्वकर्मा पिता राजमणि विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष नि. लालपुर थाना कोलगंवा जिला सतना
2.अब्दुल उर्फ मिराज खान पिता फैय्याज खान उम्र 22 वर्ष नि. अमरछी थाना धरमपुर जिला पन्ना
3. सिद्धान्त पाण्डेय उर्फ सिद्धान्त पंडित उर्फ टिल्लू पिता दयाराम पाण्डेय उम्र 20 वर्ष नि. घरकुआ (तारा) थाना अमानगंज जिला पन्ना

**जप्ती मशरूका** - कार क्र.रू।46क्कक्ष5121 , जूते तथा आरोपीगणो के द्वारा घटना में प्रयुक्त वाहन बुलेट क्र. स्क्क3ई 8324 एवं तीन अदद मोबाइल कुल जप्ती मशरुका लगफग 10,000,00 रुपये

सराहनीय भूमिका- श्री एसी श्री के.पी. त्रिपाठी थाना प्रभारी अमरपाटन , उनि आकाश बागडे , उनि संतोष उलाडी उनि शिव बालक वर्मा , सउनि हरीलाल वर्मा , प्र.आर. रवि सिंह ,प्र.आर. हसरतखान ,आर. संदीप परिहार सायबर सेल , आर. संतोष राय , आर. सुरजीत सिंह , आर. प्रमोद मिश्रा , आर. अनूप सिंह , आर. उत्कर्ष , आर. दिलीप ओझा

# शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वीर शहीदों को याद किया, 1857 की क्रांति में महिदपुर का स्थान प्रदेश में अलग



**केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा**

महिदपुर। नगर पालिका द्वारा शुक्रवार को शहीद दिवस मनाया गया। सबसे पहले वीरांगना तुलसा बाई व दिल्ली दरवाजे पर अतिथियों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पुराने बस स्टैंड विजय स्तंभ पर गॉर्ड ऑ? ऑनर दिया। गोपाल गोशाला में अतिथियों के उद्बोधन हुए। सबसे पहले मां सरस्वती के साथ वीर शहीदों की छवि पर पुष्पांजली तथा दीप प्रज्जवलित किया गया। उसके बाद परंपरानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएस सोनिस द्वारा पुष्पमाला से अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रीति पांडे प्राध्यापक प्राचीन इतिहास विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा 1817 की क्रांति में महिदपुर की भूमिका तथा वीरांगना महारानी तुलसा बाई होल्कर की शहादत के बारे में बताया गया। वहीं श्रीमंत उदयराजे होल्कर ने कहा 1857 की क्रांति में महिदपुर का स्थान प्रदेश में अलग ही है। होल्कर स्टेट के समय भानपुरा होल्कर की राजधानी बनी थी तो वहीं महिदपुर जिला बना हुआ था। मुख्य अतिथि कुलगुरु विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन प्रो. अर्पण भारद्वाज द्वारा वीरांगना महारानी तुलसाबाई की शहादत को लेकर 1857 की क्रांति में उनके योगदान तथा नगर क्षेत्र के शहीदों के योगदान को बताया। अश्विनी शोध संस्थान की ओर से डॉ. श्याम सुंदर निगम स्मृति पुरस्कार से पूर्व विभागाध्यक्ष चित्रकला शास. कला माधव महाविद्यालय उज्जैन श्री कृष्ण जोशी को मुख्य अतिथि कुलगुरु, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन प्रो. अर्पण भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष देवी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह दिल्ली श्रीमंत उदयराजे होल्कर अश्विनी शोध संस्थान निदेशक डॉ. आरसी ठाकुर द्वारा पुष्पमाला तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर द्वारा प्रतिवर्ष पुरातत्व पर शोध करने वालों को यह सम्मान डॉ. ठाकुर द्वारा प्रदान किया जाता है। पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान ने भी विशेष अतिथि के रूप में संबोधित किया। कार्यक्रम में पार्षदगण अनिल आंचलिया, जगदीश राठौर, उमा पांडे, आशा राठौर, नेहा सकलेचा,बाबा नागौरी, प्रतिनिधि जाकिर भाई सांगा, मुबारिक मंसूरी आदि सहित शासकीय कन्या महाविद्यालय उज्जैन इतिहास की प्रो. अंजना बिजोरिया तथा कन्या महा. उज्जैन की छात्राएं, जनप्रतिनिधिगण, नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारीगण व गणमान्यजन उपस्थित रहे। संचालन दिनेश दिग्गज ने किया। आभार मुख्य नपा अधिकारी सीएस सोनिस ने माना।

# हनुमान अष्टमी के पावन अवसर पर रणजीत हनुमान मंदिर पर होगे धार्मिक अनुष्ठान ।

**केसरिया हिंदुस्तान दिनेशवर्मा**

भव्य प्रभात फेरी का तृतीय वर्ष होगा हर घर/प्रतिष्ठान से हो स्वागत की अपील ।महिद्पुर। हनुमान अष्टमी के पावन अवसर पर नगर के मध्य विराजित श्री रणजीत हनुमानजी मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान होगे । श्री हनुमान जी का अभिषेक के बाद विशेष श्रंगार किया जावेगा तथा विगत एक माह से युवाओ के द्वारा प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभात फेरी को सोमवार को प्रातः भव्य प्रभात फेरी प्रातः 7 बजे रणजीत हनुमान मंदिर नगर भ्रमण प्रभात फेरी के रुप मे रहेगा। जो कि मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुनः मंदिर प्रांगण आएगी जहाँ बाबा की आरती कर प्रसादी वितरण होगा। आप से आग्रह है की आप अपने प्रतिष्ठान/घर पर बाबा का पुष्प वर्षा कर अभिनंदर करें एवं अधिक से अधिक संख्या में पधारे।सायंकल मंदिर परिसर को फलो की वाटिका के रूप मे सजाया जाएगा रात्रि 7~30 बजे महाआरती के बाद प्रसादी वितरण होगी । श्री रणजीत हनुमान भक्त मण्डल ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अपील है कि उक्त धार्मिक आयोजन मे परिवार सहित भाग लेकर धर्म लाभ लेवे।

### मैना मारूरिटायरमेंट के 1 वर्ष पुर्व ही लोकायुक्त पुलिस टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए वन विभाग में पदस्थ वनपाल को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया



**धार जिला संवाददाता**

आरोपी वनपाल ने पट्टा दिलाने के नाम पर रूपयों की मांग रखी थी, जिसकी शिकायत एक ग्रामीण ने इंदौर लोकायुक्त कार्यलय पर की थी। शिकायत का सत्यापन होने के बाद आज लोकायुक्त की टीम ने वनपाल को रिश्वत लेते हुए ग्राम मांगोद में गिरफ्तार कर लिया है। जहां से टीम वनपाल को सर्किट हाउस धार लेकर पहुंची। जहां आगे की कार्रवाई जा रही है।दरअसल अमझेरा निवासी दिनेश पिता रमेश कोली उम्र 40 साल को भेरू घाट के समीप वन विभाग की 10 बीघा भूमि पर खेती करना थी। इसके लिए किसान ने विभाग के कार्यलय में संपर्क किया। जहाँ पर आरोपी वनपाल दयाराम वर्मा ने पट्टे के एवज में 50 हजार की मांग रखी। किसान ने इसकी शिकायत इंदौर लोकायुक्त ऑफिस में की। इसी आधार पर ट्रेप दल का गठन हुआ व शुक्रवार देर शाम लोकयुक्त ने 10 हजार रुपए लेते हुए आरोपी वनपाल को पकड़ा है।

# 24 घण्टे के अन्दर पुलिस ने किया अंधी हत्या का खुलासा मृतक की पत्नी ने ही अपने दोस्तों के साथ हत्या को दिया था अंजाम -सूत्र

**सिंगरौली से जिला ब्यूरो चीप दिलीप कुमार गुप्ता की खास रिपोर्ट**

सिंगरौली/चितरंगी -मध्यप्रदेश में नए कानून होने के पश्चात पुलिस अपराध पर नियंत्रण के लिए निरंतर सख्ती वरत रही है।जिसको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में,एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी,निरीक्षक गढ़वा अनिल कुमार पटेल,चौकी प्रभारी नौडिहवा व पुलिस टीम ने राह चलते हुई युवक की हत्या का खुलासा किया है।मिली जानकारी के मुताबिक 17 दिसम्बर 2024 को थाना प्रभारी गढ़वा एवं एसडीओपी चितंरगी
के मोबाइल ?पर सूचना प्राप्त हुई कि मटिहवा घाटी के आगे नैकहवा मेन रोड़ कसदा पुलिया के पास दम्पत्ति (मृतक एवं उसकी पत्नी) के साथ कुछ अज्ञात बदमाशों ने लुटपाट कर हत्या कर दी।सूचना मिलते ही एसडीओपी चितंरगी एवं थाना प्रभारी गढ़वा व चौकी प्रभारी नौडिहवा पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।जहां मृतक की पत्नी,मृतक के परिवार एवं गाँव के लोग मौजूद थे।वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए शव विच्छेदन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मोर्चरी चितरंगी में भिजवाया गया।घटना के संबंध में मृतक की पत्नी से पूछताछ करने पर मृतक की पत्नी कि जानकारी संदेहास्पद प्रतीत होने के कारण मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई,जिसमें उनके द्वारा दोनो के बीच लड़ाई झगडा एवं मृतक की पत्नी का किसी अन्य के साथ अवैध संबंध होना बताया गया।ऐसे में पुलिस द्वारा मृतक की पत्नी से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2024 में इच्छा के बगैर मृतक बिन्दु उर्फ चेतमन से शादी कर दी गई थी।माता-पिता के दबाव में आकर उसने शादी कर ली।लेकिन वह



अपने प्रेमी अनुज साहू से बात करती थी इसी बात को लेकर आये दिन उसके और पति के बीच लड़ाई झगड़ा होता रहता था।जिस कारण मृतक की पत्नी एवं प्रेमी अनुज साहू के साथ मिलकर पति की हत्या करने की योजना बनायी गई। योजनाअनुसार पति ?के साथ14 दिसम्बर 2024 को मायके गई थी।मायके में हत्या की योजना सफल नहीं हो पायी जिस पर उसने अपने प्रेमी अनुज साहू को 17दिसम्बर 2024 को मायके से वापस ससुराल जगमार मटिहवा घाट लौटते समय रास्ते में हत्या करने की योजना बनायी।जैसे ही मटियहवा **घाटी के आगे नैकहवा मेन रोड में कसदा पुलिया के पास** -पहुंची तो गाड़ी रुकवाकर शौंच के लिये जंगल तरफ गई तभी मोटरसाइकल से पाँच लोग आकर पति के साथ मारपीट कर हत्या कर दिये।वहीं मृतक के पत्नी की बात यहीं खत्म नहीं होती उसने यह भी बताया कि बदमाश लोग मेरा हाथ पैर बाँध दिये तथा चाँदी की पायल व मोबाईल लुट कर ले गये।जहाँ मृतक की पत्नि व उसके प्रेमी के विरुद्ध घटना स्थल पर ही अपराध पंजीबद्ध किया गया। तथा पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई,आरोपीगणों ने पूछताछ के दौरान बताया कि योजनाबद्ध तरीके से घटना स्थल से करीब 15 किलोमीटर पहले ही अनुज और बाल अपचारी परिवर्तित नाम(अभिषेक)अपना मोबाईल बंद कर दिये थे,ताकि लोकेशन न आये और मृतक की पत्नी अपने मोबाईल से आरोपी बाल अपचारी परिवर्ति नाम (राकेश) के मोबाईल पर लगातार लोकेशन मैसेज कर रही थी एवं मैसेज से ही बात कर रहे थे। उक्त वारदात पुलिस के लिए चुनौती बन चुकी थी जिसकी विवेचना के दौरान दिनांक 19 दिसम्बर 2024 को आरोपी अपचारी बालको को गिरफ्तार किया गया तथा घटना घटित करने में उपयोग किये गये डण्डा एवं सायकल का फ्रायबिल गेयर घटना स्थल से कुछ दूरी पर ही जप्त किया गया एवं घटना घटित करने के दौरान उपयोग की गई मोटर सायकल एवं मोबाईल सभी आरोपीगण एवं अपचारी से जप्त कर लिया गया है।सभी आरोपीगणों को न्यायालय पेश किया गया।आरोपीयो का नाम अनुज कुमार साहू पिता रामलल्लू साहू उम्र 19 वर्ष,बाल अपचारी बालक उम्र 16 वर्ष 06 माह, बाल अपचारी बालक 16 वर्ष 04 माह तीनो निवासी ग्राम बसनिया थाना चितंरगी जिला सिंगरौली,मृतक की पत्नी बालअपचारी बालिका उम्र17 वर्ष 10 माह निवासी जगमार चौकी बगदरा थाना गढवा जिला सिंगरौली के रूप दर्ज किया गया है।उक्त कार्यवाही मे एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन,थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पटेल,उपनिरीक्षक उदयचन्द्र करिहार,उपनिरीक्षक उमेश तिवारी,सहायक उपनिरीक्षक परमहंश पाण्डेय,शिवाकांत बागरी,प्रधान आरक्षक गरूण प्रसाद साकेत,धीरेन्द्र पटेल,फूल सिंह,आरक्षक चन्द्रकेश यादव,राजेश मिश्रा,गौरव यादव एवं सायबर सेल की टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री ने रतलाम में की घोषणाएं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम में खेल चेतना मेले का शुभारंभ किया






रतलाम / मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजादी के बाद पहली बार हमने प्रदेश में खेलों के लिए 586 करोड़ के बड़े बजट का प्रावधान किया है। मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है जहां हॉकी के लिए सर्वाधिक एस्ट्रोटर्फ होंगे। खेल अब मात्र गतिविधि नहीं बल्कि पाठ्यक्रम का हिस्सा भी बनाए गए है। अब खेल शिक्षक भी प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, कुलगुरु बन सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रतलाम में चैतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे 25 वें खेल चेतना मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर औपचारिक रूप से खेल चेतना मेले के शुभारंभ की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप, सांसद श्री सुधीर गुप्ता, सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह

चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी, विधायक आलोट श्री चिंतामणि मालवीय, विधायक रतलाम ग्रामीण श्री मथुरालाल डामोर, महापौर श्री प्रहलाद पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, कलेक्टर श्री राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार आदि उपस्थित थे।आजादी के बाद प्रदेश में पहली बार **586 करोड़ के खेल बजट का प्रावधान, खेल अब पाठ्यक्रम काहिस्सा** - मुख्यमंत्री डॉ. यादवरतलाम मेडिकल कॉलेज में कार्डियक ब्रांच स्थापित होगी साड़ी क्लस्टर बनाया जाएगा हॉकी के लिए एस्ट्रो टर्फ का निर्माण होगा मुख्यमंत्री ने रतलाम में की घोषणाएं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रतलाम में खेल चेतना मेले का शुभारंभ किया

## अबैध खनिज उत्खनन खनिज माफियाओ का बोलबाला ज़िला प्रशासन मूकबधिर नागेन्द्र सिंह करमऊ




**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

नि प्र करमऊ रामपुर बाघेलान क्षेत्र के रामनगर फीफिर रघुनाथपुर छिबौरा बेला बरती दलदल बाबूपुर डेगरहट जनार्दनपुर मे खनिज माफियाओ के द्वारा खनिज उत्खनन कर हर दिन सैकड़ों हाईबा से बाक्साइड और सीमेंट बनाने बाले पत्थर को खनिज माफियाओ के द्वारा उत्खनन कर खनिज संपदा को नष्ट कर रहे है उक्त जानकारी आखिल भारतीय बनबासी बिकाश परिषद सतना के जिला हित रक्षक प्रमुख व पूर्व जनपद सदस्य नागेन्द्र सिंह करमऊ ने बताया कि हर दिन बडे बडे हाईबा से ओबर लोड बाक्साइड लेकर जाते है लेकिन जिला प्रशासन और खनिज बिभाग के जिला खनिज अधिकारी के सह से क्षेत्र मे अबैध खनिज उत्खनन किया जा रहा है छिबौरा के जंगल मे हर दिन हैबी ब्लास्टिंग किया जाता है जिससे आदिवासी समाज के लोग जो बसे हैं उनकी जान हमेशा खतरे में रहती है हैवी ब्लास्टिंग करने से कई गाय माता की हत्या हो चुकी है लेकिन जिला प्रशासन कुंभ कर्ण नीद? मे सो रहा है वही नागेन्द्र सिंह करमऊ ने जिला प्रशासन व खनिज माफिया को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अवैध खनिज उत्खनन बंद नहीं किया गया तो हम जनता को लेकर आर पार की लडाई लड़ेंगे

## ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने 58 हजार से भी अधिक नागरिकों का किया 'प्रकृति परीक्षण'

### देश के प्रकृति परीक्षण अभियान में बैतूल का ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज सबसे आगे

**केसरिया हिंदुस्तान**

बैतूल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वप्न परियोजना ''देश का प्रकृति परीक्षण'' अभियान में ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल देश के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेजों की सूची में सबसे आगे चल रहा है। ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने 58 हजार से भी अधिक नागरिकों का किया ÷प्रकृति परीक्षण÷ किया है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के लिये प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुमोदन पर राष्ट्रीय आयोग भारतीय चिकित्सा पद्धती नई दिल्ली, जिसके अंतर्गत पूरे देश के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज संचालित किये जाते है, ने आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों को वॉलंटियर बनाकर देश के प्रत्येक नागरिक का प्रकृति परीक्षण करने की जिम्मेदारी दी है।




ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने बताया इस अभियान में ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी बैतूल जिले के नागरिकों की प्रकृति निकाल रहे है। आयुर्वेद में प्रत्येक व्यक्ति के आहार-विहार एवं दैनिक क्रिया कलापों की आदतों के आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की प्रकृति निश्चित की जाती है, जिससे उन व्यक्तियों को भविष्य में मौसम परिवर्तन पर होने वाले स्वास्थ्य संबंधि समस्याओं से बचाव किया जा सकता है। इसी मुहिम के तहत ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी एवं शिक्षकगण बैतूल शहर एवं आस-पास के गॉव में घूम-घूम कर नागरिकों का प्रकृति परीक्षण कर रहे है। ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी बैतूल जिले के नागरिको की बदौलत अभी तक 58 हजार से भी अधिक नागरिकों का प्रकृति परीक्षण कर चुके है। यह अभियान आगामी 25 दिसम्बर तक चालू है और इसी मुहिम में ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने बैतूल जिले के नागरिको से अनुरोध किया है कि इस प्रकृति परीक्षण अभियान में विद्यार्थी को समर्थन करें और जिन नागरिकों के पास वॉलंटियर नहीं पहुंच पा रहे है वे महाविद्यालय आकर भी अपना प्रकृति परीक्षण करवाएं।

## थाना चोरहटा पुलिस व्दारा कई महीनो से फरार 10,000/- रूपये के ईनामी एन.डी.पी.एस. के आरोपी को किया गिरफ्तार

**भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

रीवा।श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विवेक सिहं के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनकर व नगर पुलिस अधीक्षक डॉ.रितु उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विश्वविद्यालय एवं थाना प्रभारी चोरहटा की टीम व्दारा थाना चोरहटा के अप.क्र.245/2024 धारा 8,20बी,25,25,29 हृष्ठक्र.ष्ट्ठ के प्रकरण में फरार ईनामी आरोपी लालमणि जायसवाल को **सफलतापूर्वक किया गिरफ्तार** -घटना का विवरण ङ्क दिनांक 07/05/2024 को तत्कालीन थाना प्रभारी चोरहटा निरी.श्रृंगेश सिहं राजपूत व्दारा मुखबिर सूचना पर रेड कार्यवाही करते हुए हमराह स्टाफ के ट्रक क्र.ऋछ 25 ट्ठ 6694 के वाहन स्वामी/चालक जुगराज सिहं एवं वीर सिहं के कब्जे से ट्रक सहित कुल 05 क्विटंल अवैध मादक पदार्थ गाँजा कुल कीमती 50,00,000/- रूपये का जप्त किया गया था गिरफ्तार शुदा आरोपियो के मेमोरण्डम कथन के आधार पर प्रकरण में लाल




प्रताप सिहं एवं राकेश उर्फ राजू गुप्ता ,लालमणि जायसवाल को आरोपी बनाया गया था जो प्रकरण में आरोपी लाल प्रताप सिहं व राकेश उर्फ राजू गुप्ता को दिनांक 08/05/2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था प्रकरण का फरार 10,000/- रूपये का ईनामी आरोपी लालमणि जायसवाल पिता स्व. दद्दू जायसवाल उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम हर्दी थाना गुढ़ हाल दीप ज्योति स्कूल के पास नया बस स्टैण्ड के पीछे थाना समान जिला रीवा को दिनांक 19/12/2024 को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है जो माननीय न्यायालय व्दारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में केन्द्रीय जेल रीवा में दाखिल किया गया है ।

**नाम आरोपी-** लालमणि जायसवाल पिता स्व. दद्दी जायसवाल उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम हर्दी थाना गुढ़ हाल पता दीप ज्योति स्कूल के पास नया बस स्टैण्ड के पीछे थाना समान जिला रीवा( म.प्र. )

**महत्वपूर्ण भूमिका** - निरी. हितेन्द्रनाथ शर्मा थाना प्रभारी विश्वविद्यालय , निरी.आशीष मिश्रा थाना प्रभारी चोरहटा , उप निरी. मृगेन्द्र सिंह सायबर सेल रीवा , प्र.आर. 576 के.पी. सिहं थाना चोरहटा , प्र.आर. 241 सतेन्द्र तिवारी थाना चोरहटा ,आर. 966 पकंज मिश्रा थाना चोरहटा ,आर. 1054 आशीष त्रिपाठी एवं आर. रविशंकर व्दिवेदी थाना समान एवं प्र.आर.शिवाकान्त मिश्रा पुलिस लाइन रीवा

## अवैध कब्जे का विरोध करने पर ताऊ-भतीजे की हत्या के मामले में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

### सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सुनाया निर्णय

**ब्यूरो रिपोर्ट - पवन पाण्डेय**

चित्रकूट ब्यूरो- तालाब से अवैध कब्जा हटवाने को लेकर हुए विवाद में कांग्रेस नेता समेत उसके भतीजे को गोली मारकार मौत के घाट उतार देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 30 दिसम्बर 2020 को पहाड़ी थाने के प्रसिद्धपुर गांव के निवासी आकाश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में आकाश ने बताया था कि बीती 29 दिसम्बर 2020 को उनके गांव में उत्तर प्रदेश शासन के सचिव के आने की सूचना थी। इस पर गांव में सरकारी कर्मचारी जूनियर हाईस्कूल में दोपहर के समय एकत्रित हुए थे। इस दौरान उसके पिता के बड़े भाई अशोक कुमार सिंह ने वहां मौजूद कर्मचारियों से कहा कि गांव के तालाब में कमलेश रैकवार ने कब्जा कर रखा है। तालाब से अवैध कब्जा हटाया जाना चाहिए। इस बात को लेकर कमलेश रैकवार व उसके दादा अशोक कुमार सिंह के मध्य विवाद हो गया था। इसके चलते उसी दिन रात लगभग साढ़े आठ बजे उसके भाई शुभम सिंह और दादा अशोक सिंह के खाना खाकर घर से आते समय रास्ते में कमलेश रैकवार ने अपने दरवाजे पर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर कमलेश रैकवार ने अपनी लाइसेंसी राइफल से शुभम को गोली मार दी। बचाने का प्रयास करने पर उसके दादा अशोक कुमार सिंह को भी गोली मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## न्यू लाईफ में तीन दिवसीय एनवल फिस्टा का आयोजन

**देबाशीष गांगुली (संवाददाता । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**



बैकुण्ठपुर। 'न्यू लाईफ'' हेल्थ एण्ड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित ''न्यू लाईफ'' इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग महाविद्यालय में 3 दिवसीय एनवल फिस्टा का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल एवं श्रीमती वंदना जायसवाल के साथ संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्युल एवं समस्त स्टॉफ के द्वारा शुभारंम किया गया, जिसमें प्रथम दिवस में आन्रद मेला, रेटरो सिंगिंग (सोलो एण्ड ग्रुप) लेमन रेष, एकल नृत्य एवं द्वितीय दिवस में क्विज, साड़ी डेपिंग, मेंहदी, पोट डेकोरेशन, हेयर स्टाईल, एवं तृतीय दिवस में ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, एवं क्रिसमस सेलिब्रेशन जैसे प्रतियोगिता सम्मिलित थे, प्रतियोगिता में समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को चार ग्रुप रूबी स्टोन, तोपाज स्टोन, ऐमरेल्ड स्टोन, एवं सफायड स्टोन, में बांटा गया था। प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने बड़-चड़ कर भाग लिया और अपने प्रतिभा का भरपुर प्रदर्शन करते हुए हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया, एवं अंतिम दिवस में प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ के द्वारा क्रिसमस केक काटा गया साथ ही नर्सिंग के छात्र-छात्राओं एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा क्रिसमस मनाया गया।

## विश्व ध्यान दिवस पर ध्यान सत्र का आयोजन



**बाग से रघुनाथ सेन**

बाग- विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर शासकीय सी एम राईज विद्यालय में ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। ध्यान सत्र के आरंभ में योग शिक्षिका श्रीमती राधा शर्मा ने विद्यार्थियों को प्राणायाम की मुद्राएं करवा कर योग के बारे में समझाया। योग शिक्षक राजेन्द्र सिंह झाला ने ध्यान क्यों एवं जीवन में ध्यान से होनेवाले लाभ से अवगत करवाया। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया ने बताया कि हमें ध्यान तथा योग अपने प्रतिदिन की क्रिया में शामिल करना चाहिए। पश्चात संस्था प्राचार्य डी एस बघेल ने अपने उद्बोधन में छात्रों को योग एवं ध्यान को नियमित करने तथा इस वर्ष परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जोर दिया । आपने बताया कि ध्यान से ही जीवन में एकाग्रता एवं ताजगी बनी रहती है। कार्यक्रम के अंत में राजेन्द्र सिंह झाला द्वारा शान्तिपाठ कर प्रेरक समुहगान सुबह सबेरे लेकर तेरा नाम प्रभु करवा कर ध्यान सत्र का समापन किया गया। सत्र में माडल प्राचार्य वंदना नायक,लक्ष्मीनारायण पंवार,अशोक शर्मा,प्रतिभा उपाध्याय,दिव्या कोकने,उमेश लच्छेटा,पारस परिहार, रवींद्र कलमोदिया,नीतू यादव, मनीषा राठी, गिरीराज पाटीदार, सुमित्रा सोलंकी, अखिलेश राठौड़,धर्मेन्द्र शर्मा, मनीष राठौर आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

## मांसाहार से चट मंगनी पट ब्याह की तरह से रात को बीमार और सुबह खत्म जैसी बीमारियों के आने के संकेत



बालोद (छत्तीसगढ़)अभी खबर आ रही छत्तीसगढ़ के जिला बालोद से, जहां उज्जैन से आए हुए वक्त के समर्थ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता परम पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज ने लोगों को आगाह करते हुए बताया कि आजकल बहुत जप-तप, पूजा-पाठ, अनुष्ठान होने के बावजूद देवता खुश नहीं हो रहे, क्योंकि मांसाहार से अपवित्र हुए अंगों से ही तो पूजा-पाठ करते हैं, मंत्र पड़ते हैं। इसलिए बेमेल हुए खून पर दवा भी असर नहीं करती। बाबाजी ने कहा, शराब इतनी नापाक है कि अगर इसको गंगाजल में भी बनाया गया हो तो भी नहीं पीना चाहिए। बच्चों का ध्यान रखो, कहीं नशे की लत में पड़कर गाड़ी न लड़ा दें, एक दूसरे के ऊपर शराब की बोतल मार करके खुदा के प्यारे न हो जाएं।आगामी भयंकर बीमारियों के बारे में त्रिकालदर्शी सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज की देश और दुनिया के लोगों को चेतावनी।

## जिला अध्यक्ष बने दशरथ सिंह ब्लाक अध्यक्ष बने प्रीतम सिंह






**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-पुरषोत्तम साहू**

दमोह/बटियागढ- परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी के आशीर्वाद वा दिशा निर्देशों में एवं केंद्रीय कार्यालय पदाधिकारी के निर्देशन में सहडोल जिले के ब्यौहारी तहसील में स्थित श्री पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम में सागर संभाग के कार्यकर्ताओं की 19-20 दिसंबर को मीटिंग संपन्न हुई जहां पर दमोह जिले के कार्यकर्ताओं को नवनियुक्त पदाधिकारि बनाया गया भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष पूजा शुक्ला के नेतृत्व में भगवती मानव कल्याण संगठन किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष जनप्रतिनिधि दशरथ सिंह को बनाया गया वहीं भगवती मानव कल्याण संगठन ब्लाक अध्यक्ष प्रीतम सिंह को बनाया गया वहीं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन संध्या शुक्ला के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि बबलू नायक को बटियागढ भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया वहीं पार्टी दमोह जिला अध्यक्ष मानव पटेल को बताया गया तो दमोह जिले के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाई दी साथ ही संगठन एवं पार्टी पदाधिकारियों ने संकल्प लेते हुए कहा कि हम सभी को जो ज़िम्मेदारियां दीं गई है उसका पालन अच्छे से करेंगे साथ ही पार्टी को आगे बढ़ाने का पूर्ण प्यास करेंगें तो वहीं संगठन को भी जनजागरण के माध्यम से घर-घर जाकर के दुर्गा पाठ का आरती कृम के आयोजन करके लोगों को नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए समाज सुधार एवं समाज कल्याण के लिए संकल्प के साथ कार्य करेंगे

## शहडोल में सेटिंग का दंभ

कुमार प्रतीक के स्थानांतरण होने के बाद जबलपुर और अन्य महानगरों से आया एक गिरोह शहडोल में यह दंभ भरता हुआ नजर आ रहा है कि उसने शहडोल जिले में अवैध कारोबार करने का महीने पर ठेका कर लिया है इस प्रकार की तमाम चर्चा है निकलकर सामने आ रही हैं हालांकि इन चर्चाओं की पुष्टि हम नहीं करते। दूसरी और यह भी खबर है कि संवेदनशील तेज सरकार ने पुलिस अधीक्षक अपराध पर अंकुश लगाने रणनीति तैयार कर रहे हैं जिस पर आगामी समय बड़ी कार्यवाही कि कयास लगाई जा रही है। जिला बदर माफिया जिस पर दर्जनोंअपराध हैं उसका वर्चस्व शहर में कायम होना इस बात का कहीं ना कहीं प्रमाण है कि धुआं निकल रहा है तो आग तो लगी है अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या ऐसे माफिया को जिले में फिर अवैध काम को बड़ाने हरी झंडी दिखाई गई या नहीं ।

# लगभग एक सैकड़ा अवैध शराब दुकान संचालित, पैकारी पर अंकुश लगाने में असफल विभाग और पुलिस

**जयसिंहनगर शराब दुकान वायरल वीडियो पर कार्यवाही शुन्य, कश्यप की कार्यशैली पर सवाल**






## लाइसेंसी की आड़ में हो रही शराब की पैकारी.. सो रहे जिम्मेदार अधिकारी


अंग्रेजी शराब दुकान से पैकारी का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल

इंट्रो। जी हां मामला एक बार फिर शहडोल जिले का जहां शराब ठेकेदार लाइसेंसी शराब दुकान की आड़ में गांव-गांव शराब खपाने को तैयार है सोशल मीडिया में जमकर वीडियो वायरल हो रहा है जो कहीं ना कहीं शहडोल आबकारी विभाग की कुंभकर्णी निद्रा का परिचायक साबित हो रहा है सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा रहा है कि लाइसेंसी शराब दुकान में बोलेरो वाहन लगाकर शराब लोड कर स्थानी क्षेत्र में खपाने की तैयारी जोरों पर है बताया जाता है की वीडियो बीते एक सप्ताह से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक इसकी खबर नहीं ली तो वहीं वायरल वीडियो कहीं ना कहीं स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़ा कर रहा है।

गजेन्द्र परिहार

वीडियो हुआ सोशल मीडिया में वायरत

जिले में गली-गली बिक रही अवैध शराब, कौन बना शराब कारोबारियों का मसीहा...!!

गली गली छलकते है जाम

इनका कहना है

जानकारी आपके माध्यम से संज्ञान में आई है, आपके माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर जांच कर कर कार्यवाही की जाएगी।
सतीश कश्यप
आबकारी अधिकारी, शहडोल

हमने अभी तक वायरल वीडियो नहीं देखा है आप वीडियो हमे भेजिए जांच करा कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।
सतेन्द्र चतुर्वेदी
थाना प्रभारी, जयसिंहनगर

शहडोल। देसी अंग्रेजी शराब न हुई साहेब पारले-जी की बिस्किट हो चली हर गली कूचे कोने में आसानी से उपलब्ध... और ऐसा हो भी क्यों ना जब जिम्मेदार आबकारी विभाग तस्करों और शराब माफियाओं पर कार्यवाही करने के स्थान पर उन्हें संरक्षण देने लगे तो यह आम बात है अवैध

### पैकारों के हौसले बुलंद

बीते दिनों समाचारों के माध्यम से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब की पैकारों का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था खबर का असर दिखा मुख्यालय में गली-गली बिकने वाली शराब बंद हुई भाई नवजात कप्तान और नवजात कलेक्टर कब है विभाग और आमजन और ठेकेदार सबको है...!! बावजूद इसके कुछ प्रकार अभी भी हैं जो अन्य थाना क्षेत्र के शराब ठेकेदारों से शराब लाकर शहडोल मुख्यालय में खपा रहे हैं इतना ही नहीं अवैध रूप से मयखाने भी जमुई के समीप उगे हैं इन प्रकारों पर स्थानीय नेताजी के संरक्षण की चर्चा भी आम है, तभी तो यह प्रकार इस कदर बे लगाम है कि इन्हें सोहागपुर थाने का, आबकारी अधिकारी का किसी का कोई भय नहीं है।

### कोयलांचल का भी यही हाल

बीते दिनों आधी रात बुड़ार में शराब बिकने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था हा, लेकिन आबकारी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया, मानव लक्ष्मी जयसवाल पर सब की कोई विशेष कृपा हो तो वही हमारा सर्वे और सूत्र बताते हैं कि बुड़ार में कंपोजिट की आड़ में जलवाही बैरियर के पास किराना दुकान में चिनौड़ी,गीता बस स्टैंड अस्पताल से लगभग 100 कदम आगे, मुन्ना स्टेशन लड़की लाल के पास, जयपुर मिठाई दुकान, लालपुर में पुस्सु की किराना दुकान, और उसके सामने की दुकान और बुड़ार के अमलाई में चौराहे पर तो इधर अमलाई में बटुआ सरपंच के घर, शारदा माइंस गेट के पास और रुंगटा कॉलोनी क्लब के बगल में धड़ल्ले से 24 घंटे शराब बिक्री की जा रही है।

### इधर अभी भी बिक रही शराब

खबर के बाद कुछ दिनों तक जिला मुख्यालय में पाइकारी बंद रही तो अब सूत्रों की माने तो बुढार और अन्य थोक से शराब लाकर शहडोल मुख्यालय में ग्राम कोटमा में राघवेंद्र बाईपास के समीप सरवन जमुई में नवनिर्मित होटल के बगल में निशांत और धुरवार में लाइट बंद करके राम नारायण अभी भी अवैध शराब की बिक्री जोरों पर किए हुए हैं, मानो इन्हें स्थानीय पुलिस और प्रशासन का कोई भय नहीं और हो भी क्यों स्थानीय नेताजी का संरक्षण जो इन्हें मिला हुआ है। तो विशेष बबलू पैकार ने ढाबा की बगलवाली रोड में पहले घर पर ही अहाता खोल लिया है जहां शाम होते ही शराब खपने लगती है।

### जयसिंहनगर दुकान पर कार्यवाही लंबित

बीते दिनों जयसिंहनगर शराब दुकान से बड़ी मात्रा में शराब की पैकारी का वीडियो वायरल हुआ था जिसकी जानकारी आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप को दी गई थी लेकिन साहब ने वर्जन में तो कहा था कि ठोस कदम उठाए जाएंगे पर मानों ठोस कदम इतने ठोस है कि अब तक उठी नहीं पाए... अब अपुष्ट सूत्रों की माने तो साहब की कथित ठेकेदार भोला से साइलेंट पार्टनरशिप है जो कई वर्षों से भांग और शराब में चली आ रही है इसीलिए साहब ने इन्हें संरक्षण दिया हुआ है और साहब इन पर कार्यवाही नहीं करते भले ही अन्य अधिकारी कितनी भी कार्यवाही की गुहार लगाते रहे यही कारण है कि वायरल वीडियो के बाद भी साहब सवालों से बचते नजर रहे हैं।

पैकारी की खबर के बाद मुख्यालय में शराब की पैकारी बंद हुई तो अब

### ब्यौहारी जयसिंहनगर में खप रहे खेप

दूसरी ओर ब्यौहारी, जयसिंह नगर, बुड़वा बाणसागर में ठेकेदारों के हौसले बुलंद है बताया जाता है कथित ठेकेदार द्वारा पपौध में मुबारक खान, मनबोध, लवकुश, मनोज, संतोष और नरेंद्र के द्वारा भारी मात्रा में शराब की बेची जा रही है गौरतलब है कि यह तमाम पैकार एक ही समुदाय से संबंध रखते हैं तो इधर ब्यौहारी थाना अंतर्गत पसगड़ी,मंटोला भिगोया, अस्पताल के पास एवं माता माता मंदिर के समीप शराब की बिक्री जोरों पर है, तो जयसिंह नगर के आसपास के तमाम गांव में धड़ल्ले से शराब बेची जाती है मुख्य रूप से देवरा, कौआसराय, टेटका, जयसिंहनगर वार्ड नंबर 13,14,15 चितराव, मीठी, चौरा, सेमरा में प्रमुख ठीहे ठेकेदार द्वारा बनाए गए हैं।

अनूपपुर बुढार और ब्यौहारी और जयसिंहनगर से शराब लाकर जिला मुख्यालय में खफाई जाने लगी, तो दूसरी ओर वायरल वीडियो पर जांच और कार्यवाही की बात कहने वाले आबकारी वाले साहब अब फोन उठाने से भी कतरा रहे हैं, जिस पर साइलेंट पार्टनरशिप की चर्चा भी उफान पर हो चली है।

**इनका कहना है**

**(इस संबंध में जानकारी के लिए शहडोल आबकारी अधिकारी को दूरभाष में संपर्क किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा)**

## जबलपुरिया चचा फिर पहुंचा शहडोल संभाग, शहडोल में अनीश का वर्चस्व होगा कायम.

**गजेन्द्र परिहार**

शहडोल। जबलपुर के कुछ चचा इन दोनों शहडोल में दम भर रहे हैं कि शहडोल संभाग में अवैध गतिविधियों का ठेका उन्होंने ले लिया है और अवैध कबाड़ कारोबार शहडोल में फिर बदस्तूर जारी होने की घुड़की भरी जा रही है बताया यह जा रहा है कि जिला बदर से लौटे माफिया अनीश के सर पर फिर ताज रख शहडोल संभाग की कमान उसे सौंप जाएगी और बड़े पैमाने पर अवैध कबाड़ की आड़ में चोरी का माल खपाया जाएगा... अतीक महमुदुल और भी कई ऐसे नाम जो बीते दिनों निकाल कर सामने आए थे जिन पर हम पूर्व में भी प्रकाश डाल चुके हैं ऐसे नाम फिर संभाग के विभिन्न जिलों में अपना वर्चस्व कायम करने का दम भर रहे हैं और अपराध को अंजाम दिया जाना बताया जा रहा है।



दाव पर लग रही लोकप्रिय संवेदनशील प्रदेश के मुखिया की साख जिसके नाम को बर्बाद करने में पर भी कथित माफिया किस्म के लोग उतारू हैं। इतना ही नहीं शहडोल में कबाड़ माफिया द्वारा अपराधियों को संगठित कर

**शहडोल में सेटिंग का दंभ**

कुमार प्रतीक के स्थानांतरण होने के बाद जबलपुर और अन्य महानगरों से आया एक गिरोह शहडोल में यह दंभ भरता हुआ नजर आ रहा है कि उसने शहडोल जिले में अवैध कारोबार करने का महीने पर ठेका कर लिया है इस प्रकार की तमाम चर्चा है निकलकर सामने आ रही हैं हालांकि इन चर्चाओं की पुष्टि हम नहीं करते। दूसरी और यह भी खबर है कि संवेदनशील तेज सरकार ने पुलिस अधीक्षक अपराध पर अंकुश लगाने रणनीति तैयार कर रहे हैं जिस पर आगामी समय बड़ी कार्यवाही कि कयास लगाई जा रही है। जिला बदर माफिया जिस पर दर्जनोंअपराध हैं उसका वर्चस्व शहर में कायम होना इस बात का कहीं ना कहीं प्रमाण है कि धुआं निकल रहा है तो आग तो लगी है अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या ऐसे माफिया को जिले में फिर अवैध काम को बड़ाने हरी झंडी दिखाई गई या नहीं ।

## रोजगार मेला में 195 युवाओं को मिला रोजगार



शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय जिला पुस्तकालय परिसर में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के द्वारा 195 युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर प्रदान किए। यह मेला युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर साबित हुआ। रोजगार मेले का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और अपनी योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त किया। गौरतलब है कि कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 19 दिसंबर 2024 को संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय जिला पुस्तकालय परिसर में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया था।

## एमजीएम स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन, बच्चो ने दी रंगारंग प्रस्तुति




शहडोल/अनूपपुर। एमजीएम स्कूल धनपुरी में शनिवार को वार्षिक खेल दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चो ने बड़-चड़कर हिस्सा लिया। इस दौरान एमजीएम स्कूल गोपालपुर के प्राचार्य फादर डायन कुरियन बतौर मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। जबकि स्कूल के प्राचार्य फादर जोश के वर्गीस ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस खेल दिवस में कक्षा पहली से बारहवी के विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं जैसे स्पून मार्बल रेस, थ्री लेग रेस, 50 एवं 100 मीटर रेस, रिले रेस, लांग जम्प एवं हाई जम्प, डॉज बॉल, बैडमिंटन एवं क्रिकेट में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मशाल जलाकर किया गया तदोपरांत मुख्य अतिथि ने बच्चो को जीवन में खेल और शिक्षा के परस्पर संबंधों और उसके महत्व को रेखांकित करते हुए उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथि का अभिवादन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य फादर जोश के वर्गीस ने भी प्रतिभागियो को शुभकामनाएं देते हुए उत्साह वर्धन किया। विद्यालय ने वार्षिक खेल महोत्सव का नाम वार्षिक क्रीड़ोत्सव रखकर बच्ची को क्रमशः चार सदनों, चरख, आर्यभट्ट, रमन एवं भाभा सदन में विभाजित किया। चारों सदनों के प्रतिभागियो ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया लेकिन अंत में चरक सदन ने पहला स्थान, दूसरा स्थान भाभा सदन और तीसरा स्थान रमन सदन ने अर्जित किया। विद्यालय में अधिकतम गोल्ड मेडल जीतने वाला विद्यार्थी लक्ष्य रजक ग्यारहवीं एवं सौम्या ऊटी कक्षा दसवीं को बेस्ट चौंपियन का व्यक्तिगत पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। विद्यालय की उप प्राचार्या श्रीमती जॉर्जिना ग्रेस एवं प्राचार्य ने प्रतिभागियो को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के मंच संचालन का दायित्व श्रीमती प्रिया शुक्ला एवं श्रीमती बीनू विनोद अब्राहम ने निभाया अंत में शिक्षक प्रमोद कुमार रजक ने प्राचार्य, उप प्राचार्या, मुख्य अतिथि, समस्त शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति को हृदय से उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है।

## जनकल्याण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में लगाया गया शिविर



शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त विकासखण्डों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुसार सुशासन सप्ताह में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान में भी लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। इसी कड़ी में प्रशासन गांव की ओर एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शहडोल जिले के ग्राम पंचायत देवरी में शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में मैदानी अधिकारियों द्वारा लोगों के आवेदन प्राप्त कर यथा संभव निराकरण किया गया। शिविरों में आमजनता को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाए गए। साथ ही हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# नगर के चैराहों की सुन्दरता को लेकर उठे सवाल

## कहां रही कमी जो नही हो पाया चैराहों का कायाकल्प

### चैराहो के लेकर की जा चुकी है शिकायते

नगर के चैराहो के लेकर शिकायते की जा चुकी है। जनप्रतिनिधियों से लेकर जागरूकों ने ज्ञापन दिये शिकायते। शिकायतकर्ताओं को मामले को दुरूस्त करवाने और जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन मिला लेकिन सब कुछ समय के साथ ठण्डे बस्ते में दब गया और कोई भी कार्यवाही नही हो सकी।

### बाक्स--चैराहे बने लेकिन यातायात नियंत्रण करने वालो पर नही दिया गया ध्यान

नगर के सभी चैराहों का सौन्दर्यीकरण किया गया लेकिन वहां पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी व इंजीनियर ने यातायात को नियत्रंण रखने के लिये तैनात किये गये यातायात सिपाही के खड़े होने का कोई स्थान निर्धारित नही किया गया है। इस कारण गर्मी, जाड़ा बरसात में यातायात सिपाही खुलेआसमान के नीचे खड़े होकर यातायात को दुरूस्त किया करते है। यातायात सिपाही चैराहे के पास सड़क पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करते है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

सीतापुर। नगर के चैराहों की सुन्दरता को लेकर विभाग ने लाखों रूपये खर्च करके नगर के चैराहों का सुन्दरीकरण किया गया बात नही बनी तो बने चैराहो को फिर से तोड़ा गया और फिर मरम्मत की गई। इसके बाद भी बात नही बनी तो कही चैराहे पर लगे फौव्वारे को बंद किया गया तो कहीं लाइटो में हेर फेर किया गया। नगर के चैराहों की सुनदरता को लेकर जो स्टीमेट बनाया गया है उस पर भी सवाल खड़े हो रहे है। कहा जा रहा है कि जो लागत दिखाई जा रही है उस लागत के अनुसार चैराहा का सुन्दरीकरण नही हुआ है। सबसे अधिक अस्पताल चैराहे की चर्चा की जा रही है। जब योजना का क्रियान्वयन धरातल पर आया था तो कहा जा रहा था कि चैराहे इतने खूबसूरत होगे कि जब कोई भी व्यक्ति इन चैराहों से होकर गुजरेगा तो वह मुस्कराकर कहेगा कि हम सीतापुर नगर से प्रवेश कर रहे है। चैराहे बने लोग गुजरे लेकिन किसी ने भी मुस्कराकर नही कहा कि हम सीतापुर नगर से गुजर रहे है क्योकि चैराहो का कार्य पूरा होते ही चैराहे चर्चाओं से गुजरने लगे। जीआईसी चैराहो को सुन्दर बनाने के लिये वहां पर मछली वाला चैराहा बनाकर फौव्वारा लगाया । मछली के मुंह से जल की जलधारा निकाली गई। जेई ने ऐसा सिस्टम बनाया कि जब चैराहा बनकर तैयार हुआ और फौव्वारा चलाया गया तो मछली के मुह से निकले फौव्वारे का पानी सड़क पर भरने लगा। फिर जेई आये फौव्वारे की रफ्फतार को कम किया फिर भी पानी सड़क पर भरता रहा। नियमानुसार फौव्वारा नही चल सका तो मछली वाले चैराहे का फौव्वारा ही बंद हो गया। अब यह फौव्वारा तभी चलता है जब कोई मंत्री या फिर बड़ा अफसर इस मार्ग से होकर गुजरता है। यही हाल लालबाग चैराहे का रहा । यह चैराहा भी चर्चाओं से होकर गुंजर रहा है यहां भी पहले लाइट लगी नही फिर से लाइट बनाई गई दूसरी लगी इस तरह से कार्य होता रहा लेकिन इस चैराहे को सवालों से मुक्ति नही मिली। इसी कड़ी में रोडवेज बस स्टैण्ड का चैराहा रहा। इन सभी चैराहों को लेकर कार्यदायई संस्था चर्चाओं के दौर गुजरती रही और भी चर्चाओं में है।

# बिसवां देहात में प्रधान सचिव मिलकर कर रहे भ्रष्टाचार परिजनों के नाम लाखों का किया भुगतान

सीतापुर। जहां एक तरफ जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के द्वारा मेरी पंचायत मेरा अधिकारी जनसेवाएं आपके द्वार का विमोचन करके सम्बन्धित अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक कर लोगों को जागरूक करने के लिये निर्देशित किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को जारी योजनाओं की जानकारी दी जा सके ग्रामीण जागरूक हो सके व ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिये शासन द्वारा भेजी जा रही धनराशि भ्रष्टाचार मुक्त होकर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्य टिकाऊ व बेहतर निर्माण हो सके व आम जनमानस सरकार की जारी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठा सके वही दूसरी तरफ जारी ओदशों को दर किनार कर विकास खण्ड बिसवां की ग्राम पंचायत बिसवां देहात में प्रधान व सचिव शासन से भेजी जा रही धनराशि को प्रधान परिजनों के नाम निकाल कर भ्रष्टाचार मुक्त आदेशों को भ्रष्टाचार युक्त करने में जुटे है। बताते चले कि विकास खण्ड बिसवां के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता व लापरवाही के चलते बिसवां देहात में कार्यरत सचिव ग्राम प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम इस कद्र भुगतान करने में व्यस्त है कि उन्होने सफाई कर्मी का मानदेय भी प्रधान पुत्र के नाम भुगतान कर दिया। जो कि जारी आदेशों के ऊपर एक बहुत बड़ा सवाल है। वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 के किए गए ई स्वराज भुगतान के आंकड़े अगर गौर देखे जाये तो सचिव के द्वारा प्रधान परिजनों के नाम लाखों का रूपये का भुगतान कर सरकारी धनराशि में गबन कर ग्राम पंचायत को भ्रष्टाचार की भेंट चड़ाया गया है। प्रधान स्माइल के द्वारा अपने पुत्रों मो. आकिब, मो. आसिफ व मो. इजराइल पत्नी अंजुम बेगम व भतीजे एकलाख पुत्र जमील के साथ साथ अपने नजदीकी अना खां को लाखों का भुगतान कर सरकारी धन का बंदर बांट किया गया है। जिसमें प्रधान ने मो. आसिफ को वित्तीय वर्ष 2023-24 करीब 03 लाख 48 हजार 210 रूपये का भुगतान किया है। जिसमें दिनांक 2.3.2024 को 36 हजार के तीन भुगतान सफाई कर्मी के मानदेय के रूप में किये गये है व वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 2 लाख 62 हजार 504 रूपये का मजदूरी व सामग्री का भुगतान किया गया है। पुत्र आकिब को वित्तीय 2024-25 में 26.04.2024 को पचास हजार रूपये का सफाईकर्मी का मानदेय व 14.06.24 को 62 हजार 900 रूपये का साफ सफाई का भुगतान किया गया है वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में आकिब को 30 हजार 100 रूपये के करीब का भुगतान किया गया है। पुत्र इजराइल को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 79 हजार 780 के करीब का भुगतान किया गया है। पत्नी अंजुब बेगम 15'.04.23 को 20 हजार 448 व अपने नजदीकी अनाखान को बिना किसी फर्म व जीएसटी के वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4 लाख 55 हजार 363 रूपये का कई टुकड़ों में भुगतान किया गया है। जिसमें दिनांक 2.03.24 को 9,3 हजार 400, 92 हजार, 1 लाख 23 हजार 800 दिनांक 20.03.2024 को 01 लाख 23 हजार 800 व अन्य कई भुगतान किये गये है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनाखान को एक लाख से अधिक का भुगतान किया गया है।

**सचिव चंदन सिंह विष्ट के कार्यक्षेत्र में भी हो रहा भ्रष्टाचार**-सचिव चंदन सिंह विष्ट की ग्रामसभा महमदापुर व तेदुआं में भी प्रधान परिजनों के नाम भुगतान कर घोटाला किया जा रहा है। तेदुआ में प्रधान के भाई रामचन्द्र के नाम वित्तीय वर्ष 2024-25 में सात बार में करीब 40 हजार 894 व भतीजे धीरेन्द्र के नाम हजारों रूपये का भुगतान किया गया। वहीं अन्य एक और व्यक्ति अंकित के नाम मनमाने तरीके से चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 84 हजार 603 रूपये का भुगतान कर सरकारी धन का बंदर बांट किया गया। वहीं ग्राम पंचायत महमदापुर में नीरज कुमार आर्या व पंकज कुमार आर्या के नाम भुगतान किये गये है। एक अन्य भतीजे अनूप कुमार के नाम भी कई बार में हजारों रूपये का भुगतान किया गया है। प्रधान ने स्वयं अपने भी नाम से वित्तीय कार्यो का धन निकाला है। अपने अन्य नजदीकी संजय कुमार के नाम करीब पचास हजार रूपये का भुगतान कर फर्जी वाड़ा किया है।

## ग्राम पंचायत इमलिया में ग्राम जन चैपाल का हुआ आयोजन

मिश्रित सीतापुर । विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत इमलिया के पंचायत भवन में आज महिला ग्राम प्रधान राजलक्ष्मी वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम जन चैपाल का आयोजन किया गया । आयोजित कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी हरीश कुमार , रोजगार सेवक , पंचायत सहायक , आंगनबाड़ी कार्यकर्ती , आशा बहू आदि ने उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना । इस मौके पर किसान सम्मन निधि न प्राप्त होने सहित राशन कार्ड वृद्धावस्था पेंशन , दिव्यांग आवास , नाली , खड़ंजा आदि की मौखिक शिकायतें आई । जिनका मौके पर समांधान किया गया । आयोजित कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि अगर किसी भी ग्रामीण को कोई समस्या है । तो वह मुझको मौखिक अथवा लिखित रूप से अवगत कराए तत्काल प्रभाव से समस्या का समांधान किया जाएगा ।

## एस बी एस पी ने विसवां व महमूदाबाद के सी ई पर लगाया एस एल डब्लू योजना खत्म करने के प्रयास का आरोप

सीतापुर । सुहेलदेव भारतीय समता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने जिलाधिकारी सीतापुर को पत्र देकर विकास खण्ड महमूदाबाद व विसवां में कार्यरत सी ई की उदासीनता के चलते सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एस एल डब्लू योजना खत्म करने के प्रयास का आरोप लगाया बताते चलें कि श्री राजवंशी ने पत्र के मध्यम से अवगत कराया कि जहाँ एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री विकास कार्यो भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए प्रयासरत है जिससे जारी योजनाए धरातल पर भ्रष्टाचार मुक्त होकर पहुंचे व हो रहे विकास कार्य टिकाऊ व बेबतर हो सके जिस सम्बध में समय समय पर सम्बंधित जिम्मेदार अधिकारियों को भी निर्देशित भी किया जाता रहता है , जारी निर्देशो के बाद भी विकास खण्ड विसवां व महमूदाबाद में कार्यरत सी ई निजी लाभ के चलते विकास कार्यो में मानक विहीन निर्माण करा कर स्टीमेट के अनुसार एम बी करके प्रधान व सचिव के साथ मिलकर कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को खत्म करने में निरंतर प्रयासरत है जोकि निदनीय व दुखद है क्योंकि जिन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार दिया गया है वही मुख्यमंत्री के सपने को साकार करने के स्थान पर खत्म करने के लिए प्रयासरत है जिससे ग्राम पंचायतों में हो रहे आर आर सेंटरो में मानक विहीन निर्माण हो रहा जिससे निर्माण होते ही ध्वस्त हो रहे जिस सम्बंध में लगातार समाचार पत्रों में खबरे भी प्रकाशित हो रही है । पत्र पर कार्यवाही किये जाने की मांग की जिससे मुख्यमंत्री के सपने प्रदेश में साकार हो सके । व जारी योजनाए धरातल पर भ्रष्टाचार मुक्त होकर पहुंच सके।

## 24 को होगी सुनवाई

**सीतापुर । जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अर्पणा यादव की अध्यक्षता में दिनांक 24.12.2024 को मध्याह्न 12.00 बजे से निरीक्षण भवन सीतापुर में महिला उत्पीड़न की समस्याओं उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में विचार-विमर्श जनसुनवाई आयोजित की जायेगी।**

# समाधान दिवस पर डीएम और कप्तान के साथ मौजूद रहे क्षेत्रीय विधायक

### 69 में से 12 शिकायतों का हुआ निस्तारण

तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 69 शिकायतों में से 12 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 46 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील सिधौली में प्राप्त 78 प्रार्थना पत्रों में से 09, तहसील बिसवां में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 54 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 43 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील सदर में प्राप्त 26 प्रार्थना-पत्रों में से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

### सिधौली समाधान दिवस पर आई 78 शिकायते नौ का हुआ निस्तारण

सिधौली -सीतापुर। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में ( 78 ) शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर मात्र ( 9 ) शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जा सका है शेष प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को समय से निस्तारण किए जाने हेतु उपस्थित विभागों के संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द कर दिया गया हैइस मौके पर विकास खण्ड सिधौली और पहला विकास खण्ड के अधिकारियों सहित आधा दर्जन करीब अधिकारी अनुपस्थिति रहे जिन पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनिल कुमार, पुलिस उपाधीक्षक कपूर कुमार, तहसीलदार मुकेश कुमार आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी नजर आई।

सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अंतरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम हाजीपुर निवासी एतवारी पुत्र क?ले द्वारा खतौनी में नाम सही किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया जिसे जिलाधिकारी के निर्देश पर धारा-38 में वाद दर्ज कर मौके पर ही संशोधित खतौनी वितरित की गयी। इसके साथ ही तहसील परिसर में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण भी किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली शशि बिन्द कुमार द्विवेदी,पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर...

### डीएम ने किया स्कूलों का निरीक्षण

सीतापुर ।जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से होने वाली उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों कृषक इंटर कालेज का निरीक्षण किया गया इस दौरान कंट्रोल रूम, सी0सी0टी0वी0, कक्षो, स्ट्रांग रूम एवं चेकिंग फेस्किंग एवं यातायात के सम्बन्ध में निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देशप्रदान किये गये । इस दौरान उप-जिलाधिकारी महोली, क्षेत्राधिकार महोली, प्रभारी निरीक्षक महोली मौजूद रहे।

### पुलिस व उड़न दस्तो के साथ साथ कैमरे की नजर में सम्पन्न होगी परीक्षाएं

#### डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई तैयारी बैठक

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 22 दिसम्बर 2024 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधाएं एवं जानकारियां उपलब्ध करायी जाये, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों से अभी तक की गयी व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षा है, अतः इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है।जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सभी संबंधित अधिकारी एवं केन्द्र व्यवस्थापक आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का भलीभांति पालन सुनिश्चित करते हुये परीक्षा सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट केन्द्रों पर जाकर व्यवस्था देख लें, यदि कोई मूलभूत सुविधाओं की कमी है उसे समय से पूर्ण करायें। उन्होंने यह निर्देश भी दिये कि परीक्षा के दिन सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी व अन्य कार्मिक समय से परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। सभी परीक्षा केन्द्रों पर नियमानुसार सी0सी0टी0वी0 कैमरे संचालित रहें।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी परीक्षा केंद्रों में तैनात कर्मचारियों एवं अधिकारियों का परिचय पत्र अवश्य जारी किया जाये। परीक्षा के दौरान सभी अपने परिचय पत्र के साथ उपस्थित हों एवं इसे प्रदर्शित रखें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। परीक्षा के दौरान कोई अभ्यर्थी अनुचित साधन का प्रयोग न करे, यह सुनिश्चित किया जाये। अभ्यर्थियों के प्रवेश के दौरान गहनतापूर्वक जाँच अवश्य करायी जाये। उन्होंने कहा कि सभी केन्द्र व्यवस्थापक समस्त कक्ष निरीक्षकों को निर्देशों से अवश्य अवगत करा दें। सभी संबंधित अधिकारी भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं को अवश्य देखें, जिससे अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा के दिन सभी अधिकारी समय से पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा परीक्षा केन्द्र के आस-पास सभी साईबर कैफे एवं फोटो कॉपी की दुकानें नियमानुसार बंद रहेंगी। उन्होंने सभी केन्द्रों व्यवस्थापकों से अपेक्षा की कि आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुये परीक्षा सम्पन्न करायें।बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस व्यवस्था के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कि परीक्षा केंद्रों सहित अन्य सम्बंधित स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। परीक्षार्थियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए भी आवश्यक प्रबन्ध करने के साथ ही पुलिस सहायता केंद्र भी संचालित किए जा रहे है।बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) प्रकाश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह एवं लोक सेवा आयोग के समन्वीय पर्यवेक्षक दीपक कुमार ने सभी को आयोग के दिशा निर्देशों, परीक्षा प्रक्रिया, परीक्षा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों आदि के विषय में जानकारी दी। इस दौरान सम्बंधित उपजिलाधिकारी, केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नहरों में पानी तो आया परंतु कुलाबो से नहीं निकल रहा पानी।

सीतापुर। सिंचाई खंड द्वारा संचालित नहरों में पानी तो आया है परंतु कुलाबे से नहीं निकल पा रहा है जिस कारण किसानों के खेतों की सिंचाई से अभी भी वंचित हैं रवि की फसल सूख रही है पानी का मात्र केवल बहाव आ रहा है कुलाबों से नहीं निकलने के कारण किसानों के खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है किसान काफी चिंतित हैं कि पानी भी तो आया जो कुलाबो से नहीं निकल पाया है कई किसानों का कहना है कि इस बार नहर विभाग द्वारा बड़ी ही किसानों के साथ लापरवाही बरती गई है पलेवा के समय भी पानी नहीं मिला और रवि के समय मात्र पानी दिखावे के लिए आया हुआ है नहर के कुलाबे जो पूर्व में पक्के बनाए गए थे वह क्षतिग्रस्त हो चुकें हैं किसानों का कहना है कि जब कच्चे कुलाबे नाला कहें जातें थे तो हम लोग उनकी फावड़ा से सामूहिक रूप से सफाई कर लेते थे जबसे सरकार द्वारा पक्के कुलाबे बना दिये गये तो सफाई भी नहीं कर पा रहे हैं। जिससे नहरों में पानी कम भी होता था तो निकल आता था परंतु पक्के कुलाबे बनने के बाद में उनकी कोई देखरेख न होने के कारण सभी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं इस कारण इन कुलाबो से पानी नहीं निकल रहा है। रामकोट रजबहा के अवर अभियंता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दो दिन में पानी का फ्लो बड़ जायेगा जिससे किसानों को सिंचाई हेतु पानी मिलने लगेगा।

### वार्षिकोत्सव पर हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

मछरेहटा -सीतापुर विकास खंड मछरेहटा स्थित बंशीधर युवन पब्लिक इंटर कालेज में दिनांक 21दिसंबर को विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राम कृष्ण भार्गव ने बाल मेला व विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।वही विद्यालय के छात्रों ने उपस्थित अतिथियों के समक्ष स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कुमार त्रिवेदी ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया बच्चों ने विद्यालय के प्रति व अध्यापकों अथवा समस्त स्टाफ का धन्यवाद किया ।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव रामगड़ चीनी मिल के चेयर रामगोपाल अवस्थी अंजनी शुक्ला सुशील शुक्ला अरुणेश मिश्रा अभिषेक सिंह राम सागर पांडे व क्षेत्रीय वरिष्ठ जन अथवा जिले के अनेक जन प्रतिनिधि वह अभिभावक उपस्थित रहे

## एक नजर...

### मां की दुआ कभी खाली नहीं जाती क्योंकि मां की दुआओं को ऊपर वाला भी नहीं टालता....मोहम्मद राशिद



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। मां की दुआ कभी खाली नहीं जाती क्योंकि मां की दुआओं को ऊपर वाला भी नहीं टालता मां से बड़ा कोई दुनिया में नहीं होता मेरी मां की दुआओं का ही अशर है कि मैं आज इस मुकाम पर पहुंचकर अपने क्षेत्र वासियों जनपद वासियों तथा देशवासियों की सेवा कर रहा हूं उक्त बातें प्रीमियर हॉस्पिटल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ चिकित्सक एवं सर्जन डॉक्टर मोहम्मद राशिद ने कही।प्राप्त विवरण के अनुसार जिले के आलापुर तहसील क्षेत्र के न्यौरी बाजार में प्रीमियर हॉस्पिटल का उद्घाटन डॉ मोहम्मद राशिद की मां के द्वारा फीता काट कर किया गया। उद्घाटन करने के उपरांत मां ने डॉक्टर मोहम्मद राशिद को हिदायत देते हुए कहा कि आप के डॉक्टरी पेशे के सभी लोग भगवान का दर्जा देते हैं इसलिए आप मरीजों के साथ नरम दिली से पेश आए तथा समाज के निर्धन और बेसहारा इंसानों का सहारा बने पैसे के अभाव के कारण किसी भी मरीज का इलाज ना रुके ऐसा आपका प्रयास हमेशा रहना चाहिए आप दूसरों की मदद करेंगे तो ऊपर वाला भी आपकी मदद करते हुए और बुलंदियों की तरफ ले जाएंगे डॉक्टर साहब की वालिदा ने उद्घाटन के मौके पर अपने बेटे को दुआओं से खूब नवाजा।डॉ मोहम्मद राशिद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रीमियर हॉस्पिटल अपने गांव न्यौरी में ही खोलने का मेरा मकसद लोगों की खिदमत करना है क्योंकि मेरे गांव से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर आजमगढ़ तथा लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर अंबेडकरनगर में ही लोगों को इलाज के लिए जाना पड़ता था कभी-कभी एक्सीडेंट सेवा गंभीर चोटे आने पर उनको अच्छा इलाज नहीं मिल पाता था अच्छे इलाज के लिए उनको आजमगढ़ जाना पड़ता था कभी-कभी आजमगढ़ जाते-जाते रास्ते में ही मरीज के मृत्यु हो जाती थी। प्रीमीयर हॉस्पिटल चिकित्सा संबंधी सुविधाओं से लैस है यहां पर मेरे साथ-साथ अन्य विभागों के उच्च कोटि के डॉक्टर रहकर लोगों की सेवा करने का प्रयास करेंगे।

उद्घाटन समारोह में डॉक्टर तेज बहादुर सिंह, व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता,डॉ मोहम्मद असबाब, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिलाअध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,डॉ रणविजय सिंह, पूर्व प्रधान कदीर आलम, व्यापार मंडल संरक्षक जितेंद्र सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनीस मसूदी, वरिष्ठ व्यापारी सत्य गोपाल, वरिष्ठ सपा नेता शमशाद फारुकी, सपा नेता सैयद इंतखाब आलम, मॉडर्न पब्लिक स्कूल मैनेजर आसिफ फारुकी सहित क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे

### अयोध्या में सपाइयों का प्रदर्शनगृहमंत्री के बयान पर जताया विरोध, इस्तीफे की मांग

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या ।समाजवादी पार्टी ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के खिलाफ गृह मंत्री द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रेस क्लब के सामने एकत्र हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार और गृहमंत्री के खिलाफ नारे लगाए और कचहरी की ओर बढ़े। पुलिस ने कचहरी गेट को बंद कर दिया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने वहीं खड़े होकर सरकार विरोधी नारे लगाते रहे।इस दौरान, एसडीएम को महामहिम राष्टपति से संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा गया। पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने कहा कि गृह मंत्री द्वारा संसद में डॉ आंबेडकर के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान समाजवादी पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि बाबा साहब का अपमान समाजवादी के कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे और आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता भारतीय जनता पार्टी को मुंह तो? जवाब देगी। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता के नशे में इस कदर मदमस्त है कि वह देश के महान नेताओं के ऊपर टिप्पणी कर रही है। पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि हम सबको जो अधिकार मिला है यह सब बाबा साहब की देन है और हम सब बाबा साहब के अपमान को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।इस मौके पर सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ,जिला महासचिव बख्तियार खान, सरोज यादव,बलराम मौर्या, अमृत राजपाल, छोटेलाल यादव, इन्द्रपाल यादव, रामअचल यादव, रक्षाराम यादव, एजाज अहमद, ओपी पासवान, जेपी यादव, आकिब खान, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव, रामजी पाल, राजेश पटेल, जयसिंह यादव, अंसार अहमद सहित बड़ी सख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।।

## संपूर्ण समाधान दिवस...आपूर्ति निरीक्षक को फटकार, गैर हाजिर अधिकारियों से स्पष्टीकरण

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या। सोहावल में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जिला अधिकारी चंद्रविजय सिंह और एसएसपी राजकरन नैय्यर ने जनता की शिकायतें सुनीं। लगभग दो घंटे रहे जिला अधिकारी ने आपूर्ति विभाग की जमकर क्लास ली और आपूर्ति निरीक्षक को फटकार लगाई। अकेले इस विभाग की दर्जन भर से ज्यादा शिकायत रहीं। इसमें अमौना निवासी मंशाराम की शिकायत शामिल रही कि राशन कार्ड अनियमित ढंग से काटे हुए तीन महीने बीत गए। नगर पंचायत में कराए जा रहे घटिया निर्माण पर प्रभावी कार्रवाई न होने से कार्यवाहक ईओ खिरौनी निखिलेश मिश्र की भी क्लास लगी। यह शिकायत सभासद फरीद अहमद ने की थी। कुल सामने आए 206 मामलों में मौके पर निस्तारण कराते हुए विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया और गैर हाजिर रहने वालों से स्पष्टीकरण मांगे जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व से जुड़े मामलों का पारदर्शिता से टीम के साथ त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया गया।

उप जिला अधिकारी अशोक कुमार सैनी तहसीलदार सुमित सिंह, सीओ सदर योगेश कुमार जिला कृषि अधिकारी ओ पी मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन सहित विभागीय अधिकारी और राजस्व कर्मी शामिल रहे।

### विवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

रामकोट-सीतापुर। कस्बे में एक विवाहिता ने पारिवारिक अंतर कलह के चलते घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।जानकारी के अनुसार रामकोट कस्बा निवासी प्रताप चंद्र की 21 वर्षीय पुत्री रोशनी का विवाह 1 वर्ष पूर्व मिश्रिख थाना क्षेत्र के शमसापुर में हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों परिवारों के बीच में अंतर कलह चल रही थी। रोशनी के पति पंकज वर्मा ने एक माह पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मायके में रह रही रोशनी ने भी पति की मृत्यु के ठीक एक माह के बाद उसने भी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रोशनी की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रामकोट पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रामकोट प्रभारी निरीक्षक जीबी पांडे ने बताया लड़की का विवाह 1 वर्ष पूर्व हुआ था, एक माह पहले उसके पति ने फांसी लगा ली थी आज लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

### दिवंगत शिक्षामित्र रेखा मौर्या के आसामयिक निधन से जनपद के शिक्षामित्रों में शोक की लहर

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**



अम्बेडकर नगर। शिक्षा क्षेत्र जलालपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय भाऊकुआ में कार्यरत शिक्षामित्र रेखा मौर्या के आसामयिक निधन से जनपद के शिक्षामित्रों व शिक्षकों में शोक की लहर व्याप्त है। शिक्षामित्र शिक्षक संघ अम्बेडकर नगर के जिला अध्यक्ष व शिक्षामित्र केयर समिति अंबेडकर नगर के जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने दिवंगत शिक्षामित्र रेखा मौर्या के आसामयिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए शोक संवेदना ब्यक्त किया तथा दिवंगत शिक्षामित्र रेखा मौर्या के निधन को जनपद के शिक्षामित्रों की अपूर्णनीय क्षति बताया। जिलाध्यक्ष जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य सहित शिक्षामित्र शिक्षक संघ अम्बेडकर के महामंत्री मोहम्मद मोसीर खान, जिला उपाध्यक्ष राहुल कुमार सिंह, सौरभ उपाध्याय, सुरेन्द्र कुमार यादव, रमेश कुमार शुक्ल,, रमापति वर्मा, पंडित संजय शर्मा,राम अशीष वर्मा, राम करन प्रजापति,शिव प्रसाद, चन्द्र कान्त, मंशाराम मौर्य जिला महामंत्री, दिग्विजय मौर्य, आनन्द सिंह जिलाध्यक्ष आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन, ओंकार नाथ सिंह, सर्वेश कुमार, सहित बड़ी संख्या में जनपद के शिक्षामित्रों द्वारा शोक संवेदना ब्यक्त किया है।

## ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**




अम्बेडकर नगर।मेरा युवा भारत अंबेडकर नगर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला अधिकारी युवा मीनू बोहरा निर्देशानुसार दो दिवसी ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक भियांव में दान बहादुर सूर्यकुमार इंटर कॉलेज बांदीपुर अंबेडकरनगर में किया गया ।इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर फूल माला और दीप प्रजलान विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अतुल सिंह और प्रधानाचार्य आलोक सिंह के द्वारा कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में खेल के प्रतियोगिता का आयोजन जैसे सामूहिक खेल कबड्डी ,वालीबाल, 400 मी दौड़ बैडमिंटन, कुश्ती, साइकिल स्लो ,आदि खेलों का आयोजन किया गया इस खेल में प्रतियोगिता में कबड्डी टीम में प्रथम विजेता टीम दान बहादुर सूर्यकुमार इंटर कॉलेज की छात्रा और उपविजेता दान बहादुर सूर्यकुमार इंटर कॉलेज की छात्रा स्थान प्राप्त की तथा वॉलीबॉल के प्रथम विजेता( सौहल) के छात्र ने प्राप्त किया और उप विजेता दान बहादुर सूर्यकुमार इंटर कॉलेज के रहे इस कार्यक्रम में एकल खेल प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सुधांशु मौर्य, द्वितीय स्थान अनुपम , तृतीय स्थान रोहित, ने प्राप्त किया है इस कार्यक्रम में बैडमिंटन खेल में प्रथम स्थान अर्चना ,द्वितीय स्थान अन्याय, तृतीय स्थान शिजा शेश्व ,स्थान प्राप्त हुआ और 500 मी साइकिल स्लो में प्रथम स्थान नंदिनी, द्वितीय स्थान गोल्डी ,तृतीय स्थान खुशी ,और कुश्ती में प्रथम स्थान प्रांजल यादव ,द्वितीय स्थान सत्यम ,आदि को प्राप्त हुआ इस कार्यक्रम में प्रतियोगिता में मेडल, प्रमाण पत्र ,मूवमेंट, गिफ्ट ,आदि देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के( उप प्रधानाचार्य अतुल सिंह) और (प्रधानाचार्य आलोक सिंह) भियांव ब्लॉक के (बी.ओ सुनील यादव) भी उपस्थित रहे खेल के रेफरी नवीन चतुर्वेदी, वीरेंद्र कुमार, मंजीत कुमार, युवा मंडल अध्यक्ष खुशबू द्वारा मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया तथा इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रांगण के अध्यापक गढ़ और युवा मंडल अध्यक्ष सदस्य अंजलि, अंशिका, वंदना, खुशबू ,आदि मौजूद रहे।

## सफाई कर्मियों पर नकेल, विद्यालय और एएनएम सेंटर की करेंगे सफाई

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर। परिषदीय विद्यालयों के अलावा एएनम सेंटर और अन्य सरकारी उपक्रमो में सफाई को लेकर नानुकुर करने वाले सफाई कर्मियों पर नकेल कस दी गयी है। निदेशक पंचायती राज के दिये गये निर्देश के बाद सफाई कर्मियों की निगरानी बढ़ेगी। जो सफाई कर्मचारी निर्धारित स्थलों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित नहीं करेंगे उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जायेगा। राजस्व ग्राम में तैनात सफाई कर्मचारी गांव की गली और नालियों में तो जैसे तैसे सफाई करते हैं मगर सरकारी उपक्रमों में सफाईकरने से साफ तौर पर बचते हैं। ऐसे में न सिर्फ विद्यालय बल्कि एएनएम सेंटर आदि स्थानों पर अफसरों के निरीक्षण के समय गंदगी मिलने पर अध्यापकों को कार्रवाईका शिकार होना पड़ जाता है। अध्यापकों के तर्क दिए जाने के बाद भी कोई समाधान नही निकलता है। अब निदेशक की ओर से जो दिशा निर्देश दिये गये हैं उसके आधार पर सफाई कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित कर दी गयी है। सफाईकर्मचारी राजस्व गांव में खरंजा, नाली, नाले और पंचायत भवन के साथ ग्रामीण, मेला स्थल, पशु बाजार, एएनएम सेंटर, सामुदायिक और स्कूल शौचालय, विद्यालय परिसर, खेलकूद मैदान, हैंडपंप, नलकूप स्थल के आस पास और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य करेंगे। इसके अलावा बेसिक शिक्षा परिषद के संचालित विद्यालयों के भीतर परिषद की सफाई का दायित्व सफाई कर्मियों को दिया गया है। डीपीआरओ को निर्देश दिये गये हैं कि सफाई कर्मचारियों को इस कार्य के लिए दिशा निर्देश देकर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। माना जा रहा है कि सख्ती के बाद अब काम करने का ढर्रा बदलेगा। जिला पंचायत राज अधिकारी अवनीश श्रीवास्तव ने कहा कि निदेशक के आदेश से कम में सभी एडीओ पंचायत और सेक्रेटरी को कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया गया है।

## मुस्लिम देश मे हिंदूओ और गैर मुस्लिमो के खिलाफ हो रहे नरसंहार और अमानवीय घटनाओ से आहत धर्म सेना सौपेगी ज्ञापन, भारत सरकार से दखल देने की मांग



**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अयोध्या।पड़ोसी देश बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार समेत भारत के विभिन्न क्षेत्रों में इस्लामिक चरमपंथियों द्वारा हिंदुओं के विरुद्ध षड्यंत्र करके उनके मंदिरों, जान, माल व संपत्ति को क्षति पहुंचाया जा रहा है, जिसको लेकर समस्त हिंदू जनमानस में भारी आक्रोश है।इसके विरुद्ध राममंदिर आंदोलन के नायक व धर्म सेना प्रमुख संतोष दूबे के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में हिंदू जनमानस द्वारा दिनांक 22/12/2024 को (दोपहर 1ः00 बजे दिन रविवार) अयोध्या के नया घाट पर पहुंचकर मां सरयू व भारत सरकार को हिंदुओं की रक्षा हेतु ज्ञापन दिया जाएगा उपरोक्त जानकारी देते हुए धर्म सेना के प्रवक्ता गुलशन तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी हिंदूवादी संगठनों को आमंत्रित किया गया है।

## कोटेदार की दबंगई से परेशान पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर नामित अधिकारी ऑफिस में बैठे-बैठे कोटेदार के पक्ष में कर रहे हैं फर्जी रिपोर्ट

### शिकायतकर्ता ने तीसरी बार आईजीआरएस के माध्यम से की शिकायत को संज्ञान में लेकर नापतोल अधिकारी ने कोटेदार को लगाई फटकार

**दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान अयोध्या मंडल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर।कोटेदार की दबंगई से पीड़ित राहुल ने आईजीआरएस के माध्यम से तीसरी बार शिकायत की वहीं पर शिकायत कर्ता की संख्या बढ़ती हुई नजर आ रही है। कोटेदार की दबंगई से परेशान होकर राशन कार्ड धारक मनोरमा ने भी आईजीआरएस के माध्यम से कम राशन मिलने की की शिकायत, यहां तक की सभासद सुलेखा ने भी शिकायती पत्र के माध्यम से आला अधिकारियों को की थी सभी राशन कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 2 से 3 किलो राशन कम मिलने की शिकायत, फिर भी कोई निराकरण नहीं हो पा रहा है। क्या कोटेदार ने काला जादू किया है या कोई और मंत्र जानता है जो उसने सप्लाई इंस्पेक्टर महोदय के ऊपर कर रखा है, जिससे प्रभावित होकर सप्लाई इंस्पेक्टर घर बैठे- बैठे छुट्टी के दिन यह कहते हुए रिपोर्टिंग कोटेदार के पक्ष में कर देते हैं कि शिकायतकर्ता फोन करने पर उपस्थित नहीं हुआ इसलिए शिकायत निराधार ज्ञात होती है।जबकि उन्हें यह पता है कि शिकायतकर्ता उस समय प्रैक्टिकल परीक्षा दे रहा था। सप्लाई इंस्पेक्टर और शिकायतकर्ता के बीच हुई बात का ऑडियो रिकॉर्डिंग शिकायतकर्ता के पास मौजूद है, प्रश्न यह उठता है कि एक विद्यार्थी के लिए परीक्षा अति आवश्यक है या कोटेदार के पक्ष में सहमति प्रदान करना। जिन राशन कार्ड धारकों की सहमति सप्लाई इंस्पेक्टर अपनी रिपोर्टिंग में दे रहे हैं उन कार्ड धारकों का यह कहना है कि हम लोग जहां भी थे वहां पर कोटेदार स्वयं जाकर यह कहते हुए हमसे साइन करवाए हैं कि राशन नहीं उठ पा रहा है आप लोग साइन कर दीजिए राशन आ जाए और हम आप सबको राशन




बराबर देंगे। राशन कार्ड धारकों का आप है कि कोटेदार बेवकूफ बनाकर हम सब से सहमति पत्र पर साइन करवा लिया है। बीते कल अर्थात 20 दिसंबर 2024 को कोटेदार शिव पूजन यादव और शिकायतकर्ता राहुल के बीच अधिकारी के सामने बहस करते हुए देखा गया।शिकायतकर्ता आरोप लगाता रहा कि यह वह कांटा नहीं है जिससे हम लोगों को राशन तौल कर दिया जाता है। कोटेदार बड़ी सफाई से यह कह दिया कि अब मैं इसी कांटे से राशन दूंगा पुराने कांटे को तो सरकारी खजाने में जमा कर दिया ।क्या अभी तक कोटेदार पुराने कांटे से ही राशन दे रहा था लोगों के राशन कटौती होने के बावजूद दिए हुए राशन में से भी घटतौली कर कर लोगों के हक को हड़प रहा था । वायरल वीडियो में कोटेदार के बयान से स्पष्ट हो जा रहा है कि अभी तक वह सभी कर्डधारकों को कम राशन देता था उसके बावजूद कांटे से भी वह घटतौली भी किया करता था। शिकायतकर्ता राहुल के तीसरी बार आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत करने पर नापतोल अधिकारी अंबेडकर नगर ने कोटेदार के कांटे की जांच की और शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर उन्होंने यह रिपोर्ट बनाई की कांटे में घटतौली तो नहीं है परंतु यदि राशन कम दिया जा रहा है तो यह खाद्य रसद् विभाग का मामला है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब कांटा ही बदल दिया गया है तो उस कांटे में घटतौली कहां से स्पष्ट होगी। नापतोल अधिकारी अंबेडकरनगर के द्वारा बनाई गई रिपोर्ट पर कोटेदार साइन करने के लिए कतरा रहा था। जब नापतोल अधिकारी अंबेडकर नगर ने कोटेदार से यह कहा कि हम इसकी रिपोर्ट आयोग को भेज देंगे ,तब कोटेदार ने कहा कि मैं सप्लाई इंस्पेक्टर से पूछ लूं। परंतु नापतोल अधिकारी के कहने पर मजबूर होकर कोटेदार ने उस रिपोर्ट पर साइन की। कोटेदार और सप्लाई इंस्पेक्टर में ऐसा कौन सा संबंध है कि बिना सप्लाई इंस्पेक्टर के सहमति के कोटेदार कहीं पर भी साइन करने के लिए तैयार नहीं है। कहीं ऐसा तो नहीं की सप्लाई इंस्पेक्टर की सह पर ही कोटेदार राशन कार्ड धारको से दबंगई कर उनके हिस्से के राशन को हड़प जा रहा है, अगर ऐसा नहीं है तो सप्लाई इंस्पेक्टर कोटेदार को क्यों दूध का धुला हुआ साबित करने के लिए तुले हुए हैं,यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पुण्य भूमि रक्षक स्वामी श्रद्धानन्द जी के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में फिल्म स्टार विवेक ओबरॉय को विशिष्ट अतिथि बनाना संदेहास्पद, पुण्य भूमि का व्यवसायीकरण करने की तो नही योजना- राम वशाल दास, अध्यक्ष तीर्थ सेवा न्यास

**विशेष संवाददाता-**
**अनिल वर्मा/ हिंदुस्तान केसरिया**

हरिद्वार/ जनपद के काँगड़ी गाँव में स्थित पुण्य भूमि पर 23- दिसम्बर को स्वामी श्रद्धानन्द महाराज जी का बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। जिसमे विशिष्ठ अतिथि के रूप में आमन्त्रित किए गए फ्ल्मि स्टार एवं व्यवसायी विवेक ओबरॉय को, तीर्थ सेवा न्यास के अध्यक्ष राम विशाल दास जी महाराज ने संदेहास्पद एवं पुण्य भूमि का व्यवसायीकरण करने की योजना बताया है। जिसमें सेवा न्यास के अध्यक्ष राम विशाल दास महाराज ने बताया कि हरिद्वार काँगड़ी गाँव वह पुण्य भूमि है। जहां स्वामी श्रद्धानन्द जी ने गुरुकुल की स्थापना कर शिक्षा और सांस्कृतिक उत्थान का महान कार्य प्रारंभ किया था और वह आज जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। यह भूमि भारतीय संस्कृति और शिक्षा के गौरवशाली इतिहास की साक्षी है और लंबे समय से इस भूमि का उपयोग कृषि कार्य हेतु ठेके पर किया जाता रहा है जो इसके मूल उद्देश्य से भटकाव को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कुछ जागरूक युवाओं ने इस भूमि के संरक्षण और इसके पुनर्जीवन की मांग उठाई जिसके परिणामस्वरूप गुरुकुल की संस्था सक्रिय हुई है। वही 23 दिसंबर को स्वामी श्रद्धानन्द जी के बलिदान दिवस पर यहां एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। जिसमें प्रदेश और देश



के कई वरिष्ठ नेता सहित मंत्री एवं मुख्यमंत्री शामिल हो रहे हैं। हालांकि, इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में फ्ल्मि स्टार और व्यवसायी विवेक ओबरॉय को आमंत्रित करने पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनका आर्य समाज से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। इसके अतिरिक्त, इस भूमि के निकट एक रिसॉर्ट का संचालन नियमों की अनदेखी करते हुए किया जा रहा है, जिसमें उनकी भागीदारी की चर्चाएं हैं। ऐसे में यह संदेह उठना स्वाभाविक है कि कहीं इस पुण्य भूमि को व्यावसायिक उपयोग के लिए किसी व्यक्ति, संस्था, या कंपनी को सौंपने की कोई योजना तो नहीं बनाई जा रही है। जिसमे राम वशाल दास जी महारज ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस पुण्य भूमि का उपयोग किसी भी व्यावसायिक या निजी लाभ के लिए किया गया तो संपूर्ण संत समाज और आर्य समाज की संस्थाएं एकजुट होकर इसका सशक्त विरोध करेंगी। यह भूमि केवल स्वामी श्रद्धानन्द जी के सपनों और उद्देश्यों को साकार करने के लिए समर्पित होनी चाहिए। यदि यह आयोजन स्वामी श्रद्धानन्द जी को श्रद्धांजलि देने और उनके महान कार्यों को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है तो हम इसका स्वागत करते हैं। लेकिन साथ ही हमारी निम्नलिखित मांगें यह है कि इस पुण्य भूमि का संरक्षण और इसके ऐतिहासिक महत्व को बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। गुरुकुल के पुनर्निर्माण और पुनर्जीवन की विस्तृत योजना तैयार की जाए और इस भूमि का उपयोग स्वामी श्रद्धानन्द जी के शैक्षणिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण को साकार करने के लिए किया जाए। उन्होंने कहा हम संत समाज, आर्य समाज और सभी जागरूक नागरिकों से अपील करते हैं कि वे इस पुण्य भूमि के सम्मान और संरक्षण के लिए सतर्क रहें। यह भूमि स्वामी श्रद्धानन्द जी के आदर्शों का केंद्र बने यही हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि इस भूमि के मूल उद्देश्य के विपरीत कोई भी कार्यवाही होती है,तो इसके खिलाफ व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## सपाइयों ने बाबा साहब की तस्वीर हाथ में थाम कर किया प्रदर्शन

**गृह मंत्री का मांगा इस्तीफा,देश से माफी मांगे अमित शाह**



**केसरिया हिन्दुस्तान**
**मोहित यादव लव**

एटा जनपद के शहीद पार्क में सैकड़ों की संख्या में इकट्ठे होकर हाथ में तख्तियां और संविधान रचयिता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की फोटो थाम कर समाज वादियों ने विरोध प्रदर्शन किया है।सपा के जिला अध्यक्ष परवेज जुबैरी के नेतृत्व में आज सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए देश के गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की है।साथ ही देश वासियों से माफी मांगने की मांग रखी है।सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर आज सैकड़ों की संख्या में समाज वादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एटा स्थित शहीद पार्क में एकत्रित हुए हाथ में बाबा साहब की तस्वीरें और सपा का झण्डा थामकर कर विरोध जताया है।विरोध प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया है।सपा नेता शराफत हुसैन काले विरोध प्रदर्शन करते हुए आक्रोश जताया है उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर साहब का देश के बड़बोले नेताओं ने अपमान किया है उन पर जो टिप्पणी की गई है वह अपमान जनक है ।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए है और विरोध जताया है।देश में रहने वाली हर जाति के लोग नाराज हैं। गृह मंत्री जी इस्तीफा दें और उन पर मुकद्दमा भी चलाया जाए।सपा जिला अध्यक्ष परवेज जुबैरी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री जी ने बाबा साहब पर अपमान जनक टिप्पणी की है उन्हें इस गलती के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए और उन पर कार्यवाही होनी चाहिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवाहन पर सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए हैं।प्रदर्शन कर रहे युवा सपा नेता मेधावृत शास्त्री ने कहा आधुनिक भारत के निर्माता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने जब संविधान को दिया उन्होंने जो सबसे अच्छी व्यवस्था की वो सबसे कमजोर दलित,पिछड़े ,महिलाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए संविधान के रूप में इतना बड़ा विधान दे गए जिससे हर व्यक्ति के अधिकार सुरक्षित रहें।देश के ग्रह मंत्री ने अपने अभिभाषण के दौरान दलितों ,पिछड़ों,और महिलाओं के भगवान बाबा साहब पर अपमानजनक टिप्पणी की है जिससे हर वर्ग की भावनाएं आहत हुई हैं।मुझे लगता है उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए लोगों का आक्रोश उग्र होता जा रहा है।

## 21 दिसंबर से होगा 38 वाँ कोसी आमंत्रित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन




**कोसीकलाँ मथुरा**
**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता सुनील अनंत**

गोल्डन क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में 38 वाँ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 21 दिसम्वर से प्रारंभ होगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। क्रिकेट आयोजन के चलते कमेटी के संयोजक कमल किशोर वार्ष्णेय जी के आवास पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें कमेटी ने बताया कि कोसी आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 21 दिसंबर 2024 को शुभारंभ होगा। जिसके मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी होंगे और फाइनल मैच 5 जनवरी को खेला जाएगा । प्रथम पुरस्कार एक लाख इक्यावन हजार रुपए व शील्ड द्वितीय पुरस्कार एक लाख रुपये व शील्ड और प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फाइनल मैच में मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बैट्समैन, वेस्ट बॉलर का खिताब दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में वीरेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि इस बार अलग-अलग प्रदेशों की 16 टीम खेलने आ रही है । जिसमें इंटरनेशनल प्लेयर राहुल चाहर और दीपक चाहर और विजय यादव की भी टीमें शामिल होंगी। टीमों के खाने और रुकने की व्यवस्था समुचित व्यवस्था की गई है।इस मौके पर गोल्डन क्लब के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, संरक्षक विवेक चौधरी प्रबंधक वीरेंद्र चौधरी एडवोकेट, कोषाध्यक्ष मुकुंद,मीडिया प्रभारी जिब्रान हुसैन, रोहताश चौधरी, महेंद्र चौधरी, मयंक प्रताप,तन्मय चौधरी,जीतू पंडित, अप्पू खान,डॉक्टर रामवीर आदि मौजूद रहे

## कांग्रेसियों ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका,किया प्रदर्शन,पुतले को मारा जूता



**केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव**

एटा जिले के जलेसर कस्बे में शनिवार को कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगर के इब्राहिम शाह दरगाह बाई पास पर प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अमित अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंका ।प्रदर्शन के दौरान एक व्यक्ति पुतले पर जूते मारते भी दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि डा. अंबेडकर पर विवादित बयान देने वाले केंद्रीय मंत्री अमित शाह को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। इसके अलावा अमित शाह को पूरे देश से सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए। क्योंकि पूरे देश के लोगों में संविधान और डा. अंबेडकर प्रति गहरा सम्मान हैं।कांग्रेस नगर अध्यक्ष फैजल ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश हैं। इस देश के संविधान और डा. अंबेडकर को प्रति लोगों में काफी आस्था और स्नेह हैं। लेकिन सदन में अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डा. अंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था। जिसके बाद पूरे देश के लोगों में अमित शाह के प्रति आक्रोश झलक रहा हैं। अमित अग्रवाल ने कहा कि देश के लोगों की भावना को देखते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए। कहा कि अमित शाह के बयान से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा के लोगों ने नया ड्रामा शुरू कर दिया हैं। इसी के तहत एक सांसद को चोटिल करने के मामले में कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया हैं। लेकिन देश के लोग भाजपा के फरेब में फंसने वाले नहीं हैं। कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई के लिए लगातार आंदोलन करेंगे। ताकि भाजपा और उसके नेताओं का चाल, चरित्र और चेहरा बेनकाब हो सकें। इस मौके पर ठाकुर फौरन सिंह,दिलीप सिंह यादव, वसीम, सुंदर सिंह, उमेश यादव, भगवान सिंह जाटव, बाबू लाल जाटव महावीगंज, संजय दिवाकर, अमोल गौतम, रामजी लाल जाटव केन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भीम आर्मी प्रदेश महामंत्री राजू के नेतृत्व में, बाबा साहब के अनुयायियों ने डा.भीम राव अंबेडकर पर गलत टिप्पणी करने को लेकर गृह मंत्री का फूंका पुतला

**विशेष संवाददाता- अनिल वर्मा/**
**हिंदुस्तान केसरिया**

लक्सर/ क्षेत्र के टांडा महतोली गाँव मे आज बाबा साहब के अनुयायियों ने एकत्रित होकर ग्रह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया है। जिसमे पुतला दहन का कारण उन्होंने यह बताया कि समाज सुधारक भारत संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य सभा में अपमान जनक टिप्पणी की गई है। जिसके विरोध में आज बृहस्पतिवार को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के अनुयायियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया है। इस दौरान उन्होंने अमित शाह मुर्दाबाद के जम कर नारे लगाए और अमित शाह द्वारा मागी मांगे जाने की मांग की है। जिसमें यह पुतला दहन का कार्यक्रम टांडा महतोली के अंबेडकर चौक पर राजू भाई भीम आर्मी प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान भीम



आर्मी के प्रदेश महामंत्री राजू ने कहा कि महान समाज सुधारक भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर लोकतंत्र के धरोहर हैं। बाबा साहब के खिलाफ जिस तरह से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अभद्र टिप्पणियां की है, यह अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण के साथ लोकतांत्रिक ढांचा पर कुठाराघात भी है। गृह मंत्री के इस कृत से देश की आम जनता सहित, दलितों की भावनाओ को ठेस पहुंचाई है ओर दलित अमितशाह को माफ नहीं किया जायेगा। इस मौके पर लंकेश्वर बाबा राष्ट्रीय प्रवक्ता नेशनल भीम आर्मी ने कहा कि इन लोगों की मानसिकता संकीर्ण हो चुकी है जो बाबा साहब के ऊपर टिपणियां बार-बार करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने सभी के लिए काम किया है किसी विशेष समुदाय के लिए नहीं और बाबा साहब अंबेडकर वो सिंबल है। जिनको भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी जाने जाते हैं, ऐसे महान पुरुष का अपमान करना बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि होश में आ जाओ वर्ना जिस दिन बाबा साहब के अनुयाई उधम सिंह बन गए तुम लोगों को बचाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लिख देंगे ऐसा इतिहास तो तुम लोगों को पढ़ना मुश्किल हो जायेगा।

## एक नजर...

### गरीब बेसहारा दर्जनों महिलाओं, पुरुषों को बांटे एसडीएम ने कंबल



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी**

गुरसरांय। 20 दिसंबर रात 9 बजे लगभग परगना प्रशासन गरौठा कि ओर से उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार तिवारी,तहसीलदार गरौठा मदन मोहन गुप्ता,नायब तहसीलदार मानवेंद्र लेखपाल सदर नीलेश कुमार तहसील अमले के साथ ठंड को देखते हुए सरकारी अस्पताल रैन बसेरा में आए और राहगीरों छतविहीन गरीब असहाय लोगों को मौके पर मौजूद दर्जनों वृद्ध महिलाओं असहाय लोगों को कंबल वितरण किए और अलाव का भी निरीक्षण किया साथ ही नगर पालिका गुरसरांय के स्टाफ को अलाव में लकड़ी की मात्रा बढ़ाए जाने के साथ प्रमुख चौराहों पर अलाव लगाए जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी अस्पताल में सफाई सही तरीके से न होने पर संबंधित स्टाफ को कड़े लहजे में निर्देश दिए इसके बाद वह देर रात तक गुरसरांय समेत आस पास क्षेत्रों में जाड़े के बचाव प्रबंधन पर काम करते देखे गए।

### न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद का हुआ शुभारंभ







**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**प्रयागराज शनि कुमार यादव÷÷÷**

शंकरगढ़ । क्षेत्र के सिंधी टोला में स्थित न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद की शुरुआत हो गई । इस कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर कई प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर की। खेल की शुरुआत सरस्वती वंदना और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके की गई। खेलकूद कार्यक्रम की संयोजक और प्रभारी शीतल सिंह ने बताया कि वार्षिक खेलकूद के प्रथम चरण में कक्षा से 3 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं । दूसरे चरण में कक्षा 3 से ऊपर के सभी छात्र-छात्रा खेल कूद में भाग लेंगे जो 24 दिसंबर से प्रारंभ होगा। शनिवार को न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में छोटे-छोटे बच्चों ने चम्मच दौड़ ,जलेबी दौड़ , सुई धागा दौड़ रस्सा खींच, बोरा दौड़, पीटी, चम्मच रेस आदि खेलों में भाग लेकर अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल ओपी गुप्ता ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास होता है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कार्यालय प्रभारी देव मूर्ति यादव अनुज मिश्रा , अंजली मिश्रा, साक्षी सिंह ,जाह्नवी जायसवाल, सोनम सिंह , विपुल सिंह, रियांशी सहित कई शिक्षक शिक्षिका वह छात्र-छात्र मौजूद रहे।

### गरौठा मे खाद्य न मिलने से आक्रोशित किसानो ने लगाया जाम



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा झांसी**

निरंतर खाद्य न मिलने से परेशान किसान दर दर की ठोखरे खाने पर मजबूर हो गया मामला गरौठा तहसील अंतर्गत साधन सहकारी समिति ढिपकई का है जहाँ खाद्य न मिलने से परेशान किसानो ने आज गरौठा के मुख्य चौराहे कोतवाली के सामने जाम लगा दिया और जय जबान जय किसान के नारे लगाने लगे बही सचिव और समिति के अध्यक्ष पर कालाबाजारी करने के गंभीर आरोप लगाए बही किसानो को खाद्य न मिलने से किसानो के चेहरे मायूस दिखे बही किसानो ने आरोप लगाया कि सचिव द्वारा अपने चहेतो को टोकन बाटे जा रहे है और अन्य समिति क्षेत्र के किसानो को खाद्य दी जा रही है अगर हम लोगो को खाद्य नही मिली तो हम जिलाधिकारी दफ्तर का घिराव करेगे बही जाम कि सूचना जैसे ही उपजिलाधिकारी गरौठा अवनीश कुमार को पहुंची तो उन्होंने मौके पर नायब तहसीलदार गरौठा मानवेन्द्र सिंह को भेजा जहाँ पर नायब तहसीलदार ने किसानो को समझा कर जाम खुलवाया और कहा कि सारे किसानो को जल्द से जल्द खाद्य उपलब्ध कराई जायेगी और तहसील कि टीम खाद्य वितरण के दौरान मौके पर मौजूद रहेगी, बही जाम के दौरान पुलिस प्रशासन मौजूद रहा

# एक नजर...

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बनी पिंकी द्विवेदी



**कोसीकला**
**केसरी हिंदुस्तान संवाददाता सुनील अंनत**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी विस्तार को लेकर राष्टीय अध्यक्ष अध्यक्ष संदीप बंसल और प्रदेश मंत्री संजय गर्ग बठेनिया व जिला अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने वृंदावन की पिंकी द्विवेदी को महिला जिला अध्यक्ष अध्यक्ष चुना है। कोसीकला आगमन पर पिंकी द्विवेदी का अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकर्ताओं ने माला 1 दुपट्टा पहना कर भव्य स्वागत किया। भगवत अचार वालों की निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में पिंकी द्विवेदी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह व्यापार मंडल के उत्थान व्यापारियों की समस्याओं तथा संगठन को आगे बढ़ाने एवं महिलाओं को भी एक उचित स्थान दिलाने को लेकर कर्मठता से कार्य करेंगी। उन्होंने सभी को साथ लेकर चलने की बात कही स्वागत करने वालों में व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय बठेनिया सुनील अनंत राहुल शर्मा महेश पाल पदम अग्रवाल टिंकू अग्रवाल यश जिंदल नगर अध्यक्ष डीके शंकर बंसल पवन बंसल विकास अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम से की गई शिकायत निर्देशित पत्र को हल्का पटवारी रखा ठंडा बस्ते में मामला लेना चाहिए संज्ञान।






**संवाददाता, लाल बहादुर सिंह।**

मध्य प्रदेश सिंगरौली जिला के चितरंगी तहसील अंतर्गत ग्राम सुकहर से बताया जा रहा है ग्राम सुकहर पटवारी हल्का गड़वानी स्थित प्रधानमंत्री सड़क मार्ग कुड़ैनिया से मनिकपुर रोड सुकहर पुल के पास भूमि स्वामी होने के बाद भी मध्य प्रदेश शासन के जमीन में गांव के सरहंग व्यक्ति अशोक सिंह द्वारा शासन के भूमि में मकान बनाकर रोड के पटरी सहित संपूर्ण रकवा पर अतिक्रमण कर लिया अतिक्रमण होने के कारण आए दिन लोग एक्सीडेंट हो चोटिल होते ही हैं अगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।शिकायतकर्ता जानकारी देते हुए बताया कि गांव का दबंग अशोक सिंह स्वयं भू स्वामी होते हुए भी मध्य प्रदेश शासन की भूमि अतिक्रमण कर मकान बनवाया है जिसकी लिखित शिकायत 8 अक्टूबर 2024 को उपखंड अधिकारी चितरंगी से किए थे जिस शिकायत पत्र को गंभीरता से लेते हुए उपखंड अधिकारी द्वारा प्रतिक गौर हल्का पटवारी गड़वानी मोबाइल नंबर 9871667625 को जांच कार्यवाही हेतु बकायदा निर्देश के साथ मार्क किया गया था किन्तु प्रतिक गौर हल्का पटवारी अतिक्रमणकारी से तालमेल बना शिकायत पत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया है, वही सैकड़ो वर्षों से शासन के भूमि में बसे भूमि हींन गरीब दलितों को दबंगों के दबाव में वही पटवारी अतिक्रमण की प्रतिवेदन तहसीलदार के पास भेज बकायदे नोटिस भेजवाते हुए अपने पावर का पूर्ण उपयोग कर गरीबों को परेशान कर रहा है।ऐसे में खबर के माध्यम सुरेश जाधव उपखंड अधिकारी चितरंगी का ध्यान आकृष्ट करते हुए प्रतीक गौर हल्ला पटवारी के प्रति उचित कार्यवाही की मांग की जाती है।

## तेज रफ्तार बोलोरो ने दो लोगों को रौंदते हुए मारी टक्कर ,एक की मौत दुसरा गंभीर ।निचलौल के मेन तिराहा का मामला



निचलौल (महराजगंज) दिन शनिवार की भोर में लगभग चार बजे निचलौल के मुख्य तिराहे पर तेज रफ्तार की बोलेरो दो युवकों को टक्कर मारते हुए मुख्य तिराहे में जाकर टकरा गई। घटना की सूचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई, दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य निचलौल भर्ती कराया गया जहां, प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक युवक की जिला अस्पताल महाराजगंज पहुंचने से पहले मौत हो गई वहीं दूसरा युवक जिला अस्पताल में जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बोलेरो चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।शनिवार की भोर में ग्राम विशुनपुरा निवासी मंजेश पुत्र प्रसाद 25 वर्ष और नेपाल के प्रतापपुर जिला नवलपरासी निवासी चंद्रभान पुत्र लक्ष्मण बेंगलुरु से रोजीरोटी कमा करअपने घर जा रहे थे। प्रेस की गाड़ी से शनिवार की भोर में निचलौल मुख्य तिराहे पर उतर रहे थे,उसी समय तेज रफ्तार बोलोरो ने दोनो युवकों को रौंदते हुए मुख्य तिराहे में ठोकर मार दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष गौरव कुमार कन्नौजिया ने बताया की दोनो घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निचलौल भर्ती कराया गया जहाँ।एक युवक के मौत की खबर मिली हैं, दुर्घटना में शामिल बोलेरो और उसके ड्राइवर को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जितना बड़ा ठेकेदार उतना बड़ा पत्रकार ठेकेदारी के पैसों से खरीद लेते हैं पत्रकारिता मतलब प्रशासनिक अम्लों के साथ रहना व उनकी खबरें निकालना ही होता है

### अपनी ठेकेदारी व दूसरे व्यापार में लिप्त लोग सिर्फ व्हाट्सएप पर अधिकारियों से खबर मंगा कर बन रहे पत्रकार सोशल मीडिया के जमाने में अखबार की हार्ड कॉपियों का अस्तित्व होने जा रहा खत्म

बड़े-बड़े अखबार भी अपनी पीएफ के सर्कुलेशन के लिए बना रहे एजेंसी

अखबार नहीं पोर्टलों को हर माह लाखों रुपए का विज्ञापन देती है सरकार

उरई(जालौन)। 21वीं सदी में लोगों के जनजीवन में बहुत ही परिवर्तन आ चुका है क्योंकि आज लोगों के रहन-सहन व पाठ पाठन का नवीनीकरण हो गया है आज बच्चे भी काफी किताबें छोड़ कंप्यूटर व ऑनलाइन से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं तो इस जमाने में हार्ड कॉपी का अस्तित्व लगभग खत्म होने जा रहा क्योंकि आज की सरकार भी लोगों को डिजिटल की ओर प्रेरित कर रही है जहां राशन भी डिजिटल तरीके से अंगूठा लगाकर मिलने लगा वहां आज लोग वही पुराने रवैया में अखबार को पढ़ने की बात कह रहे हैं जब खुद की बात आती है तो श्लोग गाड़ी के कागज भी मोबाइल पर पीडीएफ रूप में दिखाते हैं लेकिन वही अगर अखबार की बात आए तो जिसकी हार्ड कॉपी ज्यादा उसको बड़ा पत्रकार कहा जाता है लेकिन अगर मने तो बडा उसको कहा जाएगा जिसकी खबरें ज्यादा पढ़ी जाए । अगर इस दौर में देखा जाए तो ज्यादा खबरें सोशल मीडिया पर पढ़ी जाती है इसलिए आज का दौरा पोर्टल और पीएफ का ही है क्योंकि अपने कुछ निर्देशों में सरकार ने भी कहा है कि एक सीमा से अधिक व्यूवर होने पर हर माह लाखों रुपए का विज्ञापन पोर्टल को दिया जाएगा । ऐसे में जब सरकार भी ज्यादा व्यूवर वाले पोर्टलों को समर्थन कर रही है तो फिर दो चार हजार कॉपियां दरवाजे पर सुबह डालने वाले कैसे बड़े हो गए क्योंकि उन कॉपी में छपी चीज जो लोग सुबह 7꞉00 बजे पढ़ते हैं वह डिजिटल के जरिए लोग रात में 12꞉00 बजे ही पढ़ लेते हैं अब बात करें तालमेल की तो कुछ पुराने ढर्रे से दलाल लोग जो ठेकेदारी,टेलर गिरी,पंचर की दुकान,सट्टा व अवैध कार्य करने वाले लोग संरक्षण के लिए अखबारों का सहारा लेते हैं । और उन्हें मोटी रकम देकर पत्रकार बन जाते हैं जिसके रौब में उनकी ठेकेदारी जोरों पर चलने लगती है क्योंकि ऐसे ठेकेदार पत्रकार बन खबरें प्रत्यक्षीकरण ना कर घर पर ही खबरें मंगा कर अखबारों में छपवा देते है।जबकि पत्रकारिता का सही मायने यह है की समय अनुसार प्रशासनिक अमले को फॉलो करना उनके साथ रहना जिससे उनकी खबरों की प्रत्यक्षता लिखी जा सके क्योंकि एक पत्रकार प्रत्यक्ष दर्शी होता है और वह प्रत्यक्ष देखकर ही खबर का स्पष्टीकरण लिख पाता है ना की चापलूसी के जरिए अधिकारियों के द्वारा फोन पर बताई गई बात से कोई खबर लिखी जा सकती है इसलिए आज के दौर में ज्यादातर लोग फोन पर ही अधिकारियों से संपर्क कर उनकी बहबाई लूट पत्रकार बने हैं। जबकि प्रशासनिक अमला भी जानता है कि यह अवैध तरीके से ठेकेदारी व अवैध कार्य कर रहे । लेकिन एक बड़े अखबार का ठप्पा लगने के बाद अधिकारी भी इनसे कुछ कहने से मजबूर हो जाता है वही इसके दंस उन पत्रकारों को भी झेलने पड़ते हैं जो फील्ड में रहकर खबरें कबर करते हैं।क्योंकि अगर देखे तो हकीकत में पत्रकार व थे जो एक समय साइकिल से चलते थे और अधिकारी उन्हें सम्सम्मान बुलाता था बिना उन पत्रकारों के कोई भी पत्रकार वार्ता शुरू नहीं होती थी तो क्या फॉर्च्यूनर और बड़ी बड़ी फोर व्हीलर से चलने वाले पत्रकार उन साइकिल वाले पत्रकारों से बड़े हो गए क्या या उनसे ज्यादा ज्ञान अर्जित कर लिया।इसका सीधा-सीधा तात्पर्य यह है की बड़ी गाड़ियों से चलने वाले यह लोग कहीं ना कहीं से तो पैसा अर्जित कर रहे हैं क्योंकि पत्रकार के पास इतना पैसा आना संभव नहीं है यह भली-भाँती सारी दुनिया जानती है क्योंकि रिपोर्टिंग करने वाला पत्रकार आज भी पुरानी साइकिल से पुरानी मोटरसाइकिल से ही चलता मिलेगा अगर वह ठेकेदारी करता मिल जाए तो समझ जाना कि यह पत्रकार नहीं व्यापार है क्योंकि इन लोगों की वजह से आज जिन्हें पत्रकारता का ज्ञान है वह अधिकारियों से सवाल तक नहीं पूछ पा रहे हैं क्यों ऐसे ठेकेदार जो अपना आय का स्रोत कहीं और से बने हुए और पत्रकारता का संरक्षण लिए हुए वह सिर्फ अधिकारियों के वर्जन फोन पर ही ले लेते हैं और वाइट भी उनके व्हाट्सएप पर पहुंच जाती है जिसमें अधिकारी सिर्फ अपनी वाहवाही करता है और ये चापलूस उनकी वाहवाही ही लूटना चाहते हैं क्योंकि उनके धंधे ही इसी से चल रहे हैं

## गेहूं-फिर बढ़ने की उम्मीद: उदय सुरेश भाई ठक्कर

कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के श्री उदय सुरेश भाई ठक्कर ने बताया दिसम्बर गेहूं में कल की आई मंदी के बाद बिकवाली बनी हुई है, जिस कारण लंबी तेजी की धारणा तो समाप्त हो गई है। हालांकि अगले बुधवार को फिर बिक्री का टेंडर होने वाला है, इन सब के बावजूद भी टेंडर में बिक्री काफी कम होने से प्रोसेसिंग के अनुरूप रोलर फ्लोर मिलों एवं आटा चक्कियों को गेहूं नहीं मिल रहा है, इस स्थिति में बाजार आगे तेज ही रहने की संभावना है। जब तक सरकार साप्ताहिक टेंडर बिक्री हेतु क्वांटिटी में वृद्धि नहीं करेगी, तब तक महंगाई नियंत्रित होना मुश्किल लग रहा है। अभी नया गेहूं आने में 4-5 महीने का समय बाकी है, इन परिस्थितियों को देखते हुए वर्तमान भाव में एक बार गेहूं की खरीद करना चाहिए।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 130 मामलों में 15 मामलो का निस्तारण।



निचलौल (महराजगंज)निचलौल तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा की मौजूदगी में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान कुल 130 मामले आये जिसमे 15 मामलों को तत्काल निस्तारित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अपने मातहतों से लंबित मामलों में तेजी से निबटाने एव वरासत के कार्य को तत्काल निबटाने का निर्देश दिया।ग्राम कोहडवल निवासी मुस्तफा ने डीएम से रास्ते के बिबाद के निस्तारण हेतु प्रार्थनापत्र दिया जिसको लेकर ग्राम सभा लेखपाल को रास्ते के बिबाद को निबटाने का आदेश दिया,वही ग्राम सेमरहना के ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर अवगत उनके ग्रामसभा के सिलिग की जमीन हैं,जिसके वितरण करने के नाम पर कुछ लोगो द्वारा भोलेभाले ग्रामीणो से धनादोहन किया जा रहा हैं, जिसको लेकर उनके खिलाफ कार्यवाई की मांग की है, डीएम ने मामले को संज्ञान में लेकर दो लोगो के विरुद्ध थानाध्यक्ष से मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया हैं।इस दौरान एसडीएम शैलेन्द्र गौतम,तहसीलदार राजेश श्रीवास्तव,खंड विकास अधिकारी शमा सिंह,आदि मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस मे तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण।

**केसरिया हिंदुस्तान, संगीता दीक्षित, बाराबंकी।**



बाराबंकी। तहसील सिरौली गौसपुर मे सम्पूर्ण समाधान दिवस पारिजात सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अ सुदन की अध्यक्षता एवं उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के संयोजन में हुआ जिसमें कुल 34 शिक़ायती प्रार्थना पत्र आए जिसमें 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है।शनिवार को तहसील के पारिजात सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी अ सुदन ने फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं शिकायतों का गुणवत्ता युक्त निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ग्राम इंटोरा के दुर्गा प्रसाद ने पूर्व लेखपाल पर आरोप लगाया कि उसकी जमीन में हेराफेरी करते हुए गलत नाम अंकित कर दिया है। जिसे खत्म कर खतौनी पर सही नाम दर्ज किया जाय। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में वन विभाग सहित कई विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों के न आने को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। तहसील दिवस में नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय, श्वेताभ सिंह, अवधेश कुमार, अदिति श्रीवास्तव, मोनिका पाठक, अभिषेक जे ई एम आई सिरौलीगौसपुर, डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्राइवेट दुकान पर खाद की बिक्री पर ले रहे हैं हाई-फाई दाम



कुठौंद जालौन। विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत ग्राम शेखपुर अहीर में प्राइवेट खाद के विक्रेता गोविंद गुप्ता के द्वारा खाद की बिक्री होने दामों में कर रहे हैं किसानों के कहने पर उनको अच्छी खासी फटकार लग रहे हैं यदि लेना हो तो लीजिए नहीं वरना और किसी भी जगह से आप खाद खरीद सकते हैं मेरे यहां जो रेट होगा वही रेट से आप लोगों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। खाद विक्रेता द्वारा यूरिया खाद की बोरी के दाम 370 रुपए तथा डीएपी खाद की बोरी के दाम 1750 रुपए के हिसाब से विक्रय की जा रही है। इसलिए किसानों ने समाचार पत्र के माध्यम से अपनी आपबीती बताई जिससे समाचार पत्रों में जनपद के बैठे उच्च अधिकारियों को अवगत करने के लिए खबर प्रकाशित की गई है। भारतीय किसान यूनियन (भानू )के जिला अध्यक्ष ज्ञानू सिंह तोमर ने भी किसानों की वकालत करते हुए खाद विक्रेता को आग्रह पूर्वक समझाया की उचित रेट में आप अपनी खाद की बिक्री करें ताकि गरीब किसानों का भी भला हो सके और उनके खेतों में फसल की उपज हो पाए। किसान गणों द्वारा इस समस्या की अपील करते हुए जिला अधिकारी महोदय से मांग है कि प्राइवेट खाद विक्रेता की जांच कर कर उचित रेट में हम किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए। और विक्रेता के ऊपर कानूनी कार्यवाही किए जाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाए।

## तहसील समाधान दिवस में 42 शिकायत दर्ज , 2 का निस्तारण।




नगीना।शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में डी,एम अंकित अग्रवाल ने संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों से तहसील समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिय ,इस अवसर बिभिन्न बिभागों की कुल 42 शिकायतें दर्ज हुई मौके पर कुल 2 शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका शेष 40 शिकायतें समय से गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेज दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर दत्त, ए.सी.एमओ राजेंद्र विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया , जिला कार्यक्रम अधिकारी , एस,डी,एम मांगे राम चौहान , तहसीलदार प्रभा सिंह , नायब तहसीलदार अजब सिंह ,बीडीओ मानवीर सिंह , पालिका ई,ओ संदीप सक्सैना , ड़ंड शिक्षाधिकारी इंद्रजीत सिंह , एसडीओ विधुत रामकेश सिंह सहित बिभिन्न विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त सर्किल के सभी थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न।




**केसरिया हिंदुस्तान,**
**संगीता दीक्षित, बाराबंकी।**

बाराबंकी। समेकित शिक्षा के अंतर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारी सिरौली गौसपुर संजय कुमार व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल के निर्देशन में पांच दिवसीय नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हुआ जिसके अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार भारती द्वारा दिव्यांगता के कारण, निवारण, प्रमुख एक्ट के साथ श्रवण बाधिता के विभिन्न आयामों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही ऐसे बच्चों के कक्ष प्रबंधन व शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर मुकेश बाजपेई, शिवम वर्मा, रमेश श्रीवास्तव ने दृष्टिबाधित व मानसिक मंदता के बारे में बहुत ही प्रभावी तरीके से बताया। नोडल टीचर्स की विभिन्न शैक्षिक और समर्थ एप से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। नोडल टीचर्स को किस प्रकार क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों की शैक्षिक और समायोजन के क्षेत्र में सकारात्मक भूमिका का निर्वाहन करना है जिससे दिव्यांग बच्चों की शैक्षिक और शारीरिक क्षमता को बेहतर स्वरूप प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर नोडल शिक्षक राज नारायन तिवारी,अमित श्रीवास्तव, सर्वजीत सिंह, अभिषेक तिवारी, अभिषेक सिंह, अपर्णा श्रीवास्तव, आलोक सिंह, संतोष सैनी सहित प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय जरही में मनाया गया वार्षिक उत्सव

## कार्यक्रम के मुख्यातिथि एसईसीएल महाप्रबंधक भटगांव ने विद्यालय में हुए टूट-फूट एवं नवीन कार्यों के लिए प्रस्ताव मंगाया



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**
**उदित ठाकुर**

सूरजपुर. जरही/स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जरही में प्रथम वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसईसीएल महाप्रबंधक भटगांव, विशिष्ट अतिथि कार्मिक प्रबंधक वी सी सेठी, पुरन राजवाड़े, अशोक गुप्ता, नारायण राजवाड़े सहित व स्कूल के प्राचार्या फिदा केरकेट्टा ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए सभी ब्लॉक मुख्यालयों में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय की शुरुआत की गई हैं। जिसका लाभ गरीब व निम्ड़न वर्ग के बच्ड़चों को भरपूर मिल रहा हैं। स्ड़कूल आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं और यहां शिक्षा उच्ड़च गुणवत्ड़ता वाली हैं। कोई देश कितना विकसित हैं। इसे परखने के तीन पैमाने हैं। स्वास्थ्य, आर्थिक खुशहाली और शिक्षा। शिक्षा में निवेश करने पर भविष्ड़य में इसका कई गुना लाभ प्राप्ड़त होता हैं। इसी तर्ज पर सरकार ने छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी स्कूल की शुरुआत की हैं। जिसका लाभ आने वाली अनेक पीढ़ियों को सुखद भविष्य के रूप में होगा। विशिष्ट अतिथि पुरन राजवाड़े के द्वारा घोषणा किया गया है कि आगामी वार्षिक परीक्षा में बोर्ड के विद्यार्थियों के द्वारा प्रदेश में और जिला में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर प्रदेश स्तर पर 21 हजार और जिला स्तर पर 21 सौ रुपए प्रत्येक विद्यार्थियों को मेरे द्वारा प्रदान किया जायेगा।स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जरही में प्रथम वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे - नृत्य, नाटक विधाओं का शानदार प्रदर्शन किया गया।वार्षिकोत्सव में उपस्थित एसएमडीसी अध्यक्ष विकेश जायसवाल से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, पहले अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए खूब सारा पैसा खर्च करना पड़ता था. हमारे राज्य के किसान, मजदूर अपने बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ाने का सोच भी नहीं पाते थे।